आश्विन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 08:40 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 अक्टूबर 2024
वर्ष 3, अंक 56, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर — एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको 16 | परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी 15

# भारत और कनाडा के बीच बढ़ा विवाद ट्रूडो के आरोपों को किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी



- कनाडाई विदेश मंत्री ने कहा- भारत पर लगा सकते हैं प्रतिबंध सभी विकल्प विचाराधीन

सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद मंगलवार को और गहरा गया जहां ओटावा ने अपने यहां गुप्त अभियान चलाने में बिश्नोई गिरोह के तार भारत सरकार के एजेंटों से जोड़ने का प्रयास किया तो वहीं नई दिल्ली ने आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

दोनों देशों में तनाव बढ़ने के बीच कनाडा की विदेश मंत्री मेलानी जोली ने भारत के खिलाफ पाबंदी लगाने की संभावना को खारिज नहीं किया और कहा कि सभी विकल्प विचाराधीन हैं। भारत ने कनाडा में आपराधिक गिरोहों से भारतीय एजेंटों को जोड़ने के कनाडाई अधिकारियों के प्रयासों को पुरजोर तरीके से खारिज कर दिया। ओटावा का यह दावा सच नहीं है कि उसने निज्जर मामले में नई दिल्ली के साथ साक्ष्य साझा किए थे। सूत्रों ने कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के इन आरोपों को भी खारिज कर दिया कि भारत, कनाडा में कनाडाई नागरिकों को निशाना बनाते हुए गुप्त अभियान सहित कई गतिविधियों में संलिप्त था।

### निज्जर की हत्या के बाद संबंधों में आई खटास

पिछले साल सितंबर में प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी चरमपंथी निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था। निज्जर की पिछले साल जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

# वैश्विक स्तर पर डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए बनाए जाएं नियम

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। उन्होंने कहा कि आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

प्रधानमंत्री ने यहां अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि जिस तरह विमानन क्षेत्र के लिए वैश्विक समुदाय ने एक व्यापक रूपरेखा तैयार की है, उसी तरह डिजिटल दुनिया को भी नियमों



नई दिल्ली में आईटीयू विश्व दूरसंचार मानकीकरण असेंबली में प्रधानमंत्री मोदी।

तथा विनियमों की आवश्यकता है। वैश्विक संस्थाओं को एक साथ मिलकर यह तय करना चाहिए कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। मोदी ने कहा समय आ गया है जब वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा। डिजिटल नियम केवल इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं क्योंकि उनमें व्यक्तिगत गोपनीयता, मीडिया में गलत सूचना, प्रौद्योगिकी दिग्गजों की जवाबदेही और सामाजिक महत्व के अन्य मुद्दे शामिल हैं, बल्कि इसलिए भी क्योंकि वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार डेटा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवाह पर निर्भर करता है।

### कोई भी समुदाय डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे

मोदी ने कहा कि संघर्षों से त्रस्त दुनिया में आम सहमति और संपर्क की आवश्यकता है और भारत दुनिया को संघर्ष से बाहर निकालने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा चाहे वह प्राचीन रेशम मार्ग हो या आज का प्रौद्योगिकी मार्ग, भारत का एकमात्र मिशन दुनिया को जोड़ना और प्रगति के नए द्वार खोलना है। प्रधानमंत्री ने नयी दिल्ली के भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ – विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर एक प्रदर्शनी को भी देखा। मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोई भी देश, कोई भी क्षेत्र और कोई भी समुदाय इस डिजिटल परिवर्तन में पीछे न छूटे।

## एक नजर

### पूर्व सांसद नवनीत राणा को मिली धमकी, 10 करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग



अमरावती (महाराष्ट्र)। भाजपा नेता और महाराष्ट्र की पूर्व सांसद नवनीत राणा को एक धमकी भरी चिट्ठी मिली है जिसमें 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि अमरावती की पूर्व सांसद को आमिर नामक व्यक्ति ने स्पीड पोस्ट के जरिये पत्र भेजा है। राणा के निजी सचिव विनोद गुहे ने अमरावती के राजापेठ पुलिस थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है।

### वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगी प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने प्रियंका गांधी वाड्रा को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बनाने की औपचारिक घोषणा कर दी है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी है। प्रियंका पहले ही वहां से चुनाव लड़ने की मंशा जता चुकी हैं। प्रियंका वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले सक्रिय राजनीति में उतरी थीं। उसके बाद से वह पार्टी महासचिव की जिम्मेदारी निभा रही हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा वायनाड लोकसभा उपचुनाव की घोषणा के तुरंत बाद कांग्रेस ने प्रियंका गांधी की उम्मीदवारी वाली सूची जारी की।

# महाराष्ट्र में 1 व झारखंड में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव, 15 राज्यों में उपचुनाव

## मतदान के लिए तिथियां घोषित, दोनों राज्यों में मतों की गिनती 23 नवंबर को

- झारखंड में 13 और 20 को तो महाराष्ट्र में 20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया। इसके तहत महाराष्ट्र में एक चरण में 20 नवंबर को जबकि झारखंड में दो चरणों में 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। दोनों राज्यों में मतगणना 23 नवंबर को होगी। इसी के साथ दोनों राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने 15 राज्यों की 48 विधानसभा सीट तथा दो लोकसभा क्षेत्रों वायनाड और नांदेड़ के लिए उपचुनाव की भी घोषणा की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्टूबर होगी। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र चार नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा महाराष्ट्र में 9.63 करोड़ योग्य मतदाता हैं जबकि झारखंड में यह संख्या 2.6 करोड़ है। कुमार ने कहा कि महाराष्ट्र में कुल 1,00186 मतदान केंद्रों पर 20 नवंबर को मतदान होगा 23 नवंबर को मतगणना होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि पूर्वी भारत के जनजातीय बहुल राज्य झारखंड में दो चरणों में क्रमशः 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा।





मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार व सुखबीर सिंह संधू चुनाव संबंधी जानकारी देते हुए।

### एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन जरूरी, ईवीएम पूरी तरह सुरक्षित

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि एक्जिट पोल पर आत्मचिंतन तथा जिम्मेदारी से काम करने की जरूरत है और ईवीएम को लेकर जो सवाल उठते हैं वे आधारहीन हैं, ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि एक्जिट पोल का कोई मतलब नहीं है और मतगणना के दिन जो रुझान मतगणना आरंभ होने के साथ ही आने शुरू होते हैं वे एक्जिट पोल को सही ठहराने का प्रयास है। उनका कहना था कि हाल के चुनाव में जो रुझान टीवी चैनलों ने शुरू में दिये वे पूरी तरह से आधारहीन थे।

### उप्र में नौ सीटों पर होंगे विधानसभा उपचुनाव

लखनऊ। भारत निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को प्रदेश में विधानसभा की खाली चल रही 10 सीटों मे से नौ सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके तहत 18 अक्टूबर से नामांकन शुरू होंगे, जबकि 13 नवंबर को मतदान होगा। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव का प्रकरण हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण इस सीट के लिए उपचुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट, मुरादाबाद की कुंदरकी, गाजियाबाद जिले की गाजियाबाद, अलीगढ़ की खैर (अजा), मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, अंबेडकरनगर की कटेहरी व मिर्जापुर की मझवां सीटों पर उपचुनाव कराए जाएंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने बताया कि 18 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन शुरू होंगे। नामांकन की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। इन सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 23 नवंबर को की जाएगी। 25 नवंबर के पहले निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

# योगी से मिला बहराइच हिंसा में मारे गए युवक का परिवार



लखनऊ में पीड़ित के परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

संवाददाता, बहराइच

- परिजनों को आवास और 10 लाख रुपये देने के साथ योगी ने कहा, दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा

**अमृत विचार:** बहराइच में बीते दिनों हुई घटना में मृत रामगोपाल मिश्र के परिजनों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने घटना पर शोक जताया और परिजनों को आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की तुरंत आर्थिक सहायता देने के साथ आवास, शौचालय व आयुष्मान समेत सरकार की सभी योजनाओं से आच्छादित कराने के लिए भी निर्देशित किया।

मृतक रामगोपाल मिश्र के पिता, माता, पत्नी व भाई मंगलवार को महसी विधायक सुरेश्वर सिंह के साथ मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पहुंचे थे। योगी से मिलने के बाद मृतक रामगोपाल के भाई किशन ने कहा कि हमें मुख्यमंत्री से वह सब कुछ मिला है, जिसकी हमें जरूरत थी। पूरे परिवार को यह भरोसा है कि हमें न्याय मिलेगा। रामगोपाल के चचेरे भाई किशन मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। योगी आदित्यनाथ ने भी इस संबंध में अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि प्रकरण घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री कार्यालय से जिलाधिकारी मोनिका रानी को फोन आया। मुख्यमंत्री की ओर से प्राप्त 10 लाख रुपये में पांच लाख रुपये माता-पिता के नाम और पांच लाख रुपये पत्नी के नाम की चेक से मिलेगी। चेक लेकर खंड विकास अधिकारी और जिला विकास अधिकारी गांव पहुंचे। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि 10 लाख की आर्थिक सहायता और एक मुख्यमंत्री आवास मिला है। अन्य मांग भी पूरी होगी।

# खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट मिलना संज्ञेय अपराध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा, सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं में विश्वास बनाए रखने के लिए जरूरी है सख्ती
- पहचान छिपाकर खाद्य सामग्रियों व पेय पदार्थ में मानव अपशिष्ट व मिलावट रोकने को शीघ्र बनाया जाएगा नया कानून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, स्ट्रीट वेंडर से जुड़ी इन गतिविधियों के संबंध में सुस्पष्ट कानून तैयार करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कारावास और अर्थदंड की सजा सुनिश्चित होनी चाहिए। ऐसे अपराध को संज्ञेय और अजमानतीय मानते हुए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। खाद्य पदार्थों की पवित्रता सुनिश्चित करने के साथ सार्वजनिक व्यवस्था के बारे में उपभोक्ताओं में विश्वास बनाए रखने का महत्व समझते हुए कठोर कानून बनाया जाना आवश्यक है। नियम का पालन न करने वालों की जगह जेल होगी।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर एक बैठक में हाल के दिनों में घटित जूस, दाल और रोटी जैसी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट, अखाद्य अथवा गंदी चीजों की मिलावट की घटनाओं पर स्थायी रोक लगाने के लिए प्रस्तावित नए कानून पर विमर्श किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसी घटनाएं वीभत्स हैं और आम आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली हैं। यह सामाजिक सौहार्द पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। ऐसे कुत्सित प्रयास कतई स्वीकार नहीं किया जा सकते।

मुख्यमंत्री के अनुसार, हर उपभोक्ता को यह अधिकार हो कि वह खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रेता तथा सेवा प्रदाताओं के बारे में आवश्यक जानकारी रख सके। इसके लिए विक्रेता द्वारा प्रतिष्ठान पर साइनबोर्ड लगाना अनिवार्य हो। खाद्य प्रतिष्ठान में काम करने वाले सभी कार्मिकों को पहचान पत्र धारण करना अनिवार्य हो। छद्म नाम रखने, गलत जानकारी देने वालों के विरुद्ध कठोरतम सजा का प्रावधान होना चाहिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि उसके प्रतिष्ठान में कोई भी खाद्य-सामग्री दूषित न हो। खाद्य प्रतिष्ठानों के रसोईघर एवं भोजन कक्ष में सतत निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य हो, जिसकी न्यूनतम एक माह की फुटेज जिला प्रशासन द्वारा मांगे जाने पर हर समय उपलब्ध कराई जाए।

## अदालतें एफआईआर रद करने से पहले जांच सामग्री पर करें गौर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब प्राथमिकी में किसी आरोपी पर बेईमानी का आरोप लगाया जाता है और सामग्री में संज्ञेय अपराध का पता चलता है तो प्राथमिकी को रद करके जांच को विफल नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि किसी आपराधिक कार्यवाही या प्राथमिकी को शुरुआत में ही रद कर दिया जाना चाहिए या नहीं, इस पर निर्णय लेते समय जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्रियों सहित प्राथमिकी में लगाए आरोपों पर गौर किया जाना चाहिए ताकि यह तय किया जा सके कि प्रथम दृष्टया आरोपी के खिलाफ जांच के लिए मामला बनता है या नहीं।

# सनातन धर्म अपनाया तो नाम आरिफ क्यों

विधि संवाददाता, लखनऊ

- हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका खारिज



- कथित शादी के 15 साल बाद दर्ज हुआ है मामला

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने धर्म छिपाकर शादी करने तथा दुराचार करने के आरोप में दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया है।

मामले के अभियुक्त व तथाकथित पति का कहना था कि उसने 15 साल पहले वर्ष 2009 में इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया था, जिसके पश्चात पीड़िता से आर्य समाज मंदिर में विवाह किया था। हालांकि कोर्ट ने पाया कि याचिका के साथ दाखिल अभियुक्त के आधार कार्ड पर आरिफ हुसैन नाम लिखा हुआ है। इस पर कोर्ट ने अभियुक्त के अधिवक्ता से पूछा कि यदि उसने सनातन धर्म अपना लिया है तो उसका नाम अब भी आरिफ हुसैन क्यों है? अभियुक्त के अधिवक्ता द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर न दे पाने पर कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। साथ ही पुलिस को यह भी स्वतंत्रता दी है कि वह इस बिंदु की भी जांच करे कि क्या अभियुक्त ने आरिफ हुसैन के नाम से आधार कार्ड बनवाकर कोई अन्य अपराध भी कारित किया है? क्योंकि वह वर्ष 2009 में ही धर्म परिवर्तन कर चुका था। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की बेंच ने आरिफ हुसैन उर्फ सोनू सिंह व अन्य की याचिका पर पारित किया है।

याचियों की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में 9 सितंबर 2024 को दर्ज हुई मामले की एफआईआर को चुनौती देते हुए दलील दी गई कि याची संख्या एक व पीड़िता का विवाह 24 जनवरी 2009 को आर्य समाज मंदिर अलीगंज में संपन्न हुआ था।

# बम की धमकी पर उड़ान को कनाडा की ओर मोड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली से शिकागो जा रहे एअर इंडिया के एक विमान को मंगलवार को बम की धमकी के बाद कनाडा के एक हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया।

एअरलाइन ने एक बयान में कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान संख्या एआई 127 ऑनलाइन पोस्ट की गई सुरक्षा धमकी के बाद एहतियात के तौर पर कनाडा के इकालुइट हवाई अड्डे पर उतरी गई है। निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार विमान और यात्रियों की फिर से जांच गई। एअर इंडिया ने यात्रा फिर से शुरू होने तक यात्रियों की सहायता के लिए हवाई अड्डे पर एजेंसियों को सक्रिय कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि इस उड़ान में बम रखे होने की धमकी मिली थी।

### जयपुर से अयोध्या आ रहे विमान में बम की सूचना

अयोध्या: जयपुर से अयोध्या मंगलवार को आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया। विमान में 139 यात्री सवार थे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम स्क्वायड की टीम ने करीब ढाई घंटे तक जांच पड़ताल की। कुछ यात्रियों की तबीयत बिगड़ने की भी सूचना है। सब कुछ ठीक-ठाक मिलने के बाद यात्रियों को एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया।

## रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास पीजीआई में भर्ती

**अयोध्या।** राम मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के पीजीआई में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों की टीम जांच कर रही है। उनके शिष्य प्रदीप दास ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने फोन पर हालचाल लेते हुए पीजीआई के निदेशक को बेहतर इलाज का निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बीते कई दिनों से उन्हें खड़ा होने के लिए सहारे की जरूरत पड़ रही थी। दो दिन से कमर के नीचे दिक्कत बढ़ गई।



# इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री, नौ साल में पहली यात्रा

## जयशंकर एससीओ बैठक में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व, अधिकारियों ने नूर खान एयरबेस पर स्वागत किया

इस्लामाबाद, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक सम्मेलन में शामिल होने के लिए मंगलवार को इस्लामाबाद पहुंचे। यह दोनों पड़ोसी देशों के तनावपूर्ण संबंधों के बीच पिछले करीब एक दशक में किसी वरिष्ठ भारतीय मंत्री की पहली पाकिस्तान यात्रा है।

जयशंकर का विमान स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे पाकिस्तान की राजधानी के बाहरी इलाके में स्थित नूर खान हवाई अड्डे पर उतरा और पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।





इस्लामाबाद पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर का स्वागत करते पाकिस्तानी अधिकारी।

पिछले करीब नौ साल में पहली बार भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान की यात्रा की है। दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंध कश्मीर मुद्दे पर और पाकिस्तान से सीमापार आतंकवाद को लेकर तनावपूर्ण रहे हैं।

विदेश मंत्री बुधवार को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद पहुंचा हूं। जयशंकर ने हवाई अड्डे पर फूल देकर उनका स्वागत करते कुछ बच्चों और अधिकारियों की तस्वीरें साझा कीं। इससे पहले विदेश मंत्री के रूप में सुषमा स्वराज ने पाकिस्तान की यात्रा की थी। वह दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर हार्ट ऑफ एशिया सम्मेलन में शामिल होने के लिए इस्लामाबाद की यात्रा पर आयी थीं। उस समय जयशंकर भारत के विदेश सचिव के नाते सुषमा स्वराज के शिष्टमंडल का हिस्सा थे।

### कई देशों के प्रधानमंत्री होंगे शामिल

सम्मेलन में चीन, रूस, बेलारुस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान की ओर से उनके प्रधानमंत्री शामिल होंगे, वहीं ईरान का प्रतिनिधित्व प्रथम उप राष्ट्रपति करेंगे। फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत के युद्धक विमानों ने पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बमबारी की थी, जिसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में गंभीर तनाव आ गया था। भारत सरकार द्वारा 5 अगस्त, 2019 को जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त किए जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किए जाने की घोषणा के बाद दोनों देशों के संबंध और खराब हो गए।

# भाजपा के लिए नाक का सवाल है सीट

## 22 साल से कमल खिलाने की छटपटाहट, 3 बार से सपा फहरा रही विजय पताका




विशेष संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में पिछले 22 वर्षों से कमल खिलाने की छटपटाहट लिए भाजपा ने इस बार उपचुनाव में जीत हासिल करने के लिए कमर कस रखी है। भाजपा यहां कभी ब्राह्मण तो कभी वैश्य प्रत्याशी पर दांव लगाती रही, लेकिन मोदी लहर में भी विजय पताका नहीं फहरा सकी। सपा ने उपचुनाव में पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस गठबंधन के तहत सपा को समर्थन देगी, इसकी पूरी उम्मीद है। भाजपा अपना प्रत्याशी गुरुवार तक घोषित कर सकती है।

2012 में परिसीमन के बाद सीसामऊ सुरक्षित सीट से सामान्य श्रेणी में आ गई थी। इसके बाद बदली डेमोग्राफी में मुस्लिम बहुल सीट होने का लाभ सपा उठाती रही है। आर्यनगर से सपा विधायक रहे इरफान सोलंकी 2012 में सीट बदलकर सीसामऊ आ गए थे। सीसामऊ में 2.71 लाख मतदाता हैं। उपचुनाव में सपा ने पीडीए को अपनी जीत का आधार बनाया है। यह समीकरण पिछले लोकसभा चुनाव में कारगर साबित हुआ था। मुस्लिम के बाद दलित और ब्राह्मण वोट यहां निर्णायक माना जाता है। ऐसे में भाजपा का फोकस 1.60 लाख गैर मुस्लिम वोटरों के ध्रुवीकरण पर है।



### किस जाति-वर्ग के कितने अनुमानित वोट

| | |
|---|---|
| मुसलमान | 1.10 लाख |
| ब्राह्मण | 55 हजार |
| दलित | 58 हजार |
| कायस्थ | 24 हजार |
| सिंधी, पंजाबी | 06 हजार |
| क्षत्रिय | 06 हजार |
| ओबीसी | 12,000 |

### 5 दशक का इतिहास

| | | |
|---|---|---|
| 1974 | शिवलाल वाल्मीकि | कांग्रेस |
| 1977 | मोती राम एडवोकेट | जनता पार्टी |
| 1980 व 85 | कमला दरियाबादी | कांग्रेस |
| 1989 | शिवकुमार बेरिया | जनता दल |
| 1991,93 व 96 | राकेश सोनकर | भाजपा |
| 2002 और 07 | संजीव दरियावादी | कांग्रेस |
| 2012, 17 व 22 | इरफान सोलंकी | सपा |

### भाजपा महिला या दलित पर लगा सकती है दांव

- सपा की नसीम सोलंकी के मुकाबले भाजपा भी किसी महिला प्रत्याशी को उतार सकती है। नीतू सिंह का नाम भी चर्चा में है। दलितों में पूर्व विधायक मोतीराम एडवोकेट के पुत्र संजय जाटव एडवोकेट का नाम भी चर्चा में है। ब्राह्मण प्रत्याशियों की लंबी सूची है। बीते डेढ़ माह से भाजपा नेताओं ने सीसामऊ क्षेत्र में सघन संपर्क किया है। मंत्रियों और बड़े नेताओं तक ने गली-गली वोट मांगे हैं।

### आचार संहिता लगते ही हटने लगे पोस्टर-बैनर

- **कानपुर।** सीसामऊ उपचुनाव को लेकर आचार संहिता प्रभावी होते ही नगर निगम ने पोस्टर-बैनर हटाने का काम विधानसभा में शुरू कर दिया है। मंगलवार को पहले दिन नगर निगम की 3 टीमों ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में 500 से अधिक राजनैतिक पोस्टर और बैनर हटाये। नगर निगम विज्ञापन प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टर-बैनर, होर्डिंग हटाने के लिए 3 टीमों को लगाया गया है। अब नए विकास कार्यों के शिलान्यास और लोकार्पण के साथ ही टेंडर भी नहीं खोले जा सकेंगे।

## 18 से 25 तक नामांकन, 13 नवंबर को मतदान

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा सीट पर पहली बार उपचुनाव होने जा रहा है।

चुनाव आयोग की घोषणा के बाद आचार संहिता लागू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि 18 से 25 अक्टूबर तक नामांकन होगा। नामांकन पत्र एसीएम-3 के न्यायालय में जमा होंगे। 28 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 30 अक्टूबर तक प्रत्याशी नाम वापसी कर सकते हैं।

**2.71** लाख मतदाता डालेंगे वोट

**23** नवंबर को आएगा परिणाम

इस सीट पर 13 नवंबर को वोट पड़ेंगे। 23 नवंबर को मतगणना होगी। लोकसभा चुनाव के समय जारी मतदाता सूची के अनुसार सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में 2,71,411 मतदाता हैं, जो उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।



भन्नानापुरवा में आयोजित चौपाल में सांसद रमेश अवस्थी का सम्मानित करते स्थानीय लोग। अमृत विचार

# मलिन बस्तियों का प्राथमिकता के आधार पर सुंदरीकरण: अवस्थी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसामऊ विधानसभा के भन्नानापुरवा क्षेत्र में सांसद रमेश अवस्थी की जनचौपाल

**अमृत विचार।** मलिन बस्तियों का भी कायाकल्प होगा। रोजगार के साधन सृजित होंगे। प्राथमिकता से बस्तियों की एक-एक समस्या दूर की जाएगी। यह बात मंगलवार को सीसामऊ विधानसभा के वार्ड 32 भन्ननापुरवा क्षेत्र में आयोजित आपका सांसद आपके द्वार चौपाल में सांसद रमेश अवस्थी ने कही। चौपाल में मौजूद नगर निगम, जलकल, समाज कल्याण, केस्को, पुलिस प्रशासन, राशनिंग आदि विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बस्तियों के कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराएं।

चौपाल में मौजूद युवा, महिला, पुरुषों ने रमेश अवस्थी को एक-एक समस्या को बिंदुवार बताया। जिसपर रमेश अवस्थी ने कहा कि बस्ती के सर्वांगीण विकास के लिए जो कुछ भी करना पड़ेगा, करेंगे।

इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वार्ता भी की है। चौपाल में कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी, मंडल अध्यक्ष गौरव पांडे, कमल तिवारी, बूथ अध्यक्ष पुष्कर निगम, कपिल गुप्ता, धीरज मोहन पांडे, अजय भदौरिया, सूरज मिश्रा, देवांग शर्मा, अनंत मिश्रा रहे।

# रामदाना में मिले चूहे के बाल, सिंघाड़ा भी खराब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सैंपलिंग व सीजिंग की कार्रवाई ठीक है: खाद्य सुरक्षा आयुक्त
- भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** किसानों से खरीदे गए कृषि उत्पादों की सैंपलिंग व सीजिंग की कार्रवाई का विरोध करते हुए मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ने व्यापारियों के साथ खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय को ज्ञापन सौंपा। कोल्ड स्टोरेज में रखे उत्पादों की सैंपलिंग दायरे से बाहर होकर करने का आरोप लगाया। इस पर खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय ने कहा कि कार्रवाई दायरे में रहकर की गई हैं। सिंघाड़ा में लम्स व रामदाना में चूहे के बाल पाए गए हैं। इस पर व्यापारियों ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज के फेल सैंपल की दोबारा जांच के लिए अपील की जाएगी।

कोल्ड स्टोरेज में रखे कृषि उत्पादों की सैंपलिंग व सीज करने की कार्रवाई के विरोध व त्योहार पर व्यापारियों, उद्यमियों को जांच के नाम पर परेशान करने वाले अधिकारियो की जांच की मांग लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग पहुंचे व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय संजय प्रताप सिंह से वार्ता की और चार सूत्री ज्ञापन सौंपा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र, महानगर अध्यक्ष गुरुजिंदर सिंह, प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, महानगर युवा अध्यक्ष आशीष मिश्र व दक्षिण अध्यक्ष कमल त्रिपाठी ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज में जांच व सैंपलिंग दायरे से बाहर की गई हैं। माल को रिलीज किया जाए। इस पर खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय ने कहा कि सभी जांच व सैंपलिंग दायरे में रहकर हुई हैं। मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ने कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सैंपलिंग के नाम पर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहा है। इस मौके पर महानगर महामंत्री राजकुमार भगतानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय गुप्ता राजू व अब्दुल वहीद, युवा महामंत्री मनोज विश्वकर्मा, टास्क फोर्स संयोजक पवन गौड़, उपाध्यक्ष अनुराग साहू, विनोद शुक्ला, आशीष त्रिपाठी, मोहित तिवारी, कुंज बिहारी गुप्ता, शंकर लाल राठौर आदि रहे।



खाद्य सुरक्षा आयुक्त द्वितीय संजय प्रताप सिंह को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

# पटाखों से भरा लोडर कोहना में पकड़ा गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गंगाबैराज पर चेकिंग के दौरान मिली सफलता
- पुलिस ने जब्त किए पटाखे, आरोपी पर रिपोर्ट

**अमृत विचार।** कोहना पुलिस ने चेकिंग के दौरान पटाखों से भरा लोडर पकड़ा। पुलिस ने लोडर चालक से पटाखे का लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा पाया। जिस पर उसे गिरफ्तार कर पटाखों समेत लोडर को कब्जे में ले लिया गया। पुलिस ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोहना के उपनिरीक्षक गौरव चौधरी ने बताया कि सोमवार शाम चेकिंग के दौरान सूचना मिली कि गंगाबैराज से हरे रंग का लोडर अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री लेकर कर्बला होते हुए नवाबगंज की ओर जा रहा है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान लोडर को रोका तो पीछे भारी मात्रा में पटाखा सामग्री लदी हुई मिली।

चालक ने अपना नाम उन्नाव के माखी के थानागांव निवासी आबिद अली बताया। चालक ने बताया वह लाइसेंस लेकर पटाखा बेच रहे व्यापारियों को उन्नाव से पटाखे लाकर बेचता है। कोहना थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया पटाखे जब्त कर चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

## सार-संक्षेप



ई बस स्टाफ को सम्मानित करते केसीटीएल के एमडी अनिल कुमार। अमृत विचार

### जहानाबाद के लिए एसी ई-बसें शुरू

**कानपुर।** शहरवासियों के लिए खुशखबरी है। रामादेवी चौराहा से साढ़ होते हुए जहानाबाद के लिए हर आधे घंटे में एसी ई बसों का संचालन शुरु हो गया है। इन बसों को कानपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सविर्सेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंगलवार को ई बस डिपो के संचालन प्रबंधक एवं प्रभारी अभिनव निगम की मौजूदगी में नारियल फोड़कर बसों को जहानाबाद के लिए रवाना किया गया। सात ई बसें जहानाबाद के लिए चलीं और तीन गाड़ियां भीतरगांव के लिए चलाई गईं। इस मौके पर साढ़ के प्रधान जगदीश प्रसाद, अमौर के प्रधान शैलेंद्र सिंह एवं समाजसेवी बलवीर सिंह आदि ने कहा कि इन बसों से कानपुर से जहानाबाद आना-जाना अब बहुत आसान हो गया है। गजेंद्र तिवारी, आरके सिंह, शैलेंद्र सिंह, हरीश नारायन, सुनील गौतम, पीके शर्मा और मयंक दीक्षित आदि मौजूद रहे।



दिवाली हाट के बारे में जानकारी देतीं आयोजक। अमृत विचार

### दिवाली हाट 17 को रंगोली गेस्ट हाउस में

**कानपुर।** भारती महिला उद्यमी परिषद हर वर्ष की तरह इस बार भी दिवाली हाट आर्ट फिएस्टा 2024 का आयोजन करेगी। रंगोली गेस्ट हाउस लाजपत नगर में 17 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक लगने वाले दिवाली हाट में 50 स्टॉल लगेंगे। महिला उद्यमी परिषद की गैंजेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष शशी ठाकुर ने बताया कि यह हमारा 35वां हाट है। जिसमें डिजाइनर कपड़े, डिजाइनर कैंडिल्स, फैशन ज्वैलरी, ऑर्टिफिशियल फ्लावर समेत अनेक आकर्षक समान उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि हर घंटे एक लकी ड्रा निकलेगा जिसमें आकर्षक उपहार दिये जायेंगे। प्रेस वार्ता में लता यादव, डॉ. रचना शर्मा, पूनम रानी, डॉ. जया राजपूत, मधू सिंह, मंजू निगम, डॉ. शारदा शर्मा, राधिका शुक्ला आदि मौजूद रहीं।

### छात्रों में प्रोत्साहित की उद्यमशीलता की भावना

**कानपुर।** सीएसजेएम आईएफ और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के सहयोग से मंगलवार को नवाचार उद्यमिता और स्टार्टअप इकोसिस्टम के निर्माण पर जागरुकता सत्र का आयोजन हुआ। सत्र का उद्देश्य पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के छात्रों में उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना था। वक्ता डॉ. श्वेता पाण्डेय और शैलेंद्र यादव ने कुछ सफल स्टार्टअप कहानियों को उजागर किया ताकि छात्रों को उद्यमशीलता प्रक्रिया और समाज पर नवाचार के प्रभाव के बारे में जानकारी दी जा सके। विश्वविद्यालय के एमसीए के छात्र आयुष ने अपने स्टार्टअप ऑटोक्लिक प्राइवेट लिमिटेड की यात्रा साझा की। विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव, डॉ. रवि शुक्ला, स्मिता गुप्ता, दीपमाला निगम व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# भगोड़ा घोषित विवेक पांडेय ने किया सरेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीजेएम कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा
- मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की जमीन पर कब्जे का मामला

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस में मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की एक हजार करोड़ रुपये की जमीन पर कब्जे के प्रयास के फरार आरोपी ने मंगलवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में सरेंडर कर दिया। कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित करते हुए कुर्की की कार्रवाई के लिए उसके घर नोटिस चस्पा किया था।

इस मामले में स्वर्ण जयंती विहार निवासी विवेक कुमार पांडेय उर्फ सोनू का नाम पुलिस ने विवेचना में शामिल किया था। उसकी गिरफ्तारी न होने पर कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई थी। विवेक के अधिवक्ता कपिलदीप सचान ने बताया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में मंगलवार को सरेंडर की अर्जी दी गई। पुलिस ने कोर्ट में आख्या दी कि मुकदमे में उसका नाम प्रकाश में आया है। इसमें वह वांछित चल रहा है। इसके बाद न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया। अधिवक्ता ने बताया कि पहले विवेक की अग्रिम जमानत के लिए उच्च्च न्यायालय में अर्जी लगाई गई थी। इस मामले में पुलिस कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित, जितेश झा, राहुल वर्मा, अली अब्बास, विक्की चार्ल्स, मोहित बाजपेई, नौरिस एरियल, कमला एरियल, अभिषेक एरियल, अपर्णा एरियल, संदीप शुक्ला को जेल भेज चुकी है।

## महिला ने फंदा लगाकर दी जान

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में मंगलवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना देकर पति को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया है।

मूलरूप से हरदोई के हरपालपुर अरोली निवासी पिकअप चालक मनीष कुमार की शादी छह वर्ष पहले उन्नाव के अजगैन नाना टिकर निवासी 23 साल की सलोनी से हुई थी। जिससे यश और शिवांश दो बेटे हैं। मनीष ने बताया कि दो महीने पहले ही वह सफीपुर-प्रथम निवासी रामनरेश के मकान में किराए पर रहने आया था। मंगलवार दोपहर सलोनी ने फंदा लगाकर जान दे दी। मकान मालिक ने देखा। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।

# पर्सनल लॉ बोर्ड ने एकजुटता के लिए उतारी उलेमाओं की टीम

कवायद

जमीर सिद्दीकी, कानपुर

- इस्लाम की खूबियां बताकर मुसलमानों को एक प्लेटफार्म पर लाने की मुहिम
- प्रमुख उलेमाओं ने वक्फ संशोधन बिल समेत अन्य मुद्दों पर जारी किए वीडियो

**अमृत विचार।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ मुहिम में 6 करोड़ मुसलमानों का समर्थन मिलना बड़ी सफलता मान रहा है। अब बोर्ड को लग रहा है कि अगर कोशिश की जाए तो मसलकों को भुलाकर अपने हक के लिए मुसलमान आसानी से एक प्लेटफार्म पर आ सकते हैं। इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए बोर्ड ने दर्जनों उलेमा को मैदान में उतार दिया है, जो अपने वीडियो जारी करके मुसलमानों को एक धागे में पिरोने की कोशिश कर रहे हैं।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी के अलावा मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दी, मौलाना सैयद जलालुद्दीन उमरी, मौलाना उबैद उल्लाह आजमी, सैयद सआदत उल्लाह हुसैनी, डॉक्टर सैयद कासिम रसूल इलियास, मौलाना अबू तालिब रहमानी, डॉक्टर मोहम्मद यासीन कासमी और डॉक्टर वकार उद्दीन कासमी के वीडियो में इस्लाम के बारे में पूरी जानकारी देकर बताया जा रहा है कि अगर मुसलमान मसलकों को भुलाकर एक नहीं होंगे तो इससे बड़ा नुकसान होगा। देश में सबसे बड़ी तंजीम ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड है, इसलिए उसके बैनर तले सब एक हो जाएं। अभी तक मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जनता के बीच जाने के बजाए अपनी बैठकें करता था और किसी शरई मामले में आने वाली परेशानियों से कैसे निपटना है, इस पर रणनीति तय करता था लेकिन यह पहली बार है, जब बोर्ड ने अपनी गतिविधियों को मुसलमानों तक पहुंचाने के लिए नामवर उलेमा को कमान सौंपी है। ये उलेमा मुसलमानों को वक्फ संशोधन बिल के साथ अन्य मसलों से होने वाली दिक्कतें बताकर एक प्लेटफार्म पर आने की अपील कर रहे हैं।

विकास — दीप तिराहे से सोटे बाबा मन्दिर व बगिया क्रासिंग से केसा आफिस तक बननी है सड़क

# सीएम ग्रिड की दो सड़कें बनाने का काम आगे बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महापौर ने नगर निगम व यूरिडा के अधिकारियों के साथ किया शिलान्यास

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्टक्चर डेवलपमेन्ट शहरी योजना (सीएम ग्रिड) के तहत पांच सड़कों का निर्माण होना है। महापौर प्रमिला पांडेय ने नगर आयुक्त सुधीर कुमार और यूरिडा के अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार दो सड़कों का हवन-पूजन करके शिलान्यास किया। 31.18 करोड़ रुपये से बनने वाली दोनों सड़कें कुल 3492 मीटर लंबी हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह पहली बार होगा जब शहर के अंदर हाईवे की तरह सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

योजना के तहत बाबाकुटी चौराहा से सोटे वाले बाबा मन्दिर होते हुए अलंकार गेस्ट हाउस तक 20.18 करोड़ लागत से 2342 मीटर लंबी और बगिया क्रासिंग कल्याणपुर से केसा आफिस केशवपुरम तक 11 करोड़ की लागत से 1150 मीटर लम्बी सड़कें बननी हैं। इन दोनों का शिलान्यास महापौर प्रमिला पांडेय ने किया। नगर निगम कानपुर को गृह कर एवं नामान्तरण में लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली करने पर 200 करोड़ की धनराशि पुरस्कार के रूप में मिली है, पुरस्कृत धन मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्टक्चर डेवलपमेन्ट शहरी (सीएम ग्रिड) के तहत नगर निगम कानपुर को मिला है।

वर्तमान में सीएम ग्रिड के अन्तर्गत 100 करोड़ की धनराशि मिल गई है, जिससे अत्याधुनिक सड़कों का निर्माण कार्य कराया जाना शुरू हो गया है। शिलान्यास कार्यक्रम में कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, क्षेत्रीय पार्षद कौशल मिश्रा, वार्ड 23 के पार्षद रामनारायण गौतम, वार्ड 35 के पार्षद आनंद शुक्ला, आकाश दीक्षित आदि मौजूद रहे।



बगिया क्रासिंग वाली सड़क के निर्माण के लिये हवन पूजन करतीं महापौर प्रमिला पांडेय और नगर आयुक्त सुधीर कुमार। अमृत विचार

### वीआईपी रोड भी सीएम ग्रिड योजना से सुधरेगी

- शहर की वीआईपी रोड भी आम सड़कों की तरह ही है। यहां बरसात के बाद जलभराव होता है। जिसकी वजह से जाम लगता है। सड़क पर न फुटपाथ है और न ही मार्ग प्रकाश की उचित व्यवस्था। इन्हीं समस्याओं को देखते हुये सांसद रमेश अवस्थी ने वीआईपी रोड को भी सीएम ग्रिड योजना में शामिल करने के लिये मंडलायुक्त से कहा है। सांसद ने कहा कि कानपुर उत्तर क्षेत्र में कचहरी, पुलिस-प्रशासन एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान होने के कारण घाटमपुर, बिल्हौर, चौबेपुर सहित कानपुर महानगर के अधिकांश लोगों का इस मार्ग से आवागमन होता है। इसके साथ ही वीआईपी मूवमेंट भी रहता है। इसलिए मंडलायुक्त से इस मार्ग को योजना में शामिल करने के लिये कहा है।

## मुर्गा व्यापारी से हिस्ट्रीशीटर ने मांगा गुंडा टैक्स

**अमृत विचार।** कर्नलगंज में मुर्गा व्यापारी से हिस्ट्रीशीटर ने व्यापार करने के नाम पर 1 लाख रुपये का गुंडा टैक्स मांगा। पीड़ित ने हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

कर्नलगंज के तलाक महल निवासी तनवीर आलम उर्फ अनस ने दर्ज एफआईआर में बताया कि वह मुर्गा व्यापारी हैं। 30 अगस्त को गम्मू खां का हाता कर्नलगंज में हिस्ट्रीशीटर अकील खिचड़ी ने गालीगलौज की और 1 लाख रुपये गुंडा टैक्स मांगा। कहा कि रुपया नहीं दिया तो व्यापार नहीं करने दूंगा। डर कर उन्होंने 20,000 रुपये दे दिए। आरोपी ने पिस्टल तान कर बाकी रुपये भी देने को कहा। कर्नलगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अकील खिचड़ी पर एफआईआर दर्ज की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मै अभिषेक कुमार सिंह पुत्र भूपेन्द्र सिंह निवासी-बैरीसालपुर, निगोहाँ, जनपद लखनऊ। मेरे हाईस्कूल का प्रमाण पत्र/अंकपत्र स्कूल संत फ्रांसिस स्कूल निगोहाँ लखनऊ से 2014 मे परीक्षा उत्तीर्ण की थी जिसका अनुक्रमांक नम्बर 1420931 वास्तव में खो गया है।

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप जिलाधिकारी कार्यालय उतरौला द्वारा पत्रांक 780/र0का0( गांव सभा मत्स्य पालन आवंटन ज्ञाप) 2024-25 के समाचार पत्र 25 सितंबर के प्रशासन में क्रमांक 34 पर ब्लॉक गैण्डास बुजुर्ग राजस्व ग्राम कैथोलिया सलेमपुर गाटा संख्या 340 की जगह 348 तथा रकबा 1.002 हेक्टेअर की जगह 1.902 हेक्टेयर पढ़ा जाए।

उप जिलाधिकारी, उतरौला

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइट कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लि. शाखा फैजाबाद स्थित की तरफ से सूचित किया जाता हैं। कि आकाश गुप्ता सुत स्व. दया शंकर गुप्ता, निवासी-2245/1G बम बहादुर कोचिंग गली 1, शास्त्रीनगर सिटी सुलतानपुर द्वारा ऋण हेतु आवेदन किया है। जिसमें बैनामा दिनांक 09.02.1994 ई0 बही संख्या 01, क्रमांक सं0 1132 जिसे मोहम्मद हलीम सुत मोहम्मद अजीम, निवासी- ग्रा0 व पो0 भादर तहसील व जिला अमेठी के हरीश चन्द्र अग्रवाल सुत स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल के पक्ष में विक्रय किया था कही खो गया है को बंधक रखने हेतु आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति बधक रखने में आपत्ति है तो इस प्रकाशित के 7 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति अधोहस्तक्षरी समक्ष प्रस्तुत कर दे अथवा यह मान लिया जायेगा कि व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को कोई की आपत्ति नहीं हैं।

सचिन शंकर (एडवोकेट)
शेड नं0- 03, सिविल कोर्ट फैजाबाद, अयोध्या।
मो.न:-8299765176

**आज का मौसम**

अगले पांच दिन धूप के बीच हल्के बादल छाये रहने के आसार।

34.2⁰ अधिकतम तापमान | 21.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06 : 08 | सूर्यास्त 05 : 39

## एक नजर

### रेलवे के अप्रेंटिस कर्मी की ट्रेन से कटकर मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर रेलवे स्टेशन स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड के पास ट्रेन की चपेट में आने से रेलवे के अप्रेंटिस कर्मी 24 वर्षीय इंद्रजीत कुमार की मौत हो गई। घाटमपुर के आछी मोहाल उत्तरी मोहाल निवासी इंद्रजीत कुमार रेलवे में अप्रेंटिस कर्मी थे। परिवार में मां रूमा देवी समेत दो भाई व एक बहन हैं। साथी कर्मचारी जहीन ने बताया कि इंद्रजीत गोविंदनगर रेलवे स्टेशन के पास स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड में कार्यरत थे। मंगलवार को ड्यूटी पर आते वक्त इलेक्ट्रिक लोको शेड स्थित जीएमसी के पास रेलवे ट्रैक पार करते वक्त ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

### पड़ोसी के घर से माल किया पार

**कल्याणपुर।** पनकी रतनपुर कालोनी निवासी रजनी वर्मा के मुताबिक गत 20 सितंबर को वह बाहर गईं थीं। इस दौरान उनकी छोटी बेटी घर पर अकेली थी। तभी घर के अंदर आया पड़ोसी अनुज वर्मा अलमारी में रखे लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के गहने व आठ की नकदी पार कर ले गया। पनकी थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**कल्याणपुर।** मसवानपुर चौराहा के पास स्थित केस्को सबस्टेशन के पीछे तमंचा लगाकर घूम रहे विकास कुमार उर्फ मोनू गौतम को पुलिस ने धर दबोचा। रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़े गए युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# एक कॉलेज में पढ़ते थे, एक ही घाट पर चिता जलीं

## भौंती में हादसे में मारे गए पांचों लोगों का इ्योढी घाट पर किया गया अंतिम संस्कार



विजय साहू की पत्नी को संभालते बेटे हिमांशु, शशांक व पड़ोसी। अमृत विचार



**हादसे से कोहराम**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हर तरफ केवल चीखें और कोहराम ही सुनाई दे रहा था
- माताएं बच्चों की शव यात्रा के पीछे भागीं, लोगों ने संभाला

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में भौंती पुल की ढाल के पास सोमवार सुबह सड़क हादसे में मारे गए चार बीटेक छात्र-छात्राओं की अर्थियां मंगलवार सुबह एक साथ उठीं। कार चालक की अर्थी अलग उठी। सनिगवां चकेरी में हर तरफ केवल चीखें और कोहराम ही सुनाई दे रहा था। छात्र-छात्राओं की माताएं अपने बच्चों की शव यात्रा के पीछे काफी दूर तक भागीं लेकिन अन्य परिजनों ने उन्हें संभाला। इ्योढी घाट पर पांचों का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के बेटे करन महाना, विधानसभा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र अवस्थी, पूर्व सांसद राजाराम पाल, भाजपा दक्षिण जिला मंत्री विनय मिश्रा, सपा नेता फतेह बहादुर सिंह गिल आदि रहे।

चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां निवासी मेडिकल स्टोर चलाने वाले 54 वर्षीय विजय साहू सचेंडी थानाक्षेत्र में स्थित प्रणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (पीएसआई) के छात्र-छात्राओं को कॉलेज लाने और ले जाने का काम करते थे। रोज की तरह सोमवार सुबह 8 बजे वह केडीए कालोनी सनिगवां रोड निवासी उदय भारती इंटर कॉलेज के संचालक राजेश सिंह के 22 वर्षीय पुत्र प्रतीक सिंह उर्फ अनुज बीटेक फोर्थ ईयर, सनिगवां के चंद्रनगर निवासी छतीसगढ़ में सीआरपीएफ में एसआई रमेश चंद्र के 21 वर्षीय पुत्र सतीश सिंह बीटेक थर्ड ईयर, सनिगवां रोड निवासी हमीरपुर में फार्मासिस्ट शिवशंकर पटेल की 18 वर्षीय पुत्री आयुषी पटेल बीटेक फर्स्ट ईयर और सनिगवां के चंद्र नगर निवासी इटावा में तैनात टीएसआई भरत कुमार त्रिपाठी की 21 वर्षीय पुत्री गरिमा त्रिपाठी बीटेक की सेकेंड ईयर के छात्र-छात्राओं को लेकर ऑल्टो कार से निकला था। ये सभी छात्र-छात्राएं एक ही मोहल्ले के थे और दोस्त थे। भौंती पुल ढाल पर उनकी कार आगे खड़े डंपर में घुस गई थी। पीछे से एक सरिया लदा ट्राला कार में घुस गया था। इससे चालक और चारों छात्र-छात्राओं की मौत हो गई थी।



शवयात्रा उठने पर छात्र सतीश की बहन चीख उठी। अमृत विचार

### आयुषी के शव से लिपट गई मां

आयुषी का शव जैसे ही उठा तो मां समता बेटी के शव से लिपट गई। पिता नरेश पटेल दूर बैठकर बेटी के शव को निहार रहे थे। अपनी किस्मत को कोस रहे थे, जैसे ही बेटी का शव उठा तो रामनरेश के मुंह से निकल पड़ा ये कैसा दिन आ गया। इसके बाद सभी लोग नरेश को सहारा देने लगे।



आयुषी के माता-पिता बिलखते रहे।

### परिजनों की चीत्कार से दहल गए कलेजे

- सनिगंवा में मंगलवार सुबह पांचों की अर्थी उठी तो दिल दहला देने वाला मंजर था। हर तरफ सिर्फ चीखें सुनाई दे रहीं थीं। प्रतीक, गरिमा और सतीश का एक साथ अंतिम संस्कार किया गया।

### गरिमा की मां को छोटी बेटी ने संभाला

- बीटेक छात्रा गरिमा त्रिपाठी का शव जैसे ही घर से उठाया गया तो उसकी मां रीता त्रिपाठी भी शव यात्रा के पीछे दौड़ने लगी। वहां मौजूद परिवार की अन्य महिलाओं ने उनको संभाला। इसके बाद छोटी बेटी महिमा ने अपनी मां को सहारा दिया और उन्हें गले लगाकर शांत कराया।

### बेटे का शव देखकर चीखने लगी मां

- छात्र सतीश सिंह की मां संतोष कुमारी और पिता रमेश चंद्र बेटे के शव के पास बैठे थे। शव देख कर वह सिर पकड़कर चीखने लगते थे, तो कभी गुमसुम बैठ जाते थे। जैसे ही बेटे को ले जाने की तैयारी शुरू हुई तो पिता छाती पीटने लगे।

### पति के शव से लिपटी रही सुमन

- कार चालक विजय साहू के शव को ले जाने के लिए जैसे ही तैयारी शुरू हुई तो पत्नी सुमन अपने पति के शव से लिपट गई। दोनों बेटे हिमांशु और शशांक भी बिलख रहे थे। ये देख सभी के आंखों में आंसू छलक पड़े।

# ब्लैक स्पाट पर हादसा ब्यौरा शासन को भेजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हादसे रोकने को विभागों से तालमेल करेगा आरटीओ

**अमृत विचार।** सोमवार को पीएसआईटी के चार छात्रों समेत पांच लोगों की मौत को संभागीय परिवहन अधिकारियों की टीम ने गंभीरता से लेते हुए हादसे के कारणों का ब्यौरा जुटाकर शासन को रिपोर्ट भेजी है। जिसमें बताया गया है कि घटनास्थल दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र (ब्लैक स्पाट) है।

मंगलवार को इस घटना को लेकर संभागीय परिवहन अधिकापी राकेंद्र सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विदिशा सिंह, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, क्रमशः एआरटीओ आरके वर्मा, कहकशां खातून, डीके सिंह, दीपक कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक हुई।

इससे पहले आरटीओ प्रवर्तन की टीम ने घटनास्थल भौंती जाकर हाईवे का सर्वे किया और ये पता करने की कोशिश हुई कि हादसे के पीछे का कारण क्या है।



हलीम इंगलिश स्कूल में मृतक छात्र-छात्राओं को श्रद्धांजलि देते बच्चे। अमृत विचार

### सड़क दुर्घटना में मृत छात्र-छात्राओं को श्रद्धांजलि

सोमवार को भौंती के पास एक सड़क हादसे में पीएसआईटी के 4 छात्र-छात्राओं की मौत पर हलीम इंगलिश स्कूल चमनगंज में बच्चों ने दो मिनट का मौन रखा और मृतकों को श्रद्धांजलि दी। प्रिंसिपल सबा खान ने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दुआ कराई। उन्होंने कहा कि मृतक छात्र छात्राओं के परिवार के दुख में हम सब पूरी तरह शामिल हैं। इस हृदयविदारक घटना से हलीम मुस्लिम इंग्लिश स्कूल की छात्र छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं दुखी हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें।

# जमशेदपुर से सरिया लेकर जयपुर जा रहा था ट्राला

**कल्याणपुर संवाददाता।** भौंती हादसे के मामले में पुलिस फरार डंपर और ट्राला चालकों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। कार को पीछे से टक्कर मारने वाला ट्राला जमशेदपुर से सरिया लादकर जयपुर जा रहा था, जबकि खराब खड़ा डंपर लखनऊ से झांसी के लिए निकला था।

मुजफ्फरपुर बिहार निवासी राघवेंद्र कुमार सतना मध्य प्रदेश के महावीर ट्रांसपोर्ट करियर का ट्राला चालक है। शनिवार रात राघवेंद्र जमशेदपुर से ट्राला में सरिया लादकर जयपुर जाने के लिए निकला था।

वहीं लखनऊ के भवानी ट्रांसपोर्ट के डंपर को चालक आकाश सिंह झांसी लेकर जा रहा था। पनकी के एलिवेटेड हाईवे के ढाल पर किसी अज्ञात वाहन से टकरा जाने के चलते डंपर खराब होकर खड़ा हो गया था। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिह ने बताया कि डंपर व ट्राला चालकों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# फोन करके कहा, पापा बचा लो ससुराल वालों ने जहर दे दिया है...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नवविवाहिता को जहर देकर मार डाला, 10 पर रिपोर्ट
- दहेज में ससुरालीजन मांग रहे थे पांच लाख और फॉर्च्युनर

**अमृत विचार।** किदवई नगर थानाक्षेत्र में नवविवाहिता की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मायके पक्ष ने दहेज में पांच लाख की नकदी और कार ने देने का आरोप लगाते हुए जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पिता का आरोप है, बेटी ने फोन करके उनसे कहा था कि मुझे बचा लो, इन लोगों ने जहर दे दिया है। मायके पक्ष ने तहरीर देकर पति, सास समेत दस लोगों के खिलाफ उत्पीड़न और दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है।



लिटिल।

उन्नाव के भगवानखेड़ा निवासी भरत लाल पांडेय बीएसएनएल में ठेकेदारी करते हैं। अपनी 28 वर्षीय बेटी लिटिल का विवाह साकेतनगर डब्लू ब्लॉक निवासी दुर्गेश मिश्रा के इंजीनियर बेटे उदय मिश्रा से 26 जून 2023 को किया था। भरत लाल पांडेय ने बताया कि दहेज में अर्टिगा कार के अलावा करीब 35 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के बाद ससुरालियों ने फॉर्च्युनर की मांग शुरु कर दी। कुछ समय पहले दामाद उदय 3 लाख रुपये जुए में हार गया। मांग पर 3 लाख रुपये दिए गए। इसके बाद भी रुपयों की मांग कम नहीं हुई। आरोप है कि मांग पूरी न हो पाने पर सास, ससुर, देवर समेत अन्य ससुरालीजन उत्पीड़न करने लगे। भरत के अनुसार सोमवार रात बेटी ने फोन कर कहा कि पापा यहां से ले जाओ। मंगलवार दोपहर बेटी ने फोन किया कि ससुरालियों ने जहर दे दिया है बचा लो आकर। इस पर बेटे विवेक व अन्य परिजनों के साथ साकेतनगर पहुंचे तो बेटी कमरे में अचेत अवस्था में पड़ी थी। आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से कॉर्डियोलॉजी भेज दिया गया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में किदवईनगर थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि मजिस्ट्रेट की उपस्थित में शव का पंचनामा भर मॉर्चुरी भेज दिया गया है। भाई विवेक की तहरीर पर पति उदय, ससुर दुर्गेश मिश्रा, सास पुष्पा मिश्रा, देवर सौम्यक मिश्रा, बाबा ससुर खेरेश्वर मिश्रा, बुआ सास संजू, मंजू, ननद तन्नू, मन्नू और देवर बब्बी के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। पति से पूछताछ की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवक की हत्या, पेट्रोल पंप में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बाबूपुरवा थानाक्षेत्र की घटना पड़ोसियों पर आरोप

**अमृत विचार।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में घर से निकले युवक की सिर पर भारी वस्तु से प्रहार कर हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह घर से 300 मीटर की दूरी पर बंद पेट्रोल पंप पर उसका खून से सना शव पड़ा मिला। पुलिस और फोरेंसिक ने साक्ष्य एकत्र कर आसपास लोगों से पूछताछ की।



पीड़ित संतोष साहू।

बगाही भट्ठा टीपी नगर निवासी 42 वर्षीय भवानी साहू उर्फ संतोष घर के बाहर अंडे, चावल का ठेला लगाता था। परिवार में पत्नी संजू व दो बेटे आर्यन और सनी हैं। संतोष के बड़े भाई देवी प्रसाद ने बताया कि सोमवार रात 8 बजे घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। रात भर उसे ढूंढा। मंगलवार सुबह 6 बजे बंद पड़े पुत्तीलाल पेट्रोल पंप पर उसका रक्त रंजित शव पड़ा मिला। उसका सिर और कान फटा हुआ था, आसपास खून फैला था। पत्नी का आरोप था कि वह 1 अक्टूबर को अपने घर पर जीने का निर्माण करा रही थी। तभी पड़ोसी दो सगे भाई और बहन ने इसका विरोध किया और गालीगलौज कर मारपीट की थी। पत्नी का आरोप है, कि उन्हीं लोगों ने हत्या कर उनके शव को बंद पेट्रोल पंप पर फेंक दिया। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में किसी भारी चीज से प्रहार करने पर हेड इंजरी की पुष्टि हुई है। सिर की हड्डियां टूटी हैं और कान में चोटें हैं, अधिक रक्तस्त्राव से मौत की पुष्टि हुई है। बाबूपुरवा पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# परेड में चार दिन पहले बनी सड़क धंसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** परेड रामलीला मैदान में दशहरा मेले से पहले बनाई गई मुख्य सड़क मंगलवार को धंस गई। 4 फीट चौड़े और 5 फीट गहरे गड्ढे की वजह से आवागमन बाधित हो गया। मेट्रो ने गड्ढे को चारों और से प्लास्टिक बेरिकेडिंग करके ढक दिया। मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि मेले को देखते हुये फौरी तौर पर सड़क मोटरेबल की गई थी और डामरीकरण किया गया था। परेड से बड़ा चौराहे तक सड़क को जल्द ठीक किया जायेगा।

मेट्रो ने परेड चौराहे से धीरे-धीरे बैरीकेडिंग हटाना शुरू किया है। बीते दिनों परेड रामलीला मैदान में दशहरा कार्यक्रम हुआ है। मेले में आने वाली भीड़ को देखते हुये मेट्रो प्रशासन ने सड़क को मोटरेबल किया था।

मंगलवार को आईएमए के पास सड़क पर बड़ा गड्ढा हो गया। गड्ढे की वजह से यातायात प्रभावित होने लगा। सूचना पर मेट्रो के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बैरीकेडिंग लगा दी। मेट्रो के अनुसार नीचे से सीवर चैंबर की वजह से सड़क धंसी है। मेट्रो पीआरओ ने बताया कि दीवाली से पहले परेड से बड़ा चौराहा तक आवागमन को सुचारू कर दिया जाएगा। परेड से बड़ा चौराहे तक मजबूत सड़क बनाई जायेगी।



परेड में चार दिन पहले बनी सड़क धंस गई। अमृत विचार

# स्टेशन से भट्ठा मजदूर का बच्चा लापता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिहार जाने के लिए स्टेशन आया था परिवार

**अमृत विचार।** ईंट भट्ठा पर मजदूरी करने वाले रामदयाल का परिवार गुरसहायगंज से अपने घर गया (बिहार) जाने के लिए सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचा। प्लेटफार्म नंबर पांच पर पति-पत्नी एक माह की दुधमुंही बच्ची के लिए दूध लेने लगे, इसी बीच कोई उनके ढाई साल के बेटे विष्णु को ले गया। पिता रामदयाल की तहरीर पर जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज की है।



गया के खैरा, पोस्ट नगरियांव निवासी रामदयाल अपनी पत्नी सुंदरी के साथ गुरसहायगंज में ईंट-भट्ठा पर मजदूरी करते हैं। रामदयाल के ढाई साल का बच्चा विष्णु और एक माह की बेटी है। रामदयाल ने बताया वह दिवाली पर अपने घर गया जाने के लिए परिवार संग निकले थे। सोमवार को सेंट्रल पहुंचे। प्लेटफार्म पांच पर बैठकर महाबोधि एक्सप्रेस का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच बच्ची रोने लगी तो उसके लिए दूध लेने चले गए। इस बीच उनका ढाई साल का बेटा गायब हो गया। जीआरपी ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो बच्चा किसी अनजान व्यक्ति के साथ जाता दिखा। उसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति बच्चे को ले जाते दिखा है, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। जल्द ही बच्चा तलाश लिया जाएगा। वहीं परिजनों ने बच्चे के अपहरण की आशंका जताई है।

**भाजपा सदस्यता** फर्जी और डमी सदस्य बनने से रोकने के लिए किए गए इंतजाम ने खूब छकाया

# रेफरल कोड व ओटीपी के कारण ठेके पर काम

विशेष संवाददाता, कानपुर

- प्रदेश अध्यक्ष करेंगे अभियान में निजी एजेंसियों की मदद लेने वालों की मॉनीटरिंग

**अमृत विचार।** भाजपा का सदस्यता अभियान मंगलवार को समाप्त हो गया। अब अगले 5 दिन सक्रिय सदस्यता का अभियान चलेगा। भाजपा ने सदस्यता अभियान में इस बार फर्जीवाड़ा रोकने के लिए रेफरल कोड का नियम लागू किया। सदस्य बनाने वाले पदाधिकारी को फॉर्म में अपना रेफरल कोड भरने के साथ नए सदस्य के मोबाइल नंबर पर आया ओटीपी फीड करना था। सदस्यता लक्ष्य पूरा करने में नेताओं के लिए यही प्रक्रिया मुसीबत का सबब बन गई। शिकायत है कि कई बड़े नेताओं ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए आउट सोर्सिंग की मदद ली। इसे देखते हुए निजी एजेंसियों का सहारा लेने वालों की सूची बनाई जा रही है। ऐसे लोगों की मॉनीटरिंग प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी करेंगे।

भाजपा ने सदस्यता अभियान में फर्जी और डमी सदस्य रोकने के लिए ओटीपी सिस्टम लागू किया। सदस्य बनने के लिए ओटीपी दर्ज करके फॉर्म भरकर सबमिट करना था। लेकिन ओटीपी बताने से बैंक फ्रॉड होने की आशंका के चलते तमाम लोगों ने मिस कॉल तो दी फिर ओटीपी दर्ज करने में अनिच्छा जता दी। उन्होंने ओटीपी साझा करने में धोखाधड़ी का संदेह जता दिया। पार्टी सूत्र बताते हैं कि ओटीपी और रेफरल कोड प्रक्रिया के कारण कई सांसदों, विधायकों और वरिष्ठ नेताओं ने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निजी एजेंसियों का सहारा लिया। एजेंसी के लोगों ने नेताओं के रेफरल कोड पर भाजपा का सदस्य बनाए। 30 से 50 रुपये प्रति सदस्य सेवा शुल्क चार्ज किया। एक नेता कहते हैं कि ओटीपी साझा करने की अनिवार्यता न होती तो अभियान काफी सहज हो जाता। एक एजेंसी के मैनेजर ने बताया कि सांसद, विधायक और मंत्रियों के प्रतिनिधियों ने संपर्क किया था। लक्ष्य पूरा करने के लिए स्कूल-कालेज, फैक्ट्री, नगर निगम, प्राधिकरण, केस्को व स्वास्थ्य विभाग में संविदा कर्मचारियों से नेताओं के रेफरल कोड पर सदस्यता फॉर्म भरवाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक जनप्रतिनिधियों ने सरकारी योजनाओं की दुहाई देते हुए सदस्य बनाए। अंतिम दिन भाजपा की अधिकारिक वेबसाइट में सदस्यता संख्या रात तक अपलोड नहीं हुई थी। लेकिन अनुमान जताया गया कि कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में प्रति विधानसभा क्षेत्र में औसतन 45 हजार सदस्य बनाए जा चुके हैं।



### क्षेत्र में 30 लाख सदस्यता का अनुमान

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि 13 अक्टूबर तक 25 लाख सदस्य बनाए जा चुके थे। अंतिम समय तक संख्या 30 लाख पहुंचने की संभावना है। सदस्यता अभियान में किसी को कोई दिक्कत नहीं हुई, कोई शिकायत भी नहीं मिली। प्रक्रिया आसान थी। स्मार्ट फोन रखने वाला घर बैठे सदस्य बन सकता है।

# ऑक्सीजन थेरेपी केस में दर्ज किए गए बयान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- इजराइल की मशीन से बूढ़ों को जवान बनाने का मामला

**अमृत विचार।** इजराइल की मशीन से ऑक्सीजन थेरेपी के जरिए बुजुर्गों को जवान बनाने वाली मशीन का झांसा देकर करोड़ों की ठगी के मामले में मंगलवार को और पीड़ित सामने आए हैं। उन लोगों ने एसआईटी को अपने बयान दर्ज कराए।

स्वरूपनगर के प्रभु अपार्टमेंट निवासी जिम संचालक राजीव दुबे और उनकी पत्नी रश्मि दुबे ने दो साल पहले साकेतनगर में रिवाइवल वर्ल्ड नाम की संस्था खोली थी। आरोप है कि दोनों ने लोगों को झांसा दिया कि इस्राइल से 25 करोड़ रुपये में मंगाई मशीन के जरिये ऑक्सीजन थेरेपी देकर किसी भी बुजुर्ग को भी 25 की उम्र के युवा जैसा बनाया जा सकता है।

आरोप है कि मशीन दिखाकर ठगी का कारोबार बढ़ाने के लिए नेटवर्क मैनेजमेंट की तरह स्कीम दी और लोगों से लाखों रुपये हड़प लिए। एसआईटी 35 करोड़ की ठगी के इस मामले में आरोपी राजीव दुबे और उसकी पत्नी रशिम के लिए साक्ष्य एकत्र कर रही है। अब तक दस्तावेजों में मोबाइल, लैपटॉप और रजिस्टर को कब्जे में लिया है। ठग दंपति पर आरोप है कि नेटवर्क मैनेजमेंट की तरह मल्टीलेवल स्कीम लागू कर सैकड़ों लोगों को ठगी का शिकार बनाया। लोगों को ग्रुप में जोड़ने के एवज में उन्हें 30 प्रतिशत की छूट देने का झांसा दिया गया था। पुलिस इस मामले में दीप सिनेमा स्थित जिम और ऑक्सीजन मशीन को केस प्राप्टी बनाकर सीज कर चुकी है। दपंति भी एसआईटी के सामने अपने बयान दर्ज करा चुके हैं।

# आठवीं फेल नेता साइबर ठग गैंग का सरगना

## छावनी में सेवानिवृत्त सैन्यकर्मी से की थी निवेश के नाम पर ठगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विदेशों तक संपर्क, 20 राज्यों में 300 लोगों से 22 करोड़ से ज्यादा ठगे
- ठगी में एक राजनीतिक पार्टी का जिलाध्यक्ष और तीन निजी बैंककर्मी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में ठग अक्षय, रोहित, मनीष और मयंक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** छावनी में सेवानिवृत्त सैन्य कर्मी से शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर 1.78 करोड़ की ठगी का साइबर क्राइम टीम ने खुलासा कर दिया है। साइबर टीम ने चार अंतर्राज्यीय शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में तीन बैंक कर्मी हैं। कोई एमबीए करके निजी बैंक में क्लर्क का काम करता है तो कोई बैंक में लोन रिकवरी एजेंट के रूप में काम करता है। गिरोह का सरगना आठवीं फेल एक राजनीतिक पार्टी मध्यप्रदेश की जन कल्याण संघ समिति के पिछड़ा वर्ग का भोपाल जिलाध्यक्ष है। पकड़े गए शातिरों ने 20 राज्यों के तकरीबन 300 लोगों से 22 करोड़ ठगे हैं। शातिरों के पास से मोबाइल, लैपटॉप, एटीएम स्वाइप मशीन सहित कई फर्जी दस्तावेज बरामद हुए।

डीसीपी अपराध आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि छावनी निवासी विनोद कुमार को वाट्सएप पर संपर्क कर एक वाट्सएप ग्रुप में जोड़कर शेयर मार्केट में निवेश कर भारी लाभ का लालच दिया गया। विनोद से निवेश के नाम पर 1 करोड़ 78 लाख 85 हजार रुपये ले लिए गए। इसके बाद उनको ग्रुप से हटा दिया गया। उन्होंने 20 जून 2024 को साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। इसके बाद टीम गठित कर शातिरों की सर्विलांस और अन्य तरीकों से तलाश की जा रही थी। पकड़े गए अंतर्राज्यीय ठगों में सरगना रोहित सोनी निवासी ए 1 चाणक्यपुरी जेके रोड सीपेट कॉलेज थाना अयोध्या भोपाल मध्य प्रदेश है। आरोपी रोहित आठवीं फेल है और मध्यप्रदेश की जन कल्याण संघ समिति के पिछड़ा वर्ग का जिलाध्यक्ष है। दूसरा ठग अक्षय गुरु निवासी होशंगाबाद है। अक्षय 12 वीं पास है और निजी बैंक में लोन रिकवरी एजेन्ट के रूप में कार्य कर रहा है। तीसरा मनीष कुमार मंडल निवासी मधुबनी बिहार है। मनीष ने बीएससी किया है और एचडीएफसी बैंक में सेल्स डिपार्टमेंट में कार्य कर रहा है। चौथा आरोपी मयंक मीणा निवासी भोपाल है। मंयक एमबीए करके एक प्राइवेट बैंक में क्लर्क के पद पर कार्य कर रहा है।

### फर्जी वाट्सअप ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़ते थे

डीसीपी ने बताया कि अंतर्राज्यीय साइबर ठग लोगों के मोबाइल नंबर को सोशल मीडिया से निकाल लेते और उन्हें अपने बनाए फर्जी वाट्सअप ट्रेडिंग ग्रुप में जोड़ते थे। जिसमें वे अपने ही ग्रुप के सक्रिय सदस्यों को जोड़ते थे। वाट्सअप ग्रुप के सदस्य ग्रुप में फर्जी प्रोफिट के मैसेज भेजा करते थे। जिससे ग्रुप के अन्य सदस्य प्रभावित होकर निवेश के लिए खुद ही ग्रुप में मैसेज डाल देते थे। शुरूआत में ग्रुप के कुछ सदस्यों को छोटी धनराशि प्रोफिट के नाम पर दे दी जाती थी। ठगी के लिए कई बैंकों के खातों का इस्तेमाल करते थे।

### इंटरनेट, यूटयूब से सीखा ठगी का तरीका

सरगना रोहित सोनी ने बताया कि उसने इंटरनेट, यूट्यूब और अपने दोस्तों से साइबर ठगी का तरीका सीखा। उसने अपना खुद का बैंक खाता खुलवाया, लेकिन साइबर रिपोर्टिंग के कारण वह खाता फ्रीज हो गया। इसके बाद रोहित ने अपने तीन साथियों को बैंक खाते खोलने और खुलवाने का लालच दिया, उन्हें इस साइबर ठगी का तरीका सिखाया और हर बैंक खाते के लिए कमीशन देने का वादा किया। इसके बाद चारों आरोपी मिलकर इस प्रकार साइबर ठगी करने लगे।

### अलग-अलग राज्यों से आईं शिकायतें

इस गैंग के खिलाफ देश के अलग-अलग राज्यों से कुल 238 शिकायतें दर्ज हैं। इनके बैंक खातों में अब तक लगभग 15 करोड़ रुपये का ट्रांजक्शन किया जा चुका है। सभी बैंक खातों को साइबर क्राइम टीम ने फ्रीज कराया है।

### यह सामान हुआ बरामद

साइबर ठगों के पास से 12 स्मार्ट मोबाइल फोन व 3 कीपैड मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक मैकबुक, एक स्मार्ट वॉच, पांच सिम कार्ड, एक एटीएम स्वाइप मशीन, एक हार्ड डिस्क, एक राउटर, छह मुहर, पांच पैन कार्ड, चार क्यूआर कोड, 16 एटीएम कार्ड, 33 चेकबुक, 11 बैंक चेक, , 1 सफारी कार बरामद हुई है।

### सरगना के संपर्क आर्मेनिया, चीन व दुबई तक

पुलिस ने बताया कि सरगना रोहित सोनी साइबर ठगी करने के बाद टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क कर आर्मेनिया, चीन व दुबई में बैठे साइबर अपराधियों को पूरा पैसा यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) में भेजता था। बाद में वहां से अपना व खाताधारकों का कमीशन लेकर सभी को कमीशन बांट देता था। आरोपी देश के कई राज्यों में ठगी कर चुके हैं।

# कॉरिडोर-2 में टनल निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रावतपुर-डबल पुलिया सेक्शन में परियोजना की पांचवीं टीबीएम मशीन लांच

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. (यूपीएमआरसी) ने कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के सिविल निर्माण कार्य में एक और मील का पत्थर पार कर लिया है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार, निदेशक/वर्क्स एण्ड इंफ्रास्टक्चर सी.पी. सिंह, निदेशक/रोलिंग स्टॉक नवीन कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में कॉरिडोर-2 (सीएसए - बर्रा-8) के अंडरग्राउंड सेक्शन का टनल निर्माण कार्य आरंभ हुआ। परियोजना की पांचवीं और कॉरिडोर-2 की पहली टीबीएम मशीन 'गोमती' को रावतपुर एलिवेटेड स्टेशन के निकट बने लॉन्चिंग शाफ्ट से 'अप-लाइन' पर लांच कर दिया गया। इसका नाम प्रदेश की महत्वपूर्ण नदी गोमती के नाम पर रखा गया है। यह मशीन सबसे पहले रावतपुर से कंपनी बाग चौराहे की दिशा में आगे बढ़ेगी और कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक लगभग 650 मीटर लंबे टनल का निर्माण करेगी। कॉरिडोर- 2 के अंडरग्राउंड सेक्शन में सबसे पहले रावतपुर से कृषि विश्वविद्यालय के निकट स्थित कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक टनल का निर्माण होगा।



टीबीएम लांच करने के अवसर पर प्रबंध निदेशक सुशील कुमार और अन्य अफसर।




डीजी पीजी कॉलेज में कार्यशाला में मौजूद डॉ. प्रशांत त्रिवेदी, डॉ. क्षमा त्रिपाठी, प्रो. वंदना निगम। अमृत विचार

# आत्म अनुशासन से कोई लक्ष्य कठिन नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीजी कालेज में सेवायोजन कार्यालय तथा विवि के तत्वावधान में कार्यशाला

**अमृत विचार।** दयानंद गर्ल्स पीजी कालेज, सेवायोजन कार्यालय तथा सीएसजेएम विश्विद्यालय के सेवायोजन मंत्रणा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को डीजी पीजी महाविद्यालय में आयोजित कैरियर वार्ता कार्यशाला में छात्राओं को नौकरी और स्वरोजगार के लिए महत्वपूर्ण टिप्स और सहायता प्रदान की गई। शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना से हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कन्नौज की सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुबे ने छात्राओं को सफलता के लिए आत्म अनुशासन के साथ निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया। सीएसजेएमयू के सेवायोजन एवं मंत्रणा केंद्र प्रभारी डॉ प्रशांत त्रिवेदी ने छात्राओं को करियर का लक्ष्य निर्धारित करके उसे प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने पर जोर दिया। अंतराष्ट्रीय करियर काउंसलर शिवानी शर्मा ने छात्राओं को चार 'सी' आधारित जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कम्युनिकेशन, कोलैबोरेशन, क्रिटिकल थिंकिंग और क्रिएटिविटी के जरिए महत्वपूर्ण लक्ष्य साधे जा सकते हैं। कार्यशाला में 100 से अधिक छात्राओं ने सहभागिता की। अतिथियों का स्वागत प्राचार्या प्रो. वंदना निगम तथा संचालन प्रो. रुचिमिता ने किया। काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट समिति सदस्य प्रो. विजय तिवारी, डॉ अमिता श्रीवास्तव, डॉ मीनाक्षी त्रिवेदी, डॉ शिखा खरे एवं मानसी श्रीवास्तव के अलावा कृष्णेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन समिति की प्रभारी एवं कार्यक्रम संयोजिका प्रो. क्षमा त्रिपाठी ने किया।

# शेयर बाजार में रोज 206 करोड़ से ज्यादा का कारोबार

- म्यूचुअल फंड कारोबार में शहर का .52 फीसदी हिस्सा

**कानपुर।** यूपी स्टॉक एक्सचेंज की विरासत रखने वाला कानपुर शेयरों की खरीद फरोख्त में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अगस्त तक शहर के निवेशकों ने 21,372 करोड़ के शेयर खरीदे और बेचे हैं। इस तरह औसत कारोबार 206 करोड़ रुपये प्रतिदिन का रहा है। इसी तरह मौजूदा वित्तवर्ष में एनएसई कैश टर्नओवर में शहर की औसत हिस्सेदारी 0.15 प्रतिशत रही है, जबकि बीएसई के कैश सेगमेंट में ये हिस्सेदारी 0.08 प्रतिशत है।

एम्फी (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार कानपुर का म्यूच्यूअल फंड में निवेश 35,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। केश्री ब्रोकिंग के को फाउंडर राजीव सिंह ने बताया कि इस आंकड़े के अनुसार देश के म्यूच्यूअल फंड कारोबार में कानपुर की हिस्सेदारी 0.52 फीसदी से कुछ अधिक है।

**शहर का शेयर कारोबार**

| 2024 / माह | ट्रेडिंग दिवस | कुल टर्नओवर (करोड़ में) | प्रतिदिन औसत टर्नओवर (करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| अप्रैल | 20 | 3510 | 176 |
| मई | 22 | 3594 | 163 |
| जून | 19 | 4805 | 253 |
| जुलाई | 22 | 5080 | 231 |
| अगस्त | 21 | 4383 | 209 |
| 2024-25 | 104 | 21,372 | 206 |

आंकड़े कैश सेगमेंट टर्नओवर : स्रोत- सेबी की रिपोर्ट



बैठक लेते सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह व सदस्य। अमृत विचार

# इंजीनियरिंग कॉलेजों में छात्रों से तय फीस ही लें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति की बैठक में सभापति ने दिए निर्देश
- शिक्षण संस्थानों व हॉस्टल में रह रहे छात्रों की समस्या पर प्रबंधन से निराकरण की रिपोर्ट मांगी

**अमृत विचार।** सरकारी व निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में सेमेस्टरवार जो फीस निर्धारित की गई है, छात्रों से वही वसूल की जाए। शिक्षा का व्यवसायीकरण और छात्रों का शोषण न किया जाए। शिक्षण संस्थानों में जो वाहन प्रयोग में आ रहे हैं, उनका शत प्रतिशत पुलिस सत्यापन कराएं। यह दिशा-निर्देश मंगलवार को विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी जांच समिति की बैठक में दिए गए।

सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी बैठक सभापति डॉ. मानवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभापति ने पूछा कि शहर में सरकारी व निजी इंजीनियरिंग कॉलेजों में सेमेस्टर के अनुसार कितनी फीस ली जाती है। हर कॉलेज की सेमेस्टरवार फीस की रिपोर्ट समिति को उपलब्ध कराई जाए। जो फीस निर्धारित की गई है, वही छात्रों से ली जाए। शिक्षण संस्थान सभी वाहनों का पुलिस सत्यापन कराएं। छात्राओं के लिए जिस वाहन का उपयोग होता है, उसमें एक महिला सहकर्मी की ड्यूटी अनिवार्य होनी चाहिए। आरटीआई एक्ट के तहत शत प्रतिशत पात्र छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। शिक्षण संस्थानों में मूलभूत सुविधाओं पर कमेटी बनाई जाए, जिसमें छात्रों को भी शामिल करें। इसके अलावा बीते तीन सालों में शिक्षण संस्थानों व हॉस्टल में रह रहे छात्रों को क्या समस्या हुई, प्रबंधन की ओर से क्या निराकरण किया गया, इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। मिड डे मील की समीक्षा में निर्देश दिए गए कि 6 दिवसों के लिए भोजन का जो मेन्यू निर्धारित है, उसी के अनुसार वितरण किया जाए। बैठक में सदस्य अंगद कुमार सिंह, अविनाश सिंह चौहान, मुकुल यादव, समिति अधिकारी रामेन्द्र पाटेल, समीक्षा अधिकारी सौरभ दीक्षित, प्रतिवेदक ब्रजेश यादव व एमएलसी अरुण पाठक के अलावा जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कानपुर देहात लक्ष्मी एन, पुलिस उपायुक्त आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजेश कुमार उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बच्चों को बताए भविष्य बनाने के तरीके

**कानपुर।** बेगमपुरवा स्थित जामिया खदीजतुल कुबरा जूनियर हाईस्कूल एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल्स में करियर गाइडेंस सेमिनार में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रांत संयोजक अशफाक सिद्दीकी, डॉ अकरम मंजरी, राबिया खान, प्रोफेसर लियाकत अली व खालिद अली खान आफरीदी ने बच्चों को बताया कि किस तरह करियर का चुनाव करके बेहतर भविष्य बनाएं। कहा कि शुरूआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर लेना चाहिए और उसी के अनुसार जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इससे सफलता मिलने में आसानी होती है।

### घर से लैपटाप समेत नकदी चोरी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के न्यू आजाद नगर में चोर ने घर में घुसकर लैपटॉप व नकदी समेत अन्य सामान पार कर दिया। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यू आजाद नगर के सतबरी रोड निवासी मंगलाप्रसाद के अनुसार शनिवार रात को वह घर पर सो रहे थे। तभी घर में घुसे चोर ने दो लैपटाप, दो हजार रुपये और बेटी का पैनकार्ड, आधारकार्ड समेत अन्य दस्तावेज पार कर दिए। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि मामला दर्जकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है।

### गंगा में कूदी महिला को गोताखोरों ने बचाया

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में घरेलू कलह से तंग आकर एक महिला ने गंगापुल से नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। यह देख मौजूद गोताखोरों ने उसे बचाया और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने महिला के परिजनों को बुलाकर उनके सुपुर्द कर दिया। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि मैकूपुरवा निवासी करीब 38 वर्षीय महिला घरेलू कलह के चलते जाजमऊ गंगापुल पर पहुंची और गंगा में छलांग लगा दी। मौके पर मौजूद गोताखोरों ने देखा तो महिला को बचा लिया। इसके बाद महिला से पूछताछ कर परिजनों को सूचना दी। फिर समझा बुझाकर महिला को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### हिस्ट्रीशीटर के साथ सिपाही का फोटो वायरल

**कानपुर।** रेलबाजार थाने में तैनात सिपाही का हिस्ट्रीशीटर और टॉपटेन अपराधी के साथ फोटो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस अधिकारी सिपाही की भूमिका की जांच कर रहे हैं। शास्त्री नगर में रहने वाला हितेंद्र श्रीवास्तव उर्फ मोनू नेता काकादेव थाने से हिस्ट्रीशीटर व टॉपटेन अपराधी है। मंगलवार को हितेंद्र की फोटो रेलबाजार थाने में तैनात सिपाही के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इस मामले में एसीपी कैंट अजय त्रिवेदी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है। प्रकरण की जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

### किसानों को उन्नत खेती के बताए तरीके

**कानपुर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एवं दलहन वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश मिश्रा ने किसानों को मसूर दाल के संबंध में जानकारी दी। उन्हें आधुनिक तरीके से खेती करने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि किसान आधुनिक तरीके से इसकी उन्नत खेती करें तो दानों की उपज 20 से 25 कुंतल व भूसे की उपज 30 से 35 कुंतल प्रति हेक्टेयर ली जा सकती है। मसूर उत्पादन में भारत का विश्व में दूसरा स्थान है। मसूर के 100 ग्राम दाने में 25 ग्राम प्रोटीन होता है।

## सार-संक्षेप

### संघ का उद्देश्य हिंदुओं की एकता, राजनीति से नहीं वास्ता

**कानपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ राजनीतिक गतिविधियों से बिल्कुल पृथक रहते हुए सांस्कृतिक संगठन के रूप में हिंदू अनुशासन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण के कार्य में सक्रिय रहता है। चरित्र प्रशिक्षण के साथ ही हिंदू समाज को एकजुट करना संघ का प्रमुख उद्देश्य है। सीसामऊ उपचुनाव को लेकर प्रकाशित समाचार में कानपुर प्रांत प्रचारक का नाम आना सर्वथा अनुचित है। उनका या संघ का राजनीति से कोई वास्ता नहीं है। संघ सदैव भारतीय संस्कृति और नागरिक समाज के मूल्यों को बनाए रखने के आदर्शों को बढ़ावा देता है और बहुसंख्यक हिंदू समुदाय को मजबूत करने के लिए हिंदुत्व की विचारधारा का प्रचार करता है।



पूर्व राष्ट्रपति डॉ .एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अपर्ति करते सपाई।

### डॉ.कलाम की मेहनत से प्रेरणा ले युवा पीढ़ी

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा कार्यालय में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति व वैज्ञानिक डॉ .एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर युवा जागरूक संदेश परिचर्चा सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने युवाओं को डॉ .कलाम के जीवन से प्रेरणा के लिए प्रेरित किया। पूर्व एमएलसी दिलीप सिंह कल्लू यादव ने कहा कि युवा पीढ़ी को कलाम साहब की मेहनत से प्रेरणा लेनी चाहिए तो उनका भविष्य सुनहरा बनना तय है। कलाम साहब ने सीमित संसाधनों में जीवन यापन करके देश का सर्वोच्च पद पाया और देश का नाम दुनिया में रोशन किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महेंद्र सिंह, सत्यनारायण गहरवार, परमवीर सिंह गंभीर, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, राजेंद्र सोनकर, अजय यादव, नंदलाल जायसवाल, अनवर अली, पप्पू मिर्जा, मनप्रीत सिंह समेत आदि लोग रहे। उधर, सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ बेसिक सांइसेस में मंगलवार को मिसाइल मैन डॉ .एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रोफेसर विनय कुमार पाठक व विज्ञान संकाय ने नोबेल पुरस्कार विजेताओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों को याद किया। डॉ .अंजू दीक्षित ने डॉ .अब्दुल कलाम की उपलब्धियों के बारे में छात्रों को जानकारी दी। स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज के निदेशक प्रो .आरके द्विवेदी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### पूर्व राष्ट्रपति को याद किया

**कानपुर।** पूर्व राष्ट्रपति डॉ . एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने बेकनगंज स्थित दादा मियां हाता में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अध्यक्षता प्रांत संयोजक अशफाक सिद्दीकी ने की। बीडी मार्केट के अध्यक्ष हाजी नासिर ने भी विचार रखे।

### ट्रैक के किनारे बस्तियों में पहुंची जीआरपी

**कानपुर।** बीते कुछ महीनों से ट्रेनों को पलटाने की साजिश की जा रही है। इसके मद्देनजर जीआरपी ने रेलवे लाइन के किनारे बस्तियों में संपर्क किया और वहां लोगों को अपने मोबाइल नंबर देकर कहा है कि यदि कोई संदिग्ध दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी के मार्गदर्शन में उत्तर मध्य जोन में ट्रैक के किनारे बसी बस्तियों में संदिग्धों की पहचान की जा रही है। मंगलवार को कानपुर सेंट्रल की जीआरपी सीओ सुनीता सिंह, थाना प्रभारी जीआरपी ओम नारायण सिंह, आरपीएफ जीएमसी पोस्ट प्रभारी सुरुचि द्विवेदी की अगुवाई में झकरकटी पुल के आसपास, गोविंदपुरी कच्ची बस्ती, टुनटुनिया फाटक, सेवा ग्राम कालोनी समेत अन्य मलिन बस्तियों में जागरुकता अभियान चलाया गया।

### दीपावली से पहले वेतन न मिला तो उपचुनाव का विरोध

**कानपुर।** लालइमली कर्मचारी संघ ने चेतवानी दी है कि दीपावली से पहले अगर वेतन नहीं मिला तो वह सीसामऊ उपचुनाव का विरोध करेंगे। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि यदि सभी कर्मचारियों को चुकाया वेतन, बोनस व अन्य भत्ते आचार संहिता लागू होने से पहले नहीं मिले तो सरकार को इसका खामियाजा भुगतना होगा। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह के मुताबित विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि वित्त मंत्रालय ने बीआईसी का 87 करोड़ स्वीकृत कर दिया है, लेकिन बीआईसी के अधिकारी मनमानी कर रहे हैं, जिससे इसका लाभ कर्मचारियों को दिवाली में मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं। यदि वेतन नहीं मिला तो ग्वालटोली, चुन्नीगंज, सूटरगंज, मकबरा, ईदगाह और मैकराबर्टगंज में रहने वाले लालइमली के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारी सरकार के साथ खड़े नहीं होंगे।

विरोध जताया

आईएमए के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उपवास रहकर किया अनशन

# कोलकाता के डॉक्टरों के समर्थन में किया अनशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



आईएमए भवन में सामूहिक अनशन पर बैठे आईएमए के पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोलकाता में आंदोलनरत डॉक्टरों के समर्थन में परेड स्थित आईएमए भवन में मंगलवार को आईएमए कानपुर शाखा ने सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक उपवास रखकर सामूहिक अनशन किया। साथ ही 10 सूत्रीय मांगें पूरी करने की मांग की।

आईएमए कानपुर शाखा की अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि डॉक्टरों के पक्ष में एकजुटता दिखाते हुये आईएमए कानपुर के डाक्टर अपने-अपने स्थान पर अनशन पर थे। मांग है कि पीड़िता को शीघ्र और पारदर्शी तरीके से न्याय सुनिश्चित किया जाए। कोलकाता के स्वास्थ्य सचिव को तुरंत पद से हटाना चाहिए। राज्य के सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में तुरंत एक केंद्रीय रेफरल सिस्टम लागू किया जाना चाहिए। सभी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों के निर्वाचित प्रतिनिधित्व के साथ कॉलेज आधारित टास्क फोर्स का गठन किया जाना चाहिए, जिसमें सीसीटीवी, ऑनकॉल रूम, बाथरूम, हेल्पलाइन नंबर और आवश्यकतानुसार पैनिक बटन की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। अस्पतालों में पुलिस सुरक्षा बढ़ाई जानी चाहिए।

नागरिक स्वयंसेवकों के बजाय स्थायी पुरुष और महिला पुलिस कर्मियों की नियुक्ति की जानी चाहिए। अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सो और स्वास्थ्य कर्मियों के रिक्त पदों को तुरंत भरा जाना चाहिए। इस दौरान सचिव डॉ. कुनाल सहाय, कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर व सचिव डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. देवज्योति देवराय, डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. नवतेज शर्मा डॉ. एनडी शर्मा, डॉ.बृजेन्द्र शुक्ला, डॉ. आशीष कुमार साह, डॉ. क्षमा शुक्ला व डॉ. अमित सिंह गौर समेत आदि डॉक्टर मौजूद रहे।

### मेडिकल कॉलेज में कराए जाएं छात्र संघ चुनाव

अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने कहा कि मांग है कि सभी मेडिकल कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव तत्काल कराए जाने चाहिए। सभी कॉलेजों को आरडीए (रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन) को मान्यता देनी चाहिए। कॉलेजों व अस्पतालों की सभी निर्णय लेने वाली समितियों में छात्रों और जूनियर डॉक्टरों का निर्वाचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाना चाहिए। डब्ल्यूबीएमसी (पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल) और डब्ल्यूबीएचआरबी (पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड) के भीतर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के संबंध में त्वरित जांच प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए। आमरण अनशन पर बैठे कोलकाता के डाक्टरों की सभी मांगें बिना शर्त के सरकार द्वारा पूरी की जाएं।

# यातायात नियमों के पालन का संकल्प दिलाया

**कानपुर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन समारोह में यातायात नियमों का पालन करने के लिए चिकित्सा, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, राजकीय राजमार्ग प्राधिकरण, सड़क सुरक्षा, रोड सेफ्टी क्लब, बस-ट्रक एसोसिएशन, टेंपो, टैक्सी, ई रिक्शा एसोसिएशन के जिम्मेदारों को शपथ दिलाई गई कि वे चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें।

मंगलवार को आरटीओ ऑफिस के सारथी भवन में हुए कार्यक्रम में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विदिशा सिंह, एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन क्रमशः आरके वर्मा, कहकशां खातून, डीके सिंह, दीपक कुमार मौजूद रहे। देर शाम प्रवर्तन की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर 143 दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के चालान किए।

# जुलूस-ए-गौसिया में दरुद-ओ-सलाम की बारिश

## ये दिल-जिगर सब आपका, जहां चाहे रख दो कदम गौस-ए-आजम शेर पढ़ते रहे लोग, 50 से ज्यादा अंजुमनों ने शिरकत की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पीराने पीर दस्तगीर गौस-ए-आजम बड़े पीर साहब की याद में मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों से जुलूस-ए-गौसिया उठाया गया। इनमें बड़ी संख्या में शामिल लोग शेर पढ़ते रहे कि 'ये दिल-जिगर सब आपका है, जहां चाहे रख दो कदम गौस-ए-आजम।'

ऑल इंडिया सुन्नी जमीअत उलमा की निगरानी और अंजुमन गौसिया की अगुवाई में निकले सबसे बड़े जुलूस में 50 से अधिक अंजुमनों ने शिरकत की। पायलट जीप पर अंजुमन गौसिया के महामंत्री नफीस नूरी चल रहे थे। कयादत मलाना मुफ्ती मोहम्मद इलियास खां नूरी मुफ्ती-ए-आजम एवं शहरकाजी मौलाना मुश्ताक अहमद मुशाहिदी ने की। दरुद-ओ-सलाम का नजराना पेश करते चल रहे लोग सुन्नी जमीअत उलमा का परचम लहरा रहे थे। मौलाना मुर्तजा शरीफी, कारी इकबाल बेग, डॉ. तारिक मुस्तफा, इरफान अंसारी, मौलाना मोहम्मद उमर, मोहम्मद सुलेमान वारसी मौजूद रहे।

**फेथफुलगंज में लहराए सैकड़ों परचम :** अंजुमन फिदायाने मुस्तफा के बैनर तले मस्जिद दीन मोहम्मद सौदागर फेथफुलगंज से शहरकाजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद साकिब अदीब मिस्बाही ने जुलूस को हरी झंडी दिखाई। सफेद कुर्ता, पायजामा और टोपी में आए सैकड़ों लोगों ने हाथों में छोटे झंडे ले रखे थे। नायब शहरकाजी कारी मोहम्मद सगीर आलम हबीबी, कारी अनवार उल हक, मोहम्मद इमरान अंसारी, हाफिज सैयद फैज उल रहमान बरकाती, महबूब आलम खान, मोहम्मद इमरान अंसारी, अखलाक अहमद चिश्ती, अयाज अहमद मौजूद रहे।


कर्नलगंज से बड़े पीर साहब की याद में निकले जुलूस-ए-गौसिया में हजारों लोग उमड़े। अमृत विचार

### सैयद नगर से उठे जुलूस में युवाओं की भीड़

सैयद नगर रावतपुर से निकले जुलूस-ए-गौसिया को एकता चौराहे पर मौलाना असगर अली, मौलाना जियाउर्रहमान कादरी ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कयादत मौलाना मुश्ताक मुशाहदी, मौलाना फुरकान, हाफिज शबनूर, हाफिज रिजवान कादरी, मौलाना दिलदार हुसैन, हाफिज मुबीन मुशाहदी, हाफिज साबिर, हाफिज शहादत हुसैन बरकाती, हाफिज सिराज बरकाती व हाफिज बाबर ने की। जलूस शारदा नगर में सलातो सलाम व दुआ के बाद खत्म हुआ। बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे। स्वागत सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. निसार अहमद सिद्दीकी, अब्दुल कलीम राजू, सरफराज खान, इमरान खान एडवोकेट, मुहम्मद कैफ खान ने किया।


बाबूपुरवा में शहरकाजी मुफ्ती मोहम्मद यूनुस ने कयादत की। अमृत विचार

### दिया मोहब्बत का पैगाम

बाबूपुरवा में नई जामा मस्जिद आजाद पार्क से अंजुमन सीखो सिखाओ अकीदा बचाओ की कयादत में लोगों को अमन और मोहब्बत का पैगाम देते हुए जुलूस-ए-गौसिया निकाला गया। कयादत शहरकाजी डॉ. मुफ्ती मोहम्मद यूनुस रजा ओवैसी ने की। यहां लोग नारे लगा रहे थे कि गौस का दामन नहीं छोड़ेंगे। सूफी लाल मोहम्मद, मुफ्ती इरफान मिस्बाही, मौलाना इरफान अमजदी, मुफ्ती अनवारूल हक, मौलाना आसिफ इकबाल, मौलाना तनवीर बिलाल, कारी मोहम्मद शोएब, हाफिज सैयद फैजान, शमशुल अंसारी, मुन्ना खान, अकील शानू पार्षद रहे।

### सज्जादानशीन ने कयादत की

मदरसा तालिमुल कुरान अहले सुन्नत 22 ब्लॉक जूही लाल कॉलोनी से निकले जुलूस की सरपरस्ती साहिबे सज्जादा सैयद हम्मादुल हसन चिश्ती गद्दीनशीन हुजूर सुल्तानुल हिन्द ख्वाजा गरीब नवाज अजमेर शरीफ ने की। जुलूस ईदगाह उस्मानपुर में समाप्त हुआ। मार्ग में लोगों ने पानी, शर्बत, बिरयानी, खीर, चाय का लंगर किया। इमाम हाफिज शब्बीर हुसैन, मौलाना अंसार, इम्तियाज अहमद, शमशाद अहमद, अब्दुल रज्जाक, दिलशाद चिश्ती, इजहार बरकाती, इमरान पठान, आफाक अहमद, हफिज अहमद शामिल रहे।

# रावतपुर में बिरयानी को लेकर हो गई मारपीट

**कानपुर।** बहराइच हिंसा के चलते जुलूस-ए-गौसिया में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए थे। इसके चलते शारदा नगर में बिरयानी को लेकर युवकों के दो गुटों में हुई मारपीट की घटना को मामला बढ़ने से पहले संभाल लिया गया। लेकिन इस बीच किसी ने मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रावतपुर से उठे जुलूस के समापन के दौरान शारदा नगर में बिरयानी बंट रही थी। इसी दौरान युवाओं के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हुई। पुलिस ने तत्परता से बड़े बुजुर्गों को बीच में डालकर विवाद शांत कराया। रावतपुर के एक मौलवी ने बताया कि जुलूस बढ़ाने को लेकर दो-तीन युवकों ने उनसे गालीगलौज की थी। इस पर गुस्साए मौलवी के समर्थकों ने इन युवकों को पीट दिया था। पुलिस ने बताया किसी से तहरीर नहीं मिली है। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि रावतपुर से निकला जुलूस शारदा नगर मस्जिद में पहुंच गया था। वहां बिरयानी बांटी जा रही थी। इसी दौरान युवकों के दो गुटों में मारपीट हो गई थी। पुलिस ने दोनों गुटों को अलग कराकर मामला शांत करा दिया।


जुलूस में बच्चे भी झंडे लेकर चले। अमृत विचार

## एक नजर

### पत्र वितरक को पुत्र के जन्मदिन पर दी बधाई



**कानपुर।** नवाबगंज सेंटर के वरिष्ठ समाचार पत्र वितरक नियाज अहमद के पुत्र मोहम्मद मुब्बासीर के जन्मदिन पर समाचार पत्र विक्रेताओं ने बधाई दी। 16 वर्षीय मोहम्मद मुब्बासीर को परिवार के सदस्यों ने भी मुबारकबाद दी।

### फर्म संचालक पर रिपोर्ट

**कल्याणपुर।** पनकी गंगागंज निवासी प्रदीप विश्वकर्मा के मुताबिक वह शरद शुक्ला की फर्म एके बदर्स में काम करते थे। 82280 रुपये उनकी मजदूरी फर्म पर बकाया है। आरोप है कि 63,600 रुपये देने का समझौता होने के बाद भी फर्म संचालक ने प्रदीप को भुगतान नहीं किया। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# स्पोर्ट्समैन जीवन में कभी निराश नहीं होता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए बोले पुलिस आयुक्त अखिल कुमार

**अमृत विचार।** द स्पोर्ट्स हब और कानपुर टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में टीएसएच में थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट चल रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने पुरस्कृत किया।

पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने खिलाड़ियों से कहा कि खिलाड़ी रोज हारना-जीतना सीखता है और जो हारना सीख गया वो जीवन में कभी नहीं हारता न निराश होता है। खेल बहुत सिखाता है अनुशासन, एकाग्रता, टीम भावना जिनमें प्रमुख हैं। स्पोर्ट्समैन लाइफ में कभी झटका नहीं खाता है। कार्यक्रम में संजीव पाठक ने सभी को धन्यवाद दिया। संजीव पाठक ने बताया कि बुधवार को 4 बजे अपर महानिदेशक पुलिस कानपुर जोन आलोक सिंह पुरस्कार वितरण करेंगे। मंच पर अरुण बनर्जी (पूर्व सचिव टीटीएफआई), अंतराष्ट्रीय टीटी खिलाड़ी गीता टंडन कपूर, टीएसएच निदेशक प्रणीत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष यूपीटीटीए पीके जैन, सचिव केटीटीए संजय टंडन, राकेश सिंह समेत आशुतोष सत्यम झा, टीएसएच के डायरेक्टर आपरेशंस पीके श्रीवास्तव, सुनील सिंह, रवि पोपटानी, अनिल वर्मा, अविनाश यादव, अनमोल दीप रहे।



पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### सार्थ मिश्रा ने खिताब अपने नाम किया

फाइनल मुकाबले में गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा ने लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव को 8/11,11/5,11/7,11/5 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमी फाइनल में दिव्यांश श्रीवास्तव ने अंश सबरवाल सहारनपुर को 11/5,12/10,5/11,11/8 से औश्र सार्थ मिश्रा ने अवि पाल प्रयागराज को 11/7,12/10,12/14,11/8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

### सुहानी महाजन जीतीं

फाइनल में गाजियाबाद की सुहानी महाजन ने जिले की ही अवनी त्रिपाठी को 8/11,14/12,7/11,11/7,13/11 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमी फाइनल में अवनी त्रिपाठी ने गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को 11/4,11/7,7/11,11/6 से और सुहानी महाजन ने आरती चौधरी को को 11/7,6/11,12/10,11/7 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# मैग्नेटिज्म व स्पिनट्रॉनिक्स की कार्यशाला

**कानपुर ।** आईआईटी में भौतिकी विभाग, मैग्नेटिक सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से 2 से 4 दिसंबर तक स्कूल ऑन मैग्नेटिज्म एंड स्पिनट्रॉनिक्स पर अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन होगा।

इसमें चुंबकत्व और स्पिनट्रॉनिक्स क्षेत्र में अत्याधुनिक अनुसंधान व प्रगति पर वैश्विक विशेषज्ञों के व्याख्यान के जरिए शुरुआती करियर वाले शोधकर्ताओं को दिशा प्रदान की जाएगी।

कार्यशाला के अध्यक्ष प्रो.रोहित मेदवाल ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को बुनियादी अवधारणाओं और स्पिनट्रॉनिक्स व मैग्नेटिज्म में तेजी से हो रहे नवीनतम विकास की गहन समझ प्रदान करना है।

## सार-संक्षेप



इंस्टीट्यूट में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

### शिविर में 67 यूनिट रक्तदान

कानपुर। गौर हरि सिंघानिया मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ कानपुर नॉर्थ ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। उद्घाटन रोटेरियन निशांत वडेरा, रोटेरियन अरुण गोयल, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर राहुल गोयल और शेखर जी ने किया। क्लब के अध्यक्ष निशांत वडेरा ने संस्थान के प्लेसमेंट हेड एमके सिंह के साथ मिलकर छात्रों को रक्तदान के लाभों की जानकारी दी। अध्यक्ष निशांत वडेरा के मुताबिक शिविर में 67 यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान अनमोल, अरुण गोयल, मयंक गुप्ता, अजय वीर सिंह, अजय शंकर दीक्षित, प्रो. राहुल गोयल, शेखर, अभिषेक जखोदिया, क्षितिज अग्रवाल, अविरत जखोदिया, कपिल भाटिया, राकेश भाटिया, डॉ. भक्ति विजय शुक्ला व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी कोच के साथ। अमृत विचार

### नेशनल ताइक्वांडो में प्रतिभा दिखाएंगे खिलाड़ी

**कानपुर।** ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 13 वीं राष्ट्रीय पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप 17 से 20 अक्टूबर के बीच राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम पांडुचेरी में आयोजित होगी। जिसमें यूपी ताइक्वांडो टीम में शहर के पूमसे अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता राम गोपाल बाजपेई, बलराम यादव, प्रणव ओझा व क्यूर्गी में दिव्यांशी साहू प्रतिभाग करेंगी। कानपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक चौरसिया, उपाध्यक्ष दिनेश दीक्षित, महासचिव अविनाश चंद द्विवेदी, कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान, आलोक गुप्ता, प्रयाग सिंह, सत्येंद्र सिंह यादव, आयुष मिश्रा, धर्मेश कुमार, सुशांत गुप्ता, अमन चौरसिया, अतुल दुबे, अपर्णा दुबे, सोनाली बिस्ट, सिद्धार्थ मिश्रा व कपिल दुबे ने खिलाड़ियों को बधाई दी है।



पदक जीतने वाले छात्रों के साथ विद्यालय का स्टॉफ अमृत विचार

### स्केटिंग में छात्रों ने जीते स्वर्ण, रजत पदक

**कानपुर।** सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग में स्वर्ण व रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। कर्नाटक के बेलगांव में नेशनल प्रतियोगिता होगी। लखनऊ में 7 से 9 अक्टूबर के बीच आयोजित हुई सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग स्टेट प्रतियोगिता में नर्चर इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर के तीन छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विद्यालय के सार्थक पंडा ने 500 मीटर रिंक रेस व रोड रेस में स्वर्ण पदक जीता। आकाश शंकर गुप्ता ने 1000 मीटर रिंक रेस में रजत पदक जीतकर विद्यालय व शहर का मान बढ़ाया। इन दोनों खिलाड़ियों का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्टेट प्रतियोगिता में कक्षा 6 के छात्र कुश कुमार ने भी 1000 मीटर रिंक रेस में कांस्य पदक जीता है। मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के सहसचिव सचिन चित्रांशी, निदेशिका रितु चित्रांशी व प्रधानाचार्या परविंदर कौर ने कोच मनदीप कुमार और पदक जीतने वाले तीनों छात्रों को बधाई दी।

### महिला के साथ की गालीगलौज

**कल्याणपुर।** पनकी रतनपुर कॉलोनी निवासी राजेंद्र अवस्थी के अनुसार मंगलवार को घर में लाइट न आने पर उनकी पत्नी शोभा ने केस्को में फोन कर शिकायत दर्ज कराई। आरोप है, कि सप्लाई ठीक करने घर पहुंचा युवक काम करने के बाद शोभा से रुपयों की मांग करने लगा। विरोध करने पर युवक ने गाली गलौज कर दी। पड़ोसियों के एकत्रित होने पर आरोपित मौके से भाग निकला। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

# जाजमऊ में रजाई- गद्दे की दुकान में अजगर निकला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस ने मशक्कत के बाद अजगर को पकड़ा
- वन विभाग के हवाले कर दिया गया

**अमृत विचार।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में मंगलवार सुबह रजाई-गद्दे की दुकान में अजगर निकलने से अफरातफरी मच गई। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद अजगर को बोरी में पकड़कर बंद किया और वन विभाग को सूचना दी।

जाजमऊ के कालोनी के पास जावेद की सड़क किनारे फुटपाथ पर रजाई गद्दे की दुकान है। मंगलवार सुबह वह कर्मचारियों के साथ दुकान में काम कर रहे थे तभी वहां पर एक अजगर निकल आया। कंट्रोल रूम पर सूचना दी गई तो पीआरवी के साथ ही जाजमऊ थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे।

आधे घंटे की मशक्कत के बाद पुलिसकर्मियों ने करीब 10 फीट लंबा अजगर पकड़कर उसे एक प्लास्टिक की बोरी में बंद किया। जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि अजगर को पकड़कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है।

# जरदौजी व सिरोस्की कढ़ाई की साड़ियां बाजार में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** करवाचौथ के लिए बाजार में नई डिजाइन की साड़ियां दस्तक दे चुकी हैं। इस बार जरदौजी व सिरोस्की कढ़ाई की साड़ियां महिलाओं को खूब लुभा रही हैं। हालांकि पारंपरिक साड़ियों के प्रति खरीदारों का रुझान कम नहीं हुआ है। इसमें सिल्क की साड़ियां नंबर वन पर हैं।

थोक बाजार जनरलगंज व नौघड़ा में रिटेल कारोबारियों की ओर से जरदौजी व सिरोस्की कढ़ाई की साड़ियों की सर्वाधिक मांग की जा रही है। आर्यनगर, गुमटी, गोविंद नगर, पीरोड, सीसामऊ, नवीन मार्केट में जरदौजी व सिरोस्की कढ़ाई की हल्के रंग की साड़ियां तमाम वैरायटी में उपलब्ध हैं। कारोबारियों ने बताया कि इस बार हल्के रंग की साड़ियों पर कढ़ाई पसंद की जा रही है।

गाजरी, प्याजी व पेस्टल रंग की मांग सबसे अधिक है। कारोबारियों के अनुसार दीपावली के तुरंत बाद शादियों का सीजन शुरू होने से उसका भी असर बाजार पर दिखना शुरू हो गया है। पारंपरिक व पर्व की साड़ियों के साथ ही पार्टियों में पहनी जाने वाली हल्की व फैंसी साड़ियों की खरीदारी भी शुरू हो गई है।


करवा चौथ पर बाजार में कई तरह की साड़ियां आई हैं। अमृत विचार



करवाचौथ के लिए बाजार में साड़ियों की खरीदारी शुरू हो गई है। इस बार हल्के कपड़े की फैंसी व कढ़ाई वाली साड़ियों की अधिक मांग है। बाजार पर्व को लेकर पूरी तरह से तैयार है।

**–दीपक कुमार गुप्ता, डायरेक्टर, कानपुर कपड़ा कमेटी**



करवाचौथ पर ऑनलाइन खरीदारी एक बड़ी चुनौती बनकर उभर रहा है। इसके लिए भी इस बार व्यापारी तैयार हैं। खरीदारों के सामने हम लोग अधिक रेंज लेकर आए हैं।

**–संजीव कुमार ओमर, व्यापारी**

**लापरवाही** पांडु नगर बीमा अस्पताल में खंडहर हालत में खड़ा 367 करोड़ का 'भूत महल'

# खुद कुछ किया नहीं, मेडिकल कॉलेज को भी ट्रांसफर नहीं किया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पांडु नगर में 300 बेड का निर्माणाधीन बीमा अस्पताल जो बीते चार साल से काम रुकने के बाद खंडहर हालत में सरकारी योजना में लापरवाही और भ्रष्टाचार का स्मारक बना खड़ा है, अगर समय रहते जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को स्थानांतरित हो जाता तो आज बड़ी संख्या में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही होती। इस भवन को बनाने में 367 करोड़ रुपये बर्बाद हो चुके हैं। लेकिन 14 साल में यही तय नहीं हो पाया है कि भवन का इस्तेमाल क्या किया जाना है। पहले तय हुआ था कि मेडिकल कॉलेज बनाया जाएगा, फिर डेंटल कॉलेज का प्रस्ताव हुआ। इसके बाद पैरामेडिकल कॉलेज बनाने की बात हुई। बाद में दावा किया गया कि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल शुरू किया जाएगा। लेकिन अंतिम निर्णय किसी पर भी नहीं हो पाया। इसी बीच भवन जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज को देने का प्रस्ताव भी हुआ पर वह प्रस्ताव भी परवान नहीं चढ़ पाया।

अगर यह भवन बनाकर जीएसवीएम मेडिकल कालेज को सौंप दिया जाता तो अभी हैलट अस्पताल में जो विभाग एक कमरे में चल रहे है, उनका यहां विस्तार होता और आधुनिक तकनीक के उपकरणों से इलाज की मरीजों को सुविधा मिलती।

मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में प्रतिदिन करीब 6000 मरीज ओपीडी में इलाज कराने आते हैं। औसनत 300 मरीज प्रतिदिन भर्ती किए जाते हैं। 10 हजार से अधिक मरीजों की प्रतिदिन जांच की जाती है, इनमें ऐसे बीमित लोग भी शामिल रहते हैं, जिनको बीमा अस्पताल में पूर्ण इलाज नहीं मिल पाता है। अगर यह भवन समय रहते मिल जाता तो हॉस्पिटल चलाने के साथ ही फैकल्टी और रेजिडेंशियल ब्लॉक का इस्तेमाल सुनिश्चित हो जाता। बीमा लाभार्थियों को भी इलाज मिलने में आसानी हो जाती।

तीन साल पहले मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्माणाधीन बिल्डिंग को हैंडओवर करने का प्रस्ताव दिया था। इस पर तत्कालीन प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला के साथ पूरे परिसर का निरीक्षण किया था। बिल्डिंग जीएसवीएम को मिल सके, इस संबंध में कई बार पत्राचार भी हुआ, लेकिन कुछ नहीं हो सका।



सत्तापक्ष के सांसद और विधायकों को इस भवन के सदुपयोग पर काम करना चाहिए, ताकि बीमित लोगों को इलाज के लिए परेशानी न हो। अगर वह सांसद बनते तो इसे चालू कराने का पूरा प्रयास करते।

**– राजाराम पाल, पूर्व सांसद**

पांडु नगर बीमा अस्पताल में निर्माणाधीन बिल्डिंग के संबंध में जानकारी है, इसका निर्माण कार्य पूरा हो और अच्छा अस्पताल बन सके, इस संबंध में प्रयास किया जाएगा, श्रमिकों को पूरा इलाज एक ही जगह मिले।

**– रमेश अवस्थी, सांसद, कानपुर**

### कई स्पेशल विभागों के साथ बन सकता हॉस्टल

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला ने बताया कि वर्तमान में जीएसवीएम के पास जगह की काफी कमी है, इस कारण कुछ विभागों का संचालन एक कमरे में किया जा रहा है। अगर पांडु नगर बीमा अस्पताल में निर्माणाधीन बिल्डिंग हैंडओवर की जाती है और बजट जारी किया जाता है तो वहां पर कई स्पेशल विभागों के साथ चर्म रोग, डेंटल व ईएनटी आदि विभागों का संचालन किया जा सकता है। छात्रों के लिए हॉस्टल की भी सुविधा हो सकती है।

## एक नजर

### 163 टीबी रोगियों की जांच

**शिवराजपुर।** ब्लाक के मुस्ता गांव में मंगलवार स्वास्थ्य विभाग ने टीबी रोगियों की जांच के लिए कैंप लगाया। जिसमें सैकड़ों मरीजों के सैंपल लिए गए। शिवराजपुर सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनुज दीक्षित ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन के तहत कैंप लगाकर मरीजों के सैंपल लिए गए हैं। टीबी रोगियों को जल्द बड़े पैमाने पर दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कैंप में 163 रोगियों की जांच व 142 का एक्सरे हुआ। इस दौरान एमओ अंशुल शाक्य, सीमा सिंह, विकास, अनुराधा तिवारी, आशा कुशवाहा, अन्नू कमल, प्रधान रामबेटी, उपासना, उमा देवी आदि रहीं।

### मूकबधिर पीड़िता के नहीं हो सके मजिस्ट्रेटी बयान

**कानपुर।** जूही की 14 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता मूकबधिर किशोरी के मंगलवार को मजिस्ट्रेटी बयान नहीं हो सके हैं। मूक बधिर किशोरी से पड़ोसी ताज बाबू ने घर में घुसकर दुष्कर्म किया था। पुलिस ने आरोपी को पकड़ तो लिया लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं दिखाई है। थाना प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि मूक बधिर विद्यालय की टीम के साथ पीड़िता को मजिस्ट्रेटी बयान के लिए फिर ले जाया जाएगा।

# औद्योगिक क्षेत्रों का होगा कायाकल्प

## पनकी, चकेरी समेत प्रदेश के 24 औद्योगिक क्षेत्रों में सुविधाओं का विकास होगा

**फैसला**

- फुल डेप्थ रीक्लेमेशन तकनीक से सड़कों का होगा निर्माण, तैयारी शुरू
- डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने का काम प्राधिकरण ने शुरू कर दिया है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) चकेरी और पनकी औद्योगिक क्षेत्र का कायाकल्प करेगा। जल्द ही यहां के उद्यमियों को मार्गों पर अंधेरा, जलभराव, टूटी सड़कों की समस्या से निजात मिलेगी। प्राधिकरण ने इसके साथ ही बरेली, लखनऊ, गोरखपुर, रायबरेली आदि जिलों में स्थापित 24 औद्योगिक क्षेत्रों के कायाकल्प की तैयारी शुरू की है। प्राधिकरण यहां मार्ग प्रकाश, सुरक्षा की दृष्टिकोण से सीसीटीवी कैमरे, विद्युत सब स्टेशन, टेलीफोन स्टेशन आदि सुविधाओं की व्यवस्था करेगा। साथ ही सड़कों का निर्माण फुल डेप्थ रीक्लेमेशन तकनीक से करेगा।

> औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्य तेजी से कराने की योजना है। डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जा रही है। जिन सुविधाओं का विकास होना है उन्हें चिह्नित कर लिया गया है।
>
> – मयूर माहेश्वरी, सीईओ यूपीसीडा

पनकी औद्योगिक क्षेत्र की स्थिति बहुत ही खराब है। यहां टूटी सड़कों की वजह से ट्रकों के आवागमन में बहुत ही दिक्कत आ रही है। यहां आए दिन ट्रकों की कमानी टूटती हैं। इस वजह से जाम भी लगता है। यहां जल निकासी की बहुत ही बड़ी समस्या है। बारिश होते ही कारखानों में पानी भर जाता है और सड़कों पर घुटने तक भर जाता है। उद्योगों को कई बार बंद करना पड़ता है और इससे लाखों रुपये का नुकसान भी होता है। यहां विकास कार्य कराने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। प्राधिकरन ने इस औद्योगिक क्षेत्र को नगर निगम को हैंडओवर कर दिया था लेकिन अपेक्षित विकास नहीं हो पाया। ऐसे में विकसित औद्योगिक क्षेत्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन को ध्यान में रखते हुए प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने नए सिरे से इनके विकास का प्लान बनाया है। इसी तरह चकेरी औद्योगिक क्षेत्र भी विकसित होगा। सड़कों का निर्माण एफडीआर तकनीक से किया जाएगा। इससे न सिर्फ लागत कम होगी बल्कि गुणवत्ता में सुधार होगा।

### ये कार्य कराए जाएंगे

लोकनिर्माण विभाग के मानकों तथा यूपीसीडा की जरूरतों अनुसार एफडीआर तकनीक से सड़क निर्माण किया जाएगा। सड़क निर्माण में लेन मार्किंग, स्ट्रीट फर्नीचर आदि की व्यवस्था होगी। बाहरी व आंतरिकत ड्रेनेज सिस्टम की स्थापना, जल आपूर्ति, सीईटीपी व एसटीपी की स्थापना की जाएगी। इसी प्रकार, फ्लैटेड फैक्टरी का निर्माण, पेव्ड फुटपाथ, प्रवेश द्वार निर्माण, ट्रक पार्किंग टर्मिनल, बस शेल्टर, डॉर्मेटरी, फायर स्टेशन का निर्माण व अपग्रेडेशन, पुलिस आउटपोस्ट अपग्रेडेशन, सीएफसी बिल्डिंग का विकास, यूरिनल्स, ईवी चार्जिंग व स्मार्ट व्हीकल पार्किंग, इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर की स्थापना की जाएगी। अंडरग्राउंड लाइन बिछाने, वीडियो कॉर्फ्रेंसिंग सिस्टम, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक्स के विकास, हाई मास्ट व डेकोरेटिव पोल्स की स्थापना, सीसीटीवी कैमरों व कमांड सेंटर की स्थापना, पॉल्यूशन मॉनिटरिंग व पब्लिक एड्रेसिंग सिस्टम व ट्रैफिक लाइट्स की स्थापना जैसे कार्य भी प्रक्रिया के अंतर्गत पूरा किए जाएंगे।

## युवती से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार हुआ

**बिधनू।** बिधनू थानाक्षेत्र की खड़ेसर चौकी क्षेत्र के एक गांव में बीते गुरुवार की शाम घर में अकेली 24 वर्षीय युवती का मुंह दबाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार जेल भेज दिया। घटना के दिन से फरार चल रहे आरोपित को पुलिस ने मंगलवार सुबह मुखबिर की सूचना पर शंभुआ आरओबी के पास से गिरफ्तार किया है।

पीड़िता के अनुसार 10 अक्टूबर की शाम माता-पिता खेत में काम करने गए हुए थे। वह घर पर अकेली थी। तभी दरवाजा खुला पाकर पड़ोसी हिमांशू कुरील घर में घुस आया। युवती ने विरोध किया तो युवक ने मुंह दबाकर दुष्कर्म किया। शोर पर जान से मारने की धमकी दी। खेत से लौटे माता-पिता युवती को लेकर थाने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इस संबंध में थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि युवती की मेडिकल रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

## पैदल चलने लायक नहीं सुंदरनगर का सपर्क मार्ग

शिवराजपुर, संवाददाता

- मुख्य मार्ग तक पहुंचने को 10 किमी लगाना पड़ता है चक्कर

**अमृत विचार।** खस्ताहाल सुंदरनगर गांव का संपर्क मार्ग ग्रामीणों के पैदल चलने लायक नहीं है। अधिकारियों से लगातार शिकायत करने के बाद भी सुनवाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह 2 किमी मार्ग इस कदर जर्जर है कि हिचकोले खाते हुए पार करना पड़ता है। जल्दी पहुंचने के लिए 10 किमी का चक्कर लगाना पड़ता है।

ग्राम पंचायत निवादा सुक्खा के मजरे सुंदरनगर का संपर्क मार्ग कतई लोगों के पैदल चलने लायक नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई है। गांव के रमाशंकर तिवारी, नत्थू, रानू शुक्ला, राजन तिवारी ने बताया कि संपर्क मार्ग लगभग एक दशक से जर्जर हालत में हैं। ऐसे में आवागमन में काफी दिक्कत होती है। अब मार्ग से पैदल निकलने से लोग कतराने लगे हैं। शिव शंकर कमल, श्यामू कश्यप, राजन शर्मा, मुनीम राठौर ने बताया कि मार्ग की लंबाई मात्र दो किमी ही है, मगर पार करने में लोग पसीना छोड़ देते है। अब तो पैदल चलने लायक भी नहीं है। आपातकालीन स्थिति में ग्रामीण लगभग 10 किमी का चक्कर लगाकर शिवराजपुर-शिवली मार्ग पर पहुंच पाते हैं। मार्ग सही न होने से क्षेत्र के कुर्मीखेड़ा, जगतपुर, महाराज नगर, किरतपुर, बरामतपुर, तोडकापुर मनोह, कुरियाना सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों इस समस्या से जूझना पड़ रहा है। एसडीएम रश्मि लांबा ने बताया कि उन्हें कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर सड़क का निर्माण कराएंगी।

# कंपोजिट विद्यालय में गंदगी देख तहसीलदार नाराज हुए

पतारा, संवाददाता



विद्यालय की दीवार पर लगे गोबर के ऊपले। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बंबुराहा कंपोजिट विद्यालय के रास्ते पर अतिक्रमण व परिसर में गंदगी देख घाटमपुर तहसीलदार मंगलवार को स्कूल पहुंच गए। प्रधानाध्यापक से सवाल किया तो जवाब नहीं दे सके। तहसीलदार ने फटकार लगाते हुए जल्द समस्या का समाधान कराने का आदेश दिया।

विकासखंड पतारा के बंबुराहा कंपोजिट विद्यालय के गेट पर अतिक्रमण व दीवारों पर गोबर के ऊपले देख घाटमपुर तहसीलदार लक्ष्मी नारायण बाजपेई दलबल के साथ विद्यालय पहुंच गए। प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी से स्कूल की स्थिति पर जानकारी ली तो वह कुछ जवाब नहीं दे सके। उन्होंने कहा कि रास्ते में अतिक्रमण और दीवार पर गोबर के ऊपले लगे हैं। प्रधानाध्यापक ने कहा कि पड़ोस में रहने वाले जगत सैनी स्कूल की दीवार से पाइप डालकर घर का गंदा पानी स्कूल के अंदर डालते हैं। इस पर तहसीलदार ने फटकार लगाई। तहसीलदार ने ग्राम प्रधान शशि शुक्ला से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन फोन नहीं लगा। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि इसका निराकरण जल्द कराया जाए। लिखित प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई करें। तहसीलदार ने कहा बच्चे विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, उन्हें परेशानी नहीं होनी चाहिए। गंदगी के कारण विद्यालय में मच्छरों की भरमार है।

## छात्र को बचाने में होमगार्ड घायल इलाज के दौरान मौत

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के नारामऊ हाईवे के पास शुक्रवार को छात्र को बचाने में होमगार्ड की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। इससे होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गये थे। लोगों ने उन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया था लेकिन मंगलवार को होमगार्ड की मौत हो गई।

थाना रसूलाबाद कानपुर देहात के अनता निवासी 40 वर्षीय वीरेन्द्र सिंह कल्याणपुर में होमगार्ड के पद पर तैनात थे। शुक्रवार को वह बाइक से कल्याणपुर थाने जा रहे थे तभी नारामऊ के पास जीटी रोड हाईवे पर साइकिल सवार छात्र को बचाने में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाडर से टकरा गई थी। मौके पर जुटे लोगों ने गंभीर रूप से घायल वीरेंद्र को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध हैलेट अस्पताल में भर्ती कराया था लेकिन वहां उनकी मौत हो गई।

# प्रभु प्रेम ही संसार का वास्तविक प्रेम: चंद्रेश

बिधनू, संवाददाता

- बिधनू के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा है



कथा सुनाते चंद्रेश महाराज।

**अमृत विचार।** प्रभु से प्रेम की संसार का वास्तविक प्रेम है। प्रभु से बेटे की तरह प्रेम और मित्र की तरह विश्वास रखो। जीवन मधुर हो जाएगा। यह बात मंगलवार को बिधनू के कठारा गजापुर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज के शिष्य चंद्रश महाराज उर्फ चन्द्रदास ने कही।

उन्होंने कहा कि भक्ति एक ऐसा उत्तम निवेश है, जो जीवन की समस्याओं का समाधान देता है। उन्होंने कहा कथा श्रवण के समय श्रोता के अंदर जिज्ञासा और श्रद्धा होनी चाहिए। महाभारत के कई प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि महाभारत की रचना वेद व्यास ने की है। उन्होंने पांडवों के जीवन में होने वाली श्रीकृष्ण कृपा का सुंदर वर्णन किया है। कथा के बीच सुंदर भजनों पर भक्तों ने जमकर नृत्य किया। इस मौके आचार्य महावीर शुक्ल, आचार्य रजोल शुक्ल, रामसेवक, उमाकांती, मनीष कुमार, दीपक श्रीवास्तव, नीरज सिंह आदि रहे।

## सार-संक्षेप



बस को झंडी दिखाकर रवाना करते अधिकारी। अमृत विचार

### क्षेत्रीय प्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर बस रवाना किया

**घाटमपुर।** भीतरगांव क्षेत्र वासियों को यातायात सहुलियत के लिए मंगलवार भीतरगांव से रामादेवी तीन इलेक्ट्रिक बसों का संचालन यूपीएसआरटीसी कानपुर परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर बसों को साढ़ से रवाना किया। खबर पाकर पहुंचे अमौर निवासी गजेंद्र तिवारी व बलवीर सिंह ने अधिकारियों से कहा कि कुढ़नी कस्बे से भी कोई बस सेवा संचालित नहीं है। इस पर अफसरों ने कहा कि जल्द कुढ़नी से भी बस सेवा संचालित होगी। इस मौके पर साढ़ ग्राम प्रधान जगदीश यादव, गजेंद्र तिवारी, वरुण बाजपेई, अभिनव निगम, राजीव सिंह, पीके शर्मा, मयंक दीक्षित आदि रहे।



अब्दुल कलाम के चित्र पर मात्यार्पण करते लोग। अमृत विचार

### पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की जयंती मनाई

**बिल्हौर।** पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की जयंती पर मंगलवार को कस्बे में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। ककवन ब्लॉक मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव की अगुवाई में पूर्व राष्ट्रपति की जयंती मनाई गई। विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म तमिलनाडु के एक गांव में 15 अक्टूबर 1931 को हुआ था। उनका बचपन संघर्षों से भरा रहा। वह हमेशा सीखने की कला को महत्व देते रहे। मिसाइल मैन कहे जाने वाले अब्दुल कलाम देश के 11वें राष्ट्रपति, एक प्रसिद्ध वैज्ञानिक, शिक्षक और लेखक थे। इस मौके पर ओम, कमल नारायण मिश्रा, मोहम्मद रईस, संजय यादव आदि रहे। इसी तरह एक निजी कोचिंग संस्थान में भी पूर्व राष्ट्रपति की जयंती मनाई गई। शिक्षकों ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति हमेशा छात्रों के मार्गदर्शक रहे और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते थे। इस मौके पर कोचिंग संचालक विशाल चतुर्वेदी, मनोज चतुर्वेदी ,सारिका चतुर्वेदी, रजनी चतुर्वेदी आदि रहीं।

### शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

**बिल्हौर।** कस्बे के लालजी मार्केट में सोमवार रात अवनीश जनरल स्टोर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे लाखों का माल जल गया। जनरल स्टोर के मालिक ने बताया कि वह दुकान बंदकर घर चले गए थे। रात में इनवर्टर में स्पार्किंग होने से आग लग गई। सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों के अनुसार अगर आसपास की दुकानों तक आग पहुंच जाती तो नुकसान ज्यादा होगा। नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दुकानदार की मौत

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शुरू की जांच

**घाटमपुर, संवाददाता।** घाटमपुर कोतवाली थानाक्षेत्र में दुकानदार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दुकानदार खाना खाने के बाद सोया लेकिन दोबारा नहीं उठा। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर जांच कराई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ साफ कहने की बात कही है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतरा निवासी 42 वर्षीय विजय चक अविवाहित था। कस्बे में स्थित घर के बाहर परचून की दुकान चलाकर अपना जीवन यापन करता था। युवक दुकान बढ़ाने के बाद घर पर खाना खाया और छत पर जाकर सो गया। सुबह परिजन युवक को जगाने पहुंचे तो वह नहीं उठा, जिसपर परिजनों ने फोनकर घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस ने फोरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया साक्ष्य जुटाए हैं। इसके साथ ही दुकानदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों ने पुलिस से युवक की हत्या होने की आशंका जताई है। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि दुकानदार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

## कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**चौबेपुर।** क्षेत्र के गोपालपुर मार्ग पर मंगलवार रात तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी।हारसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे मृतक के परिजनों के साथ आक्रोशित ग्रामीणों ने कोको बीच मार्ग पर जाम लगा दिया। गोपालपुर गांव निवासी जयप्रकाश गौतम (25) पुत्र नन्हा गौतम राजमिस्त्री का काम करता है। कार्य समाप्त के बाद बाइक द्वारा कल्यानपुर से अपने घर वापस लौट रहा था। तभी हुलकापुर नहर पुल से गांव को जाने वाले मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे एक कंटेनर ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में के बाद कंटेनर चालक गाड़ी छोड़ मौके से भाग निकला।

# फंड रोकने से नहीं रुकेगी मदरसा शिक्षा

कानपुर। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मदरसों की ग्रांट रोकने की सिफारिश की है, लेकिन इससे मदरसों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। मुस्लिम समाज का कहना है कि मदरसे किसी के मोहताज नहीं हैं। वे घर-घर शिक्षा की अलख जगाने का काम करते हैं। लोगों के सहयोग से मदरसे चलेंगे।




नाम मदरसा है लेकिन काम गरीबों तक शिक्षा पहुंचाना है, मदरसे कभी भी सरकार के भरोसे पर नहीं रहते हैं, प्रत्येक घर तक शिक्षा पहुंचने की योजना पूरी तरह से फेल है, इंगलिश स्कूलों में शिक्षा इतनी महंगी हो गई है कि आम लोगों तक तालीम पहुंचना बहुत मुश्किल काम हो गया जिसे मदरसे ही पूरा कर रहे हैं। सरकार को मदरसों का शुक्रिया अदा करना चाहिए जो शिक्षा का कार्य मजबूती से कर रहे हैं।

– शबनम आदिल, सचिव प्रदेश कांग्रेस एवं संयोजक–सोशल आउचरीच



राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सिफारिश से मदरसों पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है, क्योंकि अधिकतर मदरसे जकात से चलते हैं। मदरसों में गरीब, मध्यम वर्ग के लोग ही बच्चों को दाखिला दिलाते हैं। सरकार के इशारे पर ये फरमान एक वर्ग का तुष्टीकरण है।

– रुमी हसन, विधायक कैंट



यूपी में जब राजनाथ सिंह की सरकार थी, तब मदरसा बोर्ड बनाकर मदरसों की फंडिंग का काम शुरू हुआ था, अब भाजपा को लगता कि पैसा बेवजह बर्बाद हो रहा है, संविधान में 14 साल के बच्चों को बेसिक शिक्षा देना अनिवार्य बताया गया है, लेकिन यह व्यवस्था आज तक नहीं हो पाई। मदरसों, मठ, सिखों, इसाईयों के शिक्षण संस्थानों में शिक्षित करने की व्यवस्था है तो उन्हें शिक्षित किया जा रहा है।

–हाजी मोहम्मद सलीस, महामंत्री, आल इंडिया सुन्नी उलमा काउंसिल

**उपलब्धि** इंडियन फुटवियर कंपोनेट्स मैन्यूफैक्चर्स एसो. का दावा फुटवियर कंपोनेट सप्लाई में दुनिया में भारत दूसरे नंबर पर

# पूरी दुनिया में पहुंच रहा अब कानपुर का जूता : अमीन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जानकारी देते मुख्तारुल अमीन, संजय गुप्ता, अशद कमल ईराकी, जावेद इकबाल, प्रदीप अग्रवाल व प्रेरणा वर्मा।

- कानपुर-लखनऊ हाइवे बंथरा में आज 14 वें संस्करण में लगेंगे 80 स्टाल

**अमृत विचार।** घरेलू फुटवियर कंपोनेट्स मैन्युफैक्चरिंग के मामले में देश सौ फीसदी आत्मनिर्भर बन गया है। इसके साथ ही बांग्लादेश, श्रीलंका, साउथ अफ्रीका व यूरोप के कई देशों में जूतों का निर्यात किया जा रहा है। ऐसे अधिकांश जूते कानपुर में ही बनाए जा रहे हैं। भारत अब घरेलू फुटवियर कंपोनेट्स बनाने के मामले में दूसरे पायदान पर है, पहले नंबर पर चीन है। यह जानकारी मंगलवार को सुपर हाउस ग्रुप के चेयरमैन मुख्तारुल अमीन ने दी।

मकर्राबटगंज स्थित केडी पैलेस में इंडियन फुटवियर कंपोनेट्स मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन (ईएफकोमा) के अध्यक्ष डॉ.संजय गुप्ता ने बताया कि बीते कुछ वर्षों में कानपुर में फुटवियर निर्माण के क्षेत्र में काफी तरक्की हुई है। नई कंपनियों का आगाज हुआ है। कुछ इंटरनेशनल ब्रांड्स ने फुटवियर एवं रिटेल क्षेत्र में निवेश किया है, उनके उत्पाद भारत में निर्मित हो रहे हैं। इसका फायदा फुटवियर मैनुफैक्चर्स को पहुंच रहा है। रोजगार भी बढ़ रहा है। कानपुर व मध्य क्षेत्र में लेदर व इससे जुड़े उद्योग में दो साल में 15 प्रतिशत का विकास हुआ है। वर्ष 2022-23 में कानपुर ने 6000 करोड़ का निर्यात किया है। घरेलू बाजार में भी करीब 200 करोड़ का व्यापार हुआ है। चेयरमैन मुख्तारुल अमीन ने बताया कि भारत सरकार भी उद्योग जगत को बढ़ावा देने में प्रतिबद्ध है। आज से 10 साल पहले भारत 95 फीसदी फुटवियर कंपोनेंट्स इम्पोर्ट करता था, लेकिन आज 10 प्रतिशत भी नहीं करता। जल्द ही हम चीन को भी पछाड़ देंगे। सीएलई के क्षेत्रीय निदेशक अशद कमल ईराकी ने बताया कि उन्नाव के बंथर में विश्व स्तर का डिजाइन स्टूडियो बनाने पर बात चल रही है। निदेशक जावेद इकबाल ने बताया कि आईएफकोमा के प्रतिनिधिमंडल ने ताइवान के कुछ फुटवियर निर्माताओं के साथ संयुक्त उद्यम पर चर्चा की है। समझौता होने से कंपोनेट उद्योगों को विकास मिलेगा। ईएफकोमा के वाइस प्रेसीडेंट प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि सरकार से मांग है कि विदेशी कंपनियां जो देश में मैन्युफैक्चरिंग कर रही हैं, वह 60 प्रतिशत घरेलू उत्पादन करें और 50 प्रतिशत की हिस्सेदारी दे। डिजाइन स्टूडियो जल्द खुले। इंफ्रास्ट्रक्चर की परेशानी दूर की जाए और रॉ मैटेरियल की उपलब्धता बढ़ाई जाए। क्रिएटिव इंडिया की निदेशक प्रेरणा वर्मा ने शू टेक के 14वें संस्करण की जानकारी दी। यह सम्मेलन 16 व 17 अक्टूबर को आयोजित होगा।

### आज इनको मिलेगा अवार्ड

ईएफकोमा कानपुर–लखनऊ हाइवे स्थित बंथरा उन्नाव स्थित केएलसी कॉप्लेक्स में बुधवार को लाइफटाइम एचीवमेंट अवार्ड से नजर मोहम्मद (लेदर) व गुलशन कुमार धूपर (कंपोनेट) को सम्मानित करेगा। ताज आलम को पायनियर ऑफ इंडस्ट्री एक्सीलेंस अवार्ड, अनिल खेमका को ईएफकोमा एक्सीलेंस अवार्ड और रफेय इकबाल को ईएफकोमा यंग इंटरप्रीनियोर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# बच्चों के नाम संतों की सलाह पर रखें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



शांतनु जी को माला पहनाते संजीव जैन।

- कथा व्यास आचार्य शांतनु ने प्रभु राम के रूप सौंदर्य का किया वर्णन

**अमृत विचार।** सेवा भारती कानपुर प्रांत की ओर से आयोजित रामकथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य शांतनु महाराज ने कहा जब प्रभु प्रकट हुए तो आकाश से देवी-देवता पुष्प वर्षा करने लगे। इसी के साथ कथा प्रांगण जयकारों से गूंज उठा। कथा से पहले सुब्रतो व कथा संयोजक संजीव जैन ने आचार्य शांतनु महाराज का स्वागत किया।

केशवनगर डब्ल्यू ब्लाक कामर्शियल ग्राउंड में चल रही कथा के तीसरे दिन अनूप सिंह, निरंजन, नीतीश त्रिपाठी व सुरेश ने प्रभु की आरती उतारी। मंगलवार को महाराज ने प्रभु जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। कहा, जब प्रभु श्रीराम प्रकट हुए तो देवी-देवता भी आकाश में खड़े होकर पुष्प वर्षा कर रहे थे। अयोध्यावासी प्रभु के दर्शन के लिए दौड़ पड़े। महाराज ने प्रभु के बाल लीलाओं का वर्णन किया। महाराज ने प्रभु के रूप सौंदर्य का वर्णन करते हुए कहा कि नामकरण संस्कार संतों, शास्त्रों व बड़े-बुजुर्गों और विद्वानों से पूछकर ही करना चाहिए। हमारे यहां पुरानी कहावत है कि यथा नाम तथा गुणः। नाम से ही गुणों का निर्माण होने लगता है। यही कारण है कि नाम रखने से पहले विशेष मंथन जरूरी है। महाराज ने कहा कि शिक्षा और समझदारी में अंतर है। अगर नए भारत का निर्माण करना है तो शिक्षा के साथ संस्कार की भी आवश्यकता है। हम आने वाली पीढ़ियों को पैसा कमाने की मशीन बना रहे हैं और ऐसे बालक कभी भी अपने माता-पिता, परिवार-समाज व राष्ट्र महत्व को नहीं समझते हैं। इन छोटी-छोटी बातों पर विशेष ध्यान देना चाहिए। विश्वामित्र यज्ञ रक्षा के प्रसंग पर महाराज ने बताया कि प्रभु विश्वामित्र के साथ जाकर उनके यज्ञ की रक्षा करते हैं। अर्थात अपने जीवन रूपी यज्ञ कि रक्षा करनी है तो राम और लक्ष्मण की शरण में जाओ। प्रभु ने मां अहिल्या का भी उद्धार किया। इस प्रसंग को समझाते हुए महाराज ने कहा कि जीवन में जब भी कोई पाप हो जाए उसे छुपाना नहीं चाहिए। इस मौके पर स्वामी रामचंद्र कारसेवक अयोध्या, साध्वी कर्णिक ईश्वर प्रेम आश्रम कानपुर, क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर, प्रांत संगठन मंत्री गजेंद्र सिंह, प्रांत अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, प्रांत स्वास्थ्य आयाम संयोजक विपुल मिश्रा, प्रांत स्वावलंबन प्रमुख संजय श्रीवास्तव आदि रहे।

### पांच लाख रुपये भेंट किया

कथा संयोजक संजीव जैन ने सेवा भारती को पांच लाख रुपये की चेक प्रदान की। लोगों से सेवा भारती के कार्यों में मदद के लिए दान की अपील की।

## एक नजर

### तालाब आवंटन अगले माह

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देश पर रसूलाबाद एसडीएम नीलिमा यादव ने बताया कि तहसील क्षेत्र में मत्स्य पालन के लिए तालाबों का 10 वर्षीय पट्टा आवंटन तहसील सभागार में 14 नवंबर को किया जाएगा।

### मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक 18 को

**राजपुर।** अमरौधा ब्लॉक के नवीन मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड खरका की तीसरी बैठक 18 अक्टूबर को पंचायत भवन किशुनपुर में आहूत की जाएगी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष राहुल सिंह निषाद ने दी।

### पटाखा दुकानों का निरीक्षण

**शिवली।** दीपावली के त्योहार को देखते हुए एसडीएम सुरभि शर्मा ने पटाखा की दुकानों का निरीक्षण किया और मानकों का पालन करने के निर्देश दिए। कहा कि लापरवाही पर दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने मैथा, बैरी, बाघपुर आदि जगहों पर पटाखा की दुकानों का निरीक्षण किया। उनके साथ सीओ राजीव सिरोही, अग्निशमन अधिकारी कृष्ण कुमार निगम और इंस्पेक्टर कृष्णानंद राय मौजूद रहे।

### दो दिन में ही डीएपी खत्म

**शिवली।** इफ्को बाजार सेवा केंद्र में आई डीएपी खाद दो दिन में बिक गई। पांच सौ बोरी डीएपी खाद लेने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। किसानों को दो-दो बोरी डीएपी खाद दी गई। सेवा केंद्र को 500 बोरी डीएपी खाद का स्टॉक मिला था। विक्रय अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने बताया कि दो दिनों में खाद बिक गई। दूसरी खेप आने पर फिर से डीएपी खाद की बोरी का वितरण किया जाएगा। नैनो डीएपी बोतल में उपलब्ध है।

### महिला कृषकों को दिया गया प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** कृषि कल्याण केन्द्र बारा में उप कृषि निदेशक रामबचन राम की अध्यक्षता में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 50 प्रगतिशील महिला किसान पहुंचीं। उप कृषि निदेशक ने सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों एवं योजनाओं के साथ कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर डीसी एनआरएलएम, अग्रणी जिला प्रबन्धक, बैंक आफ बडौदा, कानपुर देहात, अपर जिला कृषि अधिकारी एवं पूर्व प्रधान ग्राम अहिरन गढेवा, प्रवेशिका देवी आदि उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर में 3 दोषियों पर आरोप तय

## मामले की सुनवाई के लिए 11 नवंबर की तिथि नियत की गई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**बिकरू कांड**

- अभिनव तिवारी, राधे उर्फ रामजी और अमन शुक्ल पर आरोप तय
- अदालत में हाजिर होने पर वारंट आदेश किया गया निरस्त

**अमृत विचार।** बिकरू कांड में तीन महिलाओं सहित 9 आरोपियों पर गैंगस्टर मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही है। छह आरोपियों पर आरोप तय होने के बाद शेष तीन आरोपियों पर भी अदालत ने आरोप तय कर दिए हैं। अब मामले की सुनवाई 11 नवंबर को होगी।

चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग की फायरिंग में सीओ सहित आठ पुलिस कर्मी शहीद हो गए थे, जबकि छह पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने विकास दुबे सहित 21 नामजद व 50-60 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने विकास दुबे सहित छह बदमाशों को मुठभेड़ में मार दिया था। अन्य अपराधियों को जेल भेजा था। इसके साथ ही पुलिस ने जेल में निरुद्ध 30 आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की थी। पुलिस ने वर्ष 2022 में दो आरोपियों उमाशंकर व विपुल दुबे पर गैंगस्टर लगाया था, जिसमें अभियोजन की गवाही चल रही है। 19 जनवरी 2023 को चौबेपुर पुलिस ने बिकरू केस के 9 आरोपियों क्षमा दुबे, रेखा अग्निहोत्री, शांति देवी, संजय सिंह परिहार, अभिनव तिवारी, अमन शुक्ला, रामजी उर्फ राधे कश्यप, शुभम पाल व विष्णु कश्यप के खिलाफ गैंगस्टर लगाकर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था, जिसमें आरोप पर सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट दुर्गेश की अदालत में चल रही थी। पिछली तिथि पर कोर्ट में हाजिर छह आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए थे, वहीं जमानत पर चल रहे तीन आरोपियों अभिनव तिवारी, राधे उर्फ रामजी व अमन शुक्ला के अदालत हाजिर न होने पर उनके खिलाफ वारंट जारी किए थे। विशेष लोक अभियोजक अमर सिंह भदौरिया ने बताया कि शेष तीनों आरोपियों अभिनव तिवारी, राधे उर्फ रामजी व अमन शुक्ला के अदालत हाजिर होने पर अदालत ने वारंट आदेश निरस्त कर उनके खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं।

### नाबालिग से अश्लीलता में 5 साल का कारावास

**कानपुर देहात।** सजेती क्षेत्र के एक गांव में करीब दो साल पहले नाबालिग लड़की को टॉफी का लालच देकर अश्लीलता के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को पांच साल की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने बताया था कि 19 सितंबर 2022 को उसकी 13 वर्षीय पुत्री दादी के साथ कपड़ा धुलाने तालाब गई थी। उसी दौरान गांव के सुरेश सचान ने टॉफी का लालच उसके साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र पेश किया था। अपर जिला जज 13/ पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी ने मंगलवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुरेश सचान को 5 साल कारावास की सजा के साथ ही उस पर 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

### छेड़छाड़ और मारपीट में 3 लोगों को 3 साल की सजा

**कानपुर देहात।** विशेष लोक अभियोजक विकास सिंह ने बताया कि शिवराजपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री 6 जून 2014 को कोचिंग से घर लौट रही थी। रास्ते में पड़ोसी अभिषेक पाठक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। उसने अभिषेक के पिता रामकिशोर पाठक से शिकायत की तो दूसरे दिन अभिषेक पाठक, रामकिशोर पाठक, हर्ष, शिवम् व मुन्ना गुप्ता ने लाठी-डंडा व कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने अभिषेक पाठक, रामकिशोर पाठक व मुन्ना गुप्ता के खिलाफ आरोपपत्र पेश किया। अपर जिला जज 13/पॉक्सो एक्ट शरद कुमार त्रिपाठी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीनों आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई और सभी पर अर्थदंड भी लगाया है।

# गोदाम के बाहर उर्वरक स्टाक और मूल्य लिखें

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जिलाधिकारी ने उर्वरक की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश


**अमृत विचार।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में उर्वरक मॉनिटरिंग की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आहुत की गई। बैठक में जनपद में लक्ष्य के सापेक्ष उर्वरकों यूरिया, डीएपी, एनपीके एवं एमओपी की उपलब्धता, वितरण आदि के प्रगति की समीक्षा कर दिशा दिए।

उप कृषि निदेशक रामबचन राम ने बताया कि जनपद में यूरिया 26248 मैट्रिक टन, फास्फेटिक उर्वरक 11231 मैट्रिक टन, एमओपी 773 मैट्रिक टन, एसएसपी 1014 मैट्रिक टन उपलब्ध हुई है। इसके सापेक्ष जनपद में यूरिया 24339 मैट्रिक टन, फास्फेटिक उर्वरक 8654 मैट्रिक टन, एमओपी 692 मैट्रिक टन, एसएसपी 892 मैट्रिक टन अवशेष है।

कृषकों में वितरण के लिए नजदीकी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर आसानी से उपलब्ध हो रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सतत सुनिश्चित की जा रही है। इसके लिए डीलर अपने स्टॉक सम्बन्धी रिकार्ड अद्यतन रखें। दुकान के बाहर स्टॉक की मात्रा, रेट आदि को प्रदर्शित करें। बैठक में समस्याओं को भी सुना गया। बैठक में अपर जिला कृषि अधिकारी प्रतिष्ठा यादव, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता मौजूद रहे।

# हादसे में दवा व्यवसायी की मौत

संवाददाता, शिवली



शिवसागर शर्मा।



युवक की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- शिवली में अन्ना मवेशी से बाइक टकराने पर हादसा
- हैलट अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में थम गईं सांसें

**अमृत विचार।** आवारा मवेशी जान के दुश्मन बन गए हैं। कस्बे में बस अड्डे तक गया दवा व्यवसायी बाइक से वापस घर लौट रहा था, तभी कल्याणपुर रोड पर आवारा मवेशी के अचानक बाइक के सामने आ जाने से वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। हैलट अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

कस्बे के कल्याणपुर रोड निवासी लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी गिरीश शर्मा का पुत्र शिवसागर उर्फ दुलारा शर्मा (28) दवा का व्यवसाय करता था। सोमवार की रात वह बाइक से बस अड्डे तक गया था। वहां से लौटकर घर जा रहा था, तभी कल्याणपुर रोड पर बाइक के सामने अचानक आवारा मवेशी आ गया। उसने मवेशी से बचने की पूरी कोशिश की, लेकिन बाइक टकराकर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे फौरन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिवार वाले हैलट अस्पताल कानपुर ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी सांसें थम गईं। पिता गिरीश शर्मा ने बताया कि मंगलवार को गंगाघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। कस्बा प्रभारी अरविंद तिवारी ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था। लेखपाल नितिन बाजपेई ने परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी जुटाई। पूरा परिवार गम में डूबा है।

# अब्दुल माजिद जिलाध्यक्ष बने

**पुखरायां।** मदरसा अरबिया मदीना तुल उलूम नूरगंज में जमीयत उलेमा की जिला बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मौलाना नेमतुल्लाह राजपुरी ने की। इस मौके पर मौलाना अब्दुर रहमान साहब कासमी की निगरानी में जमीयत उलेमा का जिलाध्यक्ष मौलाना अब्दुल माजिद कासमी को नियुक्त किया गया।

हाफिज शकील अहरौली शेख को महासचिव नियुक्त किया गया मौलाना नेमतुल्लाह कासमी को कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कारी बिलाल नक्शबंदी को खजांची बनाया गया। मौलाना सलीम पुखरायां हाफिज असद डेरापुर को जिले का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें पूरे जिले से सम्मानित लोग मौजूद रहे मुख्य रूप से मौलाना अब्दुर रहमान साहब कासमी मौलाना नेमतुल्लाह साहब राजपुरी शेख मोहम्मद हाफिज इनामुल्लाह हाफिज राशिद हाफिज वसीम अरशद मौजूद रहे।

# पूर्व राष्ट्रपति की जयंती मनाई गई

संवाददाता, राजपुर



पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते दिनेश मिश्रा।

- राजपुर में कार्यक्रम आयोजित कर मिसाइनमैन को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार।** कस्बे के न्यू लिटिल पब्लिक एजूकेशन सेंटर में भारत के 11वें राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मंगलवार को मनाई गई। राष्ट्रीय पंचायतीराज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने मिसाइल मैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी।

सरस्वती विद्या मंदिर की ओर से संचालित न्यू लिटिल पब्लिक एजूकेशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय पंचायतीराज प्रधान संगठन के प्रदेश महासचिव दिनेश मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 अक्टूबर को डॉ. अब्दुल कलाम के जन्मदिन को छात्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। छात्रों और शिक्षा के प्रति डॉ कलाम के प्रयासों के कारण ही उन्हें सम्मान देने के लिए इस दिन विश्व छात्र दिवस मनाते हैं। कलाम दुनियाभर में मिसाइल मैन के नाम से भी मशहूर हैं। रामेश्वरम में जन्मे कलाम बचपन में पायलट बनना चाहते थे। लेकिन पारिवारिक कारणों से यह संभव न हो पाया। निराश कलाम ऋषिकेश चले गये, जहां उनकी मुलाकात स्वामी शिवानंद से हुई। उनकी सीख और मार्गदर्शन के बाद कलाम ने वैज्ञानिक बनने की ठानी।

डॉ. कलाम ने पूरी दुनिया में भारत का नाम रोशन किया। मिसाइल प्रोग्राम में भारत के अग्रणी देशों में शामिल होने के पीछे उनका बड़ा योगदान रहा। उनके विचार, उनके दिए अनमोल वचन हर छात्र, युवा और भविष्य बना रहे किशोर के लिए प्रेरणा है।

उन्होंने कहा कि अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते है तो पहले सूरज की तरह जलो,ऐसे उनके विचार व अनमोल वचन थे। इस मौके पर सिलहरा प्रधान रामवली सिंह, शौकत अली, देवेंद्र सिंह, कपिल पोरवाल, राजनारायन सिंह, दिलीप सिंह, आशीष पोरवाल, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



शपथ ग्रहण करते लेखपाल संघ के नए पदाधिकारी। अमृत विचार

# उत्कर्ष त्रिपाठी अध्यक्ष हर्षित त्रिपाठी बने मंत्री

**शिवली।** मैथा तहसील में लेखपाल संघ की तहसील इकाई का गठन किया गया। नए पदाधिकारियों ने शपथ ग्रहण की।

तहसील मैथा लेखपाल संघ में उत्कर्ष त्रिपाठी अध्यक्ष व हर्षित त्रिपाठी मंत्री चुने गए। जब कि धर्मेंद्र तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष,मोहित कन्नौजिया कनिष्ठ उपाध्यक्ष,राजीव पांडेय संगठन मंत्री,आशीष कुमार कोषाध्यक्ष,अंकित कुमार पाल लेखा परीक्षक चुने गए। सभी पदों पर निर्विरोध चयन किया गया। चयनित पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर कामता प्रसाद मिश्र,अटल त्रिपाठी, नितिन बाजपेई, सर्वेश पाल, धर्मेंद्र गौतम, राजनरायन, धर्मेंद्र त्रिपाठी, धर्मेंद्र सचान, अर्पित श्रीवास्तव, सुजीत सिंह मौजूद रहे।

# धर्मेंद्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, चंद्रवीर बने मंत्री

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते शिक्षक। अमृत विचार

- जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की सरवनखेड़ा ब्लॉक इकाई का चुनाव सम्पन्न

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ सरवनखेड़ा का निर्वाचन सोमवार को सम्पन्न हुआ। पर्यवेक्षक के रूप में जनपदीय पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पाल और राकेश गौतम द्वारा निष्पक्ष निर्वाचन पूर्ण कराया गया।

प्रेक्षक के दायित्वों का निर्वहन मंडलीय पदाधिकारी शोभित शुक्ला ने किया। अध्यक्ष पद पर संविलियन विद्यालय सरवनखेड़ा के शिक्षक धर्मेन्द्र सिंह चैहान ने 102 मत प्राप्त कर प्रतिद्वन्दी निरुपम तिवारी को मात दी। उन्हें मात्र 55 मत ही प्राप्त हुए। मंत्री के पद पर चन्द्रवीर पाल, कोषाध्यक्ष पद पर पूनम सिंह, उपाध्यक्ष पद पर विपिन त्रिवेदी, रूपा मिश्रा, प्रदीप कुमार, संयुक्त मंत्री पर श्रीनारायण त्रिपाठी, शांतिस्वरूप कुशवाहा, चंद्रभूषण, लेखाकार शशिप्रभा मिश्रा, आय व्यय निरीक्षक सुरेश प्रजापति निर्वाचित हुए।

विजयी प्रत्याशियों का फूल माला से स्वागत किया गया और मिष्ठान्न वितरण भी किया गया। इस अवसर पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष दिनेश संखवार,जनपदीय उपाध्यक्ष कामता सिंह, महावीर कमल, हंसराज सोनकर, विनोद शर्मा, सुग्रीव, सतेन्द्र कुमार, रावेन्द्र सिंह चन्देल, महेन्द्र कटियार, अनुराग सचान मौजूद रहे। नए पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया।

## सार-संक्षेप

### 100 मीटर दौड़ में अंजली और रजा ने मारी बाजी




**मंगलपुर।** न्याय पंचायत स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक स्तर पर 50 व 100 मीटर बालक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय सुरासी के हसन रजा ने प्रथम स्थान पाया। 50 मीटर बालिका वर्ग में नन्दनी भावसिंह का पुरवा ने प्रथम स्थान पाया। 100 मीटर में अंजली देवी उडनवापुर में प्रथम स्थान पाया, उच्च प्राथमिक में 100 मीटर बालिका वर्ग में काजल डिलवल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक वर्ग में आदित्य खानपुर ने प्रथम स्थान पाया। कबड्डी प्रतियोगिता (बालिका वर्ग) में उच्च प्राथमिक विद्यालय दिलवल टीम की काजल, आदिति, रिया, राखी, नैंसी, शिवांगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर व्यायाम शिक्षक उपेन्द्र कटियार, विकास कुमार, दीपक कटियार, आमोद द्विवेदी, महेंद्र वर्मा, सोनू कुशवाहा, दुर्गेन्दर, विनोद, अंकित यादव, गौरव राजपूत, रामदुलारे आदि लोग मौजूद रहे।

### उत्कर्ष बने एबीवीपी के तहसील संयोजक

**डेरापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला कार्यकारिणी की बैठक मंगलवार को अकबरपुर के सरला द्विवेदी महाविद्यालय में जिला प्रमुख अनिल द्विवेदी और जिला संयोजक कुलदीप सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक के पश्चात जिला प्रमुख अनिल द्विवेदी जी ने परिषद के कार्यकर्ताओं को दायित्वों की घोषणा की। उत्कर्ष सिंह तहसील संयोजक,जिला सोशल मीडिया संयोजक मिस्वा खान को बनाया गया है। जिला संयोजक कुलदीप सिंह ने बताया कि अभाविप अकबरपुर नगर इकाई के पुनर्गठन विवेक यादव को अध्यक्ष, नितिन सिंह चौहान को मंत्री, राघवेंद्र, शिवा एवम नितिन कश्यप को सहमंत्री बनाया गया है।

**जागरूकता बढ़ाएं** | जिलाधिकारी ने जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में दिए निर्देश

# बच्चों से बाल मित्र की तरह व्यवहार करें

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात




बैठक में जानकारी लेते जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति व सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम, बेटी बचाओ बेटी पढाओं योजना की समीक्षा जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह रोकथाम, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, विशेष किशोर पुलिस इकाई, मानव तस्करी सेल के कार्यो तथा बेटी बचाओ बेटी पढाओ की समीक्षा की गई। उन्होंने विशेष किशोर पुलिस इकाई तथा समस्त थानो के बाल कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि बच्चों से सम्बन्धित समस्त मामलों में संवेदनशीलता से बाल मित्र जैसा व्यवहार करते हुए त्वरित कार्यवाही करे।

उन्होंने बाल विवाह, बालश्रम के में आमजनमानस को जागरूक किए जाने, विकास खण्ड, ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में 1098-चाइल्ड लाइन एवं 181-महिला हेल्पलाइन नंबर का प्रचार-प्रसार कराए जाने के लिए निर्देशित किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जनपद स्तर, ब्लॉक स्तर, नगर पालिका एवं ग्राम स्तर पर बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों का गठन है। प्रत्येक समिति में द्वितीय त्रैमासिक बैठक में सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया।

बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हिमांशु कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी अमित राठौर, जिला विकास अधिकारी (परियोजना निदेशक) वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी विकास पटेल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अब महिलाएं सभी क्षेत्रों में अग्रणी

**रूरा।** सिठमरा गांव में मंगलवार को महिला किसान दिवस के अवसर पर कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश पाल की अध्यक्षता में कृषि के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश के साथ-साथ महिला किसान प्रधान देश भी है। महिलाओं को छोड़ उन्नत तथा प्रगतिशील कृषि की बात नही की जा सकती है। महिलाएं सभी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने पशु पालन करने, कुकुट पालन करने, मास्क, थैला, मशाला, आचार, बेसन, मोमबत्ती बनाने, सब्जी, मशरूम उत्पादन करने आदि से महिलाओं को जोड़ने का आह्वान किया। प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार मनोज कुमार ने भी महिला किसानों की कृषि के क्षेत्र में बेहतर भूमिका की सराहना की। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि पुती भारती, श्याम, पंकज मुछाला, ने महिला किसानों को शाल देकर सम्मानित किया, महिला किसान राधा देवी, चंदेश कुमारी समेत काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



सिकंदरा में वृद्धा की मौत पर गम में डूबीं महिलाएं और छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

# वृद्ध महिला की संदिग्ध हालात में मौत

संवाददाता, सिकंदरा

- नाती ने जताई हत्या की आशंका फोरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

**अमृत विचार।** संदिग्ध हालात में बीमारी के चलते वृद्ध महिला की मौत पर नाती ने हत्या की आशंका जताई है। मौके पर फोरेंसिक टीम के साथ पहुंची। थाना पुलिस ने साक्ष्य एकत्रित कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सिकंदरा कस्बा स्थित पटेल चैक के पास बैंक आफ बड़ौदा के बगल में नीलावती पत्नी सुखलाल उम्र 90 वर्ष अपनी पुत्रवधू मधूरानी व नाती शशिवेन्द्र के साथ रहती थी। मंगलवार को वृद्ध महिला अचानक तबीयत बिगड़ी। इसके बाद उसकी मौत हो गई। जिस पर मृतका की बेटी के पुत्र अजय फौजी ने नानी की हत्या की आशंका जताकर और पुलिस के आलाधिकारी को इसकी सूचना दे दी। ग्रामीणों के मुताबिक पूर्व में मृतका के पुत्र गंगा सिंह व बाबू सिंह की मौते हो चुकी है। घटना की जानकारी मिलने पर फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा। वृद्ध महिला की मौत को आस पास के लोग बीमारी के चलते बता रहे हैं थाना प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दबोचा शातिर लुटेरा

## रोकने पर पुलिस पर किया फायर, जवाबी कार्रवाई में लुटेरे के पैर में लगी गोली, साथी भागने में रहा सफल

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन पुलिस की मंगलवार भोरपहर पक्षी विहार रिंग रोड पर चेकिंग के दौरान शातिर लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस पार्टी पर की गई फायरिंग की जवाबी कार्रवाई में लुटेरे के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। वहीं अंधेरे का लाभ उठाकर उसका साथी मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने बताया कि अजगैन एसएचओ अवनीश सिंह एसओजी टीम के साथ पक्षी विहार रिंग रोड नवाबगंज के पास मुखबिर की सूचना पर मंगलवार भोरपहर चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार दो युवकों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। इस पर बाइक सवार युवक ने पुलिस पर फायर कर दिया। बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमें एक बदमाश के दाएं पैर में गोली लग गई और वह घायल होकर वहीं पर गिर पड़ा, जिसे पुलिस कर्मियों ने दबोच लिया। वहीं उसका साथी मौके से भाग निकला। पुलिस कर्मियों ने घायल बदमाश को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। इसके बाद एएसपी उत्तरी व सीओ संतोष सिंह ने मुठभेड़ स्थल का निरीक्षण किया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम इरफान अहमद निवासी जाजमऊ ताड़ बगिया जाजमऊ कानपुर नगर बताया। पुलिस ने दावा किया कि इरफान 29 अगस्त को कोतवाली क्षेत्र की नवाबगंज चौकी के पास उमा पत्नी संतोष से हुई लूट में शामिल था। पुलिस ने उसके पास से तमंचा व कारतूस सहित 3250 रुपये बरामद किये हैं। एएसपी ने बताया कि लुटेरे को पुलिस अभिरक्षा में अस्तापल में भर्ती कराया गया है।


घायल लुटेरे को ले जाते पुलिस कर्मी। अमृत विचार


जानकारी देते एएसपी अखिलेश सिंह। अमृत विचार

- मंगलवार तड़के अजगैन पुलिस ने चेकिंग के दौरान की कार्रवाई
- 29 अगस्त को महिला के पर्स में रखे जेवर लूटकर हुआ था फरार

### दंपति को टक्कर मार कर गिराने के बाद छीना था पर्स

**उन्नाव।** 29 अगस्त को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के केवाना गांव निवासी संतोष पुत्र बाबूलाल अपनी पत्नी उमा के साथ लखनऊ निवासी अपने दोस्त के यहां पार्टी में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। तभी रात 11 बजे नवाबगंज पुलिस चौकी के पास इरफान व उसके साथी ने बाइक से संतोष की बाइक में टक्कर मार कर उन्हें गिरा दिया था। वह संभल पाते इससे पहले लुटेरे उमा का पर्स मारपीट कर छीन कर भाग गए थे। पीड़ित ने चौकी जाकर घटना की जानकारी दी थी। चौकी के पास हुई लूट के बाद तत्कालीन एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने नवाबगंज चौकी इंचार्ज अरविंद पांडेय को हटा दिया था।

# दबंग उठा ले गए गोबर की खाद सभासदों में रोष

**गंजमुरादाबाद।** नगर पंचायत की हजारों रुपये कीमत की गोबर की खाद कुछ दबंग बिना नीलामी के जबरन उठा ले गए।

स्थानीय नगर पंचायत द्वारा बीते कई वर्षों से ब्लाक कार्यालय के पास पशु आश्रय स्थल का संचालन किया जा रहा है। यहां से निकली भारी मात्रा में गोबर की खाद पास में ही जमा थी। मंगलवार को कुछ लोगों द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली से मजदूरों के जरिए गोबर की खाद का उठान कराया जा रहा था। तभी इसकी भनक सभासदों को लग गई। इस पर नगर पंचायत के सभासद जब्बार बेग, मंतसा, मोनिस अंसारी व राजेश कुमार ने ईओ व नगर पंचायत अध्यक्ष को इससे संबंधित शिकायतीपत्र देकर पशु आश्रय स्थल में जमा गोबर की खाद बिना नीलामी के उठाने पर आपत्ति जताई। सभासदों ने पंचायत प्रशासन से हजारों की खाद अवैधानिक तरीके से उठाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।


सीएचसी नवाबगंज में मौजूद मारपीट में घायल हुए लोग। अमृत विचार

# जमीनी विवाद में हुई मारपीट, 7 लोग घायल

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** ढाई बिसुआ जमीन को लेकर दो पक्षों में चली आ रही तनातनी मंगलवार सुबह खूनी संघर्ष में बदल गई। मारपीट में एक पक्ष से 7 लोग घायल हो गए।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र झलोतर गांव निवासी बीबी फातिमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार सुबह सात बजे वह घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी गांव के नूर आलम, शुबेब, जुबेर, शकील, प्रवेश व साजेद ने उनके घर पर चढ़ाई कर दी और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर वे मारपीट पर उतर आए और लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। बीबी फातिमा को बचाने आई तहरीन, मैमून बानो, शहबाज, नेहा, शबाब व शफ़िल भी घायल हो गए। जिन्हें एम्बुलेंस से नवाबगंज सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टर ने समरीन, नेहा, शहबाज व बीबी फातिमा को जिला अस्पताल भेज दिया। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। पीड़ित पक्ष ने प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# युवक पर महिला को लेकर जाने और बेचने का आरोप

संवाददाता सोहरामऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव हिम्मतगढ़ निवासी युवक ने पत्नी के बिना बताए घर से जाने की सूचना बीती 17 सितंबर को दी थी। खोजबीन के बाद पीड़ित युवक को जानकारी मिली कि गांव का ही एक युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया और बेच दिया है। जिसकी तहरीर पीड़ित ने 13 अक्टूबर को दी थी।

गांव हिम्मतगढ़ निवासी रज्जन लाल पुत्र सुरुजू ने बताया कि उसकी पत्नी आकांक्षा बिना बताए घर से कहीं चली गई थी। जिसकी सूचना उसने सोहरामऊ थाने में दी थी। उसे पता चला कि गांव निवासी दिनेश लोध उसकी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले गया और कही बेच दिया है। वहीं मामले की जांच कर रहे दरोगा सुरेंद्र सिंह ने बताया कि बेचने का आरोप गलत है। महिला अपनी मर्जी से किसी के साथ गई है। उसका पता चल गया है। जल्द ही उसे बरामद कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक पर किशोरी को बहलाकर ले जाने का आरोप

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी चाऊमिन खरीदने भुट्टा चौराहा गई थी। तभी एक युवक ने बहला-फुसलाकर उसे बाइक पर बैठा लिया और भाग निकला। पिता ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि कमलेश पुत्र नन्हू ने उसकी 14 वर्षीय बेटी को मोबाइल दिया था। जिससे युवक अक्सर बेटी से बात करता था। एक दिन उसने बेटी को मोबाइल पर युवक से बात करते देख लिया था। तब बेटी ने मोबाइल कमलेश का बताया था। बीती 14 अक्टूबर की शाम उसकी बेटी चाऊमीन खरीदने गांव स्थित भुट्टा चौराहा गई थी। जहां से वह अचानक लापता हो गई। चौराहे के दुकानदारों ने बताया कि एक युवक उसकी बेटी को बाइक पर बैठाकर गया है। पिता ने रिपोर्ट में बेटी के साथ किसी अप्रिय घटना की भी आशंका जताई है।


घटनास्थल पर मौजूद एसडीएम रामदेव निषाद। अमृत विचार


नदी में महिला की तलाश करने जाती एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार

# एसडीआरएफ टीम ने की महिला की तलाश, नहीं मिली

फालोअप

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

- बीते सोमवार सई नदी किनारे मिली थी महिला की स्कूटी फोन व अन्य सामान
- महिला के नदी में डूबने की आशंका पर दो दिनों से की जा रही है उसकी खोज

**अमृत विचार।** घर से निकली महिला की स्कूटी सई नदी किनारे मंदिर के पास खड़ी मिलने और महिला के लापता होने की जानकारी पर पुलिस ने बीते सोमवार गोताखोरों से उसकी खोज नदी में कराई थी। बाद में मंगलवार को लखनऊ से एसडीआरएफ की 16 सदस्यीय टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आठ घंटे तक नदी में खोज की। लेकिन, महिला का पता नहीं चल सका।

कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर पचगहना गांव निवासी चांदनी (27) पुत्री स्व. मदार बख्श सोमवार सुबह 9 बजे घर से हसनगंज दवा लेने की बात कहकर निकली थी। दोपहर डेढ़ बजे कस्बा मोहान के जलेश्वर नाथ मंदिर के पास सई नदी किनारे मोबाइल फोन, स्कूटी, दुपट्टा व मोबाइल फोन कवर ने रखे दो हजार चालीस रुपये रखे मिले थे। जिस पर एक चरवाहे ने पुलिस को बताया कि महिला मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर पैर धो रही थी अचानक कही चली गई जिसपर पुलिस व परिजन नदी में डूबने की आशंका पर सोमवार देर शाम तक कस्बे के ही 6 गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन करते रहे लेकिन कुछ पता नहीं चला जिसपर पुलिस ने मंगलवार सुबह 6 बजे लखनऊ से एस डी आर एफ की 16 सदस्यटीम बुलवाकर व स्टीमर से सई नदी में खोजबीन करने के लिए उतार दिया। लेकिन 28 घंटे बीतने के बाद भी अभी तक कोई सफलता नहीं मिली। मंगलवार को एसडीएम रामदेव निषाद ने घटना स्थल पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली है। सीओ संतोष सिंह ने बताया की लखनऊ से एसडीआरएफ की 16 सदस्यीय टीम को बुलवाया कर खोजबीन करवाई जा रही है। लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। टीम लीडर रमेश वर्मा ने बताया कि उनके नेतृत्व में 16 सदस्यीय टीम ने तीन तरह से स्कूवा डाइविंग, कांटा विधि व पानी में हलचल कर (थंडरिंग) से नदी में महिला की तलाश की। लेकिन, घंटों की तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका।

## सार-संक्षेप

### हज यात्रियों को पहली किस्त में जमा करने होंगे 1.30 लाख

**उन्नाव।** हज यात्रा वर्ष-2025 के लिए चयनित हज यात्री 21 अक्तूबर तक हज यात्रा के खर्च की पहली किस्त 1 लाख 30 हजार 300 रुपये जमा करा दें। यह जानकारी देते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी आकांक्षा दुबे ने बताया कि चयनित हज यात्री धनराशि ऑनलाइन वेबसाइट व हज सुविधा एप पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग यूपीआई के माध्यम से जमा कर सकते हैं। धनराशि हज कमेटी ऑफ इंडिया के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते में भी जमा कराई जा सकती है। वेबसाइट पर उपलब्ध सूची में प्रत्येक कवर नंबर के सामने अंकित बैंक रेफरेंस नंबर को पे इन स्लिप डाउनलोड कर उस पर अंकित कर धनराशि जमा करना होगा।

### आर्थिक तंगी से ऊबकर महिला ने की खुदकशी

**पुरवा उन्नाव।** आर्थिक तंगी से जूझ रही महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव लटका देखकर उसक 4 बच्चे बेहाल हो गए। पासाखेड़ा गांव निवासी निवासी रेनू (35) का पति संतलाल उर्फ जंगली कुशवाहा हाथ से दिव्यांग है। उसके चार बच्चों में दो बेटे व दो बेटियां हैं। इसमें एक बेटी प्रियांशी (7) दिव्यांग के साथ मूकबधिर भी है। रेनू के पास जीविका चलाने के लिए मात्र एक बीघा जमीन है। जिसमें वह खेती के साथ मजदूरी भी करती थी। बीती रात 10 बजे वह पति व बच्चों के साथ खाना खाकर सोने चली गई। पति बरामदे में सोने चला गया। रेनू आंगन में व बच्चे कमरे में सो रहे थे। रात में उठी बड़ी बेटी आकांक्षा ने दीवार पर लगे हुक में मां को दुपट्टे के फंदे से लटका देखा तो उसकी चीख निकल गई। शोर सुन पति दौड़ा और पड़ोसियों की मदद से उसे नीचे उतरवाया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने निराला शोधपीठ का किया उद्घाटन

**उन्नाव।** संस्कृति विभाग उप्र द्वारा पं. सूर्यकांत त्रिपाठी निराला' की स्मृति में निराला शोधपीठ का मंगलवार को उद्घाटन किया गया गया। इस समारोह का शुभारंभ निराला के जन्मस्थान गांव गढ़ाकोला में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित व विशेष सचिव संस्कृति रविंद्र कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान भातखंडे संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति मांडवी सिंह, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, एसडीएम बीघापुर रणवीर, सहायक जिला पंचायती राज अधिकारी समेत संख्या में लोग मौजूद रहे।


निराली जी के चित्र पर दीप प्रज्जवलित करते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष।

# मधुमक्खियों के हमले से महिला गंभीर, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रबड़ी निवासी सुरेश कुमार की 35 वर्षीय पत्नी अनीता देवी मंगलवार सुबह खेत गई थी। तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया।

इसमें अनीता गंभीर घायल हो गई। पति सुरेश आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पति से विवाद पर महिला ने निगला जहर, मौत

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- जानकारी होते ही परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**अमृत विचार।** पति-पत्नी में हुए विवाद के बाद पत्नी ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जानकारी होने पर परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थानाक्षेत्र के गोरीमऊ गांव निवासी लक्ष्मी (30) का पति से किसी बात पर विवाद हो गया। इसके बाद उसने मंगलवार को घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जैसे ही परिजनों ने देखा तो उसे वे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उद्योगों का केमिकलयुक्त पानी 'मां गंगा' को कर रहा जहरीला

हाल-ए-प्रदूषण विभाग

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** तीर्थराज प्रयागराज में आगामी 13 जनवरी से शुरू होने जा रहे महाकुंभ को लेकर शासन से लेकर जिला प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री खुद इस बार के महाकुंभ को लेकर संजीदा हैं। उनकी मंशा है कि इस बार के महाकुंभ में देश-विदेश से आने वाले श्रृद्धालुओं को ऐसा शुद्ध गंगाजल मिल सके जिसका वे बिना संकोच के आचमन कर सकें।

महाकुंभ-2025 में पतित पावनी मां गंगा के जल को शुद्ध रखने की शासन की मंशा को जिले के प्रदूषणकारी उद्योग व चर्म इकाइयां पलीता लगा रही हैं। इन उद्योगों के संचालकों द्वारा विभागीय अफसरों की मिलीभगत के चलते लोन नदी में खुलेआम केमिकलयुक्त व जहरीला पानी गंगा में गिराया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय में तैनात अधिकारी-कर्मचारी उद्यमियों द्वारा किये जा रहे इस अंधेर को विभागीय जांच में सिर्फ कागजी कोरम पूरा कर क्लीन चिट दे देते हैं। जबकि, हकीकत में गंगा को मैली करने में यह उद्योग संचालक कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में संचालित चर्म इकाइयों व स्लाटर हाउसों द्वारा बिना किसी रोक-टोक के लोन नदी में खुले नालों के जरिये केमिकल युक्त जहरीला पानी लगातार बहाया जा रहा है। जो सीधे गंगा में मिल रहा है।


दही औद्योगिक क्षेत्र में लोन नदी जाने वाले खुले नाले में बहता केमिकलयुक्त पानी।


लोन नदी को जाने वाले नाले में बहाया जाता टैंकर में भरकर लाया गया जहरीला पानी।

### जिम्मेदारों की निगाह में सबकुछ है ओके

उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल माथुर ने बताया कि महाकुंभ को लेकर अभी से सख्ती की जा रही है। समय-समय पर उद्योगों व सीईटीपी के साथ लोन नदी के पानी की भी जांच की जाती है। वहीं, जिले के ज्यादातर उद्योगों में उनके ईटीपी लगे हैं। जो खुद ही पानी को शुद्ध कर बाहर निकालते हैं।

### बोले सिटी मजिस्ट्रेट

सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज ने कहा कि अगर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ ने बताया है कि सभी उद्योगों में प्लांट लगे हैं और प्रदूषित पानी गंगा में नहीं बहाया जा रहा है तो सही ही बताया होगा। जब भी कोई मामला सामने आयेगा तो इसकी जवाबदेही भी उनकी ही होगी।

जन चौपाल

ग्रामीणों ने चकबंदी कर्मियों पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने का लगाया आरोप


# चकबंदी अधिकारियों ने सुनीं किसानों की समस्याएं

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** चकबंदी आयुक्त लखनऊ के निर्देशानुसार क्षेत्र के गांव अतरधनी व डड़िया सुनौरा में चकबंदी अधिकारियों द्वारा जन चौपाल आयोजित की गई। इसमें उप संचालक चकबंदी ने चकबंदी कर्मियों को सभी शिकायतों व वादों का जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया।

उप संचालक चकबंदी डॉ. सुरेश सागर की अध्यक्षता में आयोजित जन चौपाल में किसानों ने चकबंदी से संबंधित तमाम मुकदमे अरसे से लंबित पड़े होने का मुद्दा उठाया। इसके अलावा किसानों ने चकबंदी कर्मियों पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली कराने का भी आरोप लगाया। इस पर उप संचालक चकबंदी ने चकबंदी कर्मियों को सभी शिकायती पत्र व मुकदमे जल्द निस्तारित कर रिपोर्ट जिला मुख्यालय भेजने का निर्देश दिया। इसमें चकबंदी अधिकारी बांगरमऊ राजेश कुमार, सहायक चकबंदी अधिकारी मुस्तफाबाद, शकील अहमद, चकबंदी कर्ता गोपाल शर्मा, राजीव सिंह, विनय यादव लेखपाल के अलावा महेंद्र कुमार प्रधान, सावित्री प्रधान, फ़ख़रुद्दीन, महेश, भीमसेन आदि शामिल रहे।


किसानों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार


तहसीलदार रामाश्रय को ज्ञापन देते भाकियू नेता व किसान। अमृत विचार

### अन्ना मवेशियों से निजात दिलाने की उठाई मांग

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। ज्ञापन में समस्याओं के अतिशीघ्र समाधान की मांग की गई। किसानों ने तहसीलदार रामाश्रय को दिये ज्ञापन में बताया कि विद्युत विभाग की मनमानी के चलते ग्रामीण क्षेत्र में रात के समय अक्सर विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। जिससे जहां गांवों में अंधेरा छा जाता है वहीं सिंचाई भी बाधित हो जाती है। इसके अलावा गांव डड़िया सुनौरा में अन्ना घूम रहे पशु किसानों की फसलें चट कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा कि इस समय फसलों की बुआई चल रही है और साधन सहकारी समितियों में डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। जिससे किसान परेशान हैं। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के तहसील अध्यक्ष रामसनेही यादव, रघुवीर, कृष्ण पाल सिंह, रूप नारायण, रेवती रमण, महेश्वर सिंह, बृजेंद्र कुमार, राजाराम, छेदीलाल व रामविलास मौर्य आदि मौजूद रहे।


सरैयां गांव के पास खड़ा गोवंशों का झुंड। अमृत विचार

# जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी नहीं पकड़े गये गोवंश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों के बावजूद छुट्टा गोवंश किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने दो सप्ताह पहले सभी ब्लॉकों और नगर पालिकाओं को आदेश दिया था कि छुट्टा गोवंशों को गौशालाओं में सुरक्षित किया जाए।

गंगाघाट नगर पालिका ने अब तक 158 गोवंशों को पकड़कर कान्हा गौशाला में संरक्षित किया है। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि उनका कैटिल कैचिंग दस्ते हर दिन छुट्टा गौवंशों को पकड़ने में सक्रिय हैं। लेकिन सिकंदरपुर सरोसी और कर्ण ब्लॉक की स्थिति इससे भिन्न है, जहां एक भी गोवंश नहीं पकड़ा गया है। छुट्टा गोवंश न केवल फसलें बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि सड़क पर भी दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि फसल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो किसान अपनी मेहनत से पैदा की गई फसल खो देंगे।

# सड़क पर अवैध निर्माण होने की ईओ से की शिकायत

**शुक्लागंज।** पालिका क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर में एक व्यक्ति द्वारा सड़क पर अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत की गई है। स्थानीय निवासी राजेन्द्र गुप्ता ने पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को लिखित शिकायत भेजी है। उन्होंने बताया कि वार्ड 16 के ट्रांसफार्मर वाली गली में पालिका द्वारा बनाई गई 20 फीट चौड़ी सड़क में से 10 फीट क्षेत्र पर अवैध निर्माण किया गया है, जिससे सड़क संकीर्ण हो गई है और आवागमन में कठिनाई आ रही है। गुप्ता ने स्थानीय लोगों की ओर से इस अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह निर्माण तत्काल हटाया जाना चाहिए। ईओ ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही मामले की जांच करेंगे और अवैध निर्माण को हटाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से अधेड़ की गई जान

## डॉक्टर के यहां जाते समय अजगैन-मोहन मार्ग पर हुआ हादसा, गंभीर घायल साथी अस्पताल में भर्ती

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बाइक से दवा लेने जाते समय ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हो गई। वहीं बाइक चला रहा युवक गंभीर घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं हादसे की खबर मिलते परिजनों में कोहराम मचा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पछियाव गांव निवासी मिथलेश पड़ोसी गांव रवनहार के मुन्नालाल (52) के साथ बाइक से हसनगंज दवा लेने गया था। हसनगंज कोतवाली अंतर्गत अजगैन-मोहान स्थित फरहदपुर गांव के पास सामने से आए ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें दोनों घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जहां जांच कर डाक्टर ने मुन्नालाल को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मिथलेश का इलाज चल रहा है। मौत की खबर घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बेटा राजू व विवाहित बेटी पूजा पिता की मौत से बेहाल हैं। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। ट्रैक्टर को पकड़ लिया गया है।


रोते-बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार


परिजनों को ढांढस बंधाते कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र। अमृत विचार

**छज्जे की ग्रिल की पुताई कर रहा युवक नीचे गिरा, मौत : हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरौली निवासी राजेश कश्यप (45) पुत्र रघुवर दयाल मंगलवार शाम अपने घर के छज्जे पर बैठकर ग्रिल की पुताई कर रहा था। तभी अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। जिसे परिजन सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि युवक अपने घर में पुताई करते समय नीचे गिरा था। जिससे उसकी मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### खड़े ट्रक में मोपेड सवार घुसा, हालत गंभीर

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार सुबह करीब दस बजे फोरलेन पर पॉवर हाउस के सामने खड़े एक ट्रक में मोपेड सवार युवक पीछे से घुस गया। इस दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और सिर में चोट लगने के कारण वह बेहोश होकर सड़क के किनारे गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद आस-पास के लोगों ने युवक को उठाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मरहला चौकी पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से उसे जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि युवक बेहोशी की हालत में होने के कारण अपना नाम नहीं बता सका है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज जारी है।

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की हुई मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** कुसुंभी रेलवे हॉल्ट के पास एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची अजगैन पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कुसुंभी गांव निवासी सुशील (30) मजदूरी करता था। सोमवार को वह रिश्तेदारों के साथ अपने बेटे पूरब (3) व छह माह के कार्तिक का मुंडन कराने कुशहरी देवी मंदिर गया था। वहां से लौटने के बाद किसी बात को लेकर उसका पत्नी लक्ष्मी से विवाद हो गया।

इसके बाद रात में वह बिना बताए घर से निकला और कुसुंभी रेलवे हॉल्ट पहुंच गया। इसी दौरान वह प्लेटफार्म-एक से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों की मानें तो युवक ने ट्रेन के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या की थी। रेलकर्मी की सूचना पर रेलवे व अजगैन पुलिस पहुंची और शव हटवाकर रूट क्लियर कराया। ग्राम प्रधान मनोज पांडे ने घटना की सूचना सुशील के बड़े भाई बलराम को दी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## एचटी लाइन दगने से 16 घंटे गुल रही बिजली, लोग परेशान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्लागंज के पश्चिमी क्षेत्र में सोमवार रात रेलवे पुल के नीचे पास भूमिगत एचटी लाइन दगने से करीब 10 हजार से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति 16 घंटे के लिए बाधित हो गई। इस स्थिति के कारण स्थानीय निवासियों को न केवल बिजली, बल्कि पानी की गंभीर समस्या का भी सामना करना पड़ा।

सोमवार की रात लगभग पौने 11 बजे, रेलवे पुल के समीप दो स्थानों पर एचटी केबल दग गई, जिससे सरैयां, नेतुआ, गगनी खेड़ा, मनसुख खेड़ा, चंपापुरवा, कर्बला, हुसैन नगर, सैय्यद कम्पाउंड, राजीव नगर, मिश्रा कॉलोनी, तेजीपुरवा जैसे मोहल्लों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस दौरान, गर्मी और मच्छरों की वजह से हजारों परिवार पूरी रात जागते रहे। पावर डिपार्टमेंट ने फॉल्ट की पहचान करने के लिए मंगलवार सुबह से पैट्रोलिंग शुरू की, लेकिन पूर्व में मरहला के पास वैकल्पिक लाइन कटी होने के कारण आपूर्ति को तुरंत सुचारू नहीं किया जा सका। लोगों की परेशानी को देखते हुए विभाग ने जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू किया।


रेलवे पुल के नीचे मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

आखिरकार, मंगलवार शाम करीब चार बजे, प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति फिर से बहाल कर दी गई। इस स्थिति ने स्थानीय लोगों के लिए राहत की सांस दी, लेकिन कई परिवारों को बिना बिजली और पानी के गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जेई ने बताया कि दो जगह फाल्ट होने का मुख्य कारण मछली मंडी के पास पानी भरने से आये दिन फाल्ट हो रहे हैं।

## एक नजर

### अनुरक्षण कार्य के चलते नगर के सभी फीडर रहे बंद

**शुक्लागंज उन्नाव।** मंगलवार को बिजली विभाग ने 33 केवीए लाइन के अनुरक्षण कार्य के लिए शुक्लागंज पॉवर हाउस और मगरवारा सबस्टेशन से बिजली सप्लाई तीन घंटे के लिए बंद कर दी। यह कार्य सुबह 11 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे तक चलने वाला था, लेकिन मिश्रा कालोनी में एक फाल्ट के कारण इसे रोकना पड़ा। फाल्ट को ठीक करने के बाद कर्मचारियों ने 33 केवीए लाइन पर अनुरक्षण कार्य दोपहर 2 बजे से शुरू किया, जो तीन घंटे में ही पूरा किया जा सका। इस कार्य के कारण नगर की जनता प्रभावित हुई।

### छेड़छाड़ के आरोपी को चार साल की सजा

**उन्नाव।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने वर्ष 2015 में मन्ना नगरी गांव निवासी शिव नरायन उर्फ वसीत पर छेड़छाड़ करने, घर में घुसकर तोड़फोड़ करने व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। युवती के मुताबिक 20 मार्च-2015 को शिवनरायन नशे में उसके घर पहुंचा और उससे छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर वह घर में तोड़फोड़ करते हुए पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला था। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई एडीजे-11 की कोर्ट में पूरी हुई। इसमें शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह की दलीलों के आधार पर एडीजे विवेकानंद विश्वकर्मा ने शिवनरायन को 4साल की सजा सुनाई।

### पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना में भेजी धनराशि

**उन्नाव।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा जिले में भौतिक लक्ष्य 976 निर्धारित किया गया है। अब तक 521 आवेदकों द्वारा आनलाइन आवेदन किया गया है। जिसमें से जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में गठित समिति में अब तक 373 लाभार्थियों को 74.60 लाख की धनराशि भेजी गई है। पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना में पिछड़े वर्ग के आवेदकों द्वारा विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है। शादी अनुदान योजना से जुडी जानकरी के लिए मोती नगर स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

# साधू बनकर पंचवटी में आया रावण, सीता का किया हरण

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

- रामलीला में भरत मिलाप व बालि वध का हुआ मंचन
- श्रीराम और भरत का प्रेम देखकर भावविभोर हुए दर्शक

**अमृत विचार।** शहर के साकेत धाम रामलीला मैदान में चल रही रामलीला महोत्सव में वृंदावन से आए लीला मंडल ने भरत मिलाप से बालि के वध तक की लीलाओं का बड़ा मार्मिक मंचन किया।

भरत अपने भइया भाभी और अनुज को मनाने वन के उस भाग में पहुंचते हैं। जहां वो वास कर रहे थे। राम ने अपने अनुज को समझाया कि मैं पिताश्री को दिया वचन पूर्ण करके ही अयोध्या वापस आऊंगा। अश्रुपूरित नैनों से भरत अपने भइया की खड़ाऊँ लेकर अयोध्या में सिंघासन पर सजाकर अयोध्या का राजपाट संभालने लगते हैं। लंकेश छल से सीता का हरण करता है। सीता की खोज में सुग्रीव से राम की मैत्री होती है, और अपने मित्र की रक्षा के लिए राम बालि का वध करते हैं। पूजन आरती में अध्यक्ष संजय राठी, महोत्सव संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी, कोषाध्यक्ष जगदीश माहेश्वरी, मुख्य सेवायत कृष्णप्रिय मोती श्याम, संरक्षक प्रमोद शुक्ला, डॉ. मनीष सिंह सेंगर, विनोद शर्मा, संजीव गुप्ता राजा, इंदु प्रकाश अवस्थी, मनीष पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद।


शहर के साकेत धाम की रामलीला में भरत मिलाप का मंचन करते कलाकार।

# दशानन का वध होते ही लगे जय श्रीराम के जयकारे

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के कस्बा ऊगू में सार्वजनिक रामलीला कमेटी के तत्वाधान में आयोजित रामलीला में मंगलवार को 143 वें आयोजन में राम रावण युद्ध लीला का मंचन किया गया। निर्धारित रामलीला मैदान में जैसे ही श्रीराम अपने अनुज एवं सुग्रीव, हनुमान, अंगद, नल-नील आदि बानर सेना के साथ पहुंचे दर्शकों में उत्साह छा गया।

वहीं जब रामलीला मैदान में रावण के साथ कुम्भकरण मेघनाद आदि तमाम राक्षस सेना पहुंची तो दर्शकों उत्साह बढ़ गया। अभिनय के दौरान कलाकारों द्वारा रामलीला मैदान में जगह-जगह रुककर युद्ध कला का जबरदस्त प्रदर्शन किया गया। जबकि रामादल से राम-लक्ष्मण लंकेश के दल से रावण कुम्भकरण मेघनाद एक दूसरे पर जमकर बाण चलाते रहे। लीला में लक्ष्मण के शक्ति लगने के बाद राम के करुण विलाप ने सभी को भावुक कर दिया। वही कस्बा निवासी समाजसेवी हर्ष शुक्ला मनू द्वारा कुम्भकरण का सजीव अभिनय लीला का आकर्षण का केन्द्र रहा। राम और रावण के युद्ध के बीच विभीषण ने राम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है। राम एक साथ 31 बाण छोड़कर रावण का अंत कर देते हैं। राम द्वारा रावण पर विजय पाने के बाद रामलीला मैदान में आतिशबाजी की गई। वहां पर मौजूद लोगों ने जय श्रीराम के जयकारे लगाये। परंपरागत तरीके से रामलीला परिसर में विशाल मेले का भी आयोजन किया गया।

## सार-संक्षेप


घाटों की साफ-सफाई करते पालिका कर्मी। अमृत विचार

### वार्डों में एंटी लार्वा छिड़काव और गंगा तट पर हुई सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत नगर पालिका ने वार्डों में एंटी लारवा दवा छिड़काव, फागिंग और सफाई का कार्य किया। मंगलवार को वार्ड 15 में फागिंग के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं पालिका की ओर से घाटों की साफ सफाई कराई गई। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडेय और ईओ मुकेश मिश्रा के निर्देश पर वार्ड 13, 14, और 27 की गलियों में साफ सफाई के साथ नालियों में एंटी लार्वा दवा और चूना छिड़का गया। इसके अतिरिक्त, गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी घाटों पर स्वच्छता अभियान चलाकर गंदगी साफ की गई। इस अभियान का उद्देश्य शहर में संचारी रोगों के प्रसार को रोकना और नागरिकों को स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने वहां पर मौजूद लोगों से कहा कि गंगा तट को साफ रखने की जिम्मेदारी सभी लोगों की है।


दुर्गा मंदिर में साड़ी लेने के लिये लगी महिलाओं की लाइन। अमृत विचार

### श्री दुर्गा मंदिर में 3 दिनों में बांटी गईं 1000 साड़ियां

**शुक्लागंज उन्नाव।** नवरात्र के पावन पर्व पर श्री दुर्गा मंदिर सेवा समिति की ओर से महिलाओं को साड़ी वितरण का कार्य बड़े धूमधाम से जारी है। इस वर्ष समिति ने महिला श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कराकर उन्हें साड़ी प्रदान करने का निर्णय लिया है। मंदिर परिसर में तीन दिनों से साड़ी वितरण हो रहा है, जिसमें सैकड़ों महिलाएं सुबह से ही अपनी बारी का इंतजार कर रही हैं। मंदिर के अध्यक्ष आदित्य सिंह ने बताया कि गत वर्ष की तरह इस बार भी साड़ी के रूप में माता का प्रसाद बांटा जा रहा है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के बाद महिलाओं को तय तारीखों पर बुलाया जा रहा है, और प्रतिदिन लगभग 350 साड़ियां वितरित की जा रही हैं। यह सिलसिला 13 अक्टूबर से लेकर 18 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस दौरान कुल मिलाकर 2100 साड़ियां बांटी जाएंगी, जिससे सभी सुहागिन महिलाओं को माता का प्रसाद प्राप्त हो सके। नवरात्र के इस पर्व पर नगर के अलावा दूर-दूर से आने वाले देवी भक्त भी साड़ी लेने के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। भक्त अपनी मनोकामना पूरी होने पर देवी जी को चढ़ावे में आई साड़ियों को प्रसाद के रूप में गरीबों में वितरित करते हैं, जिससे समाज में एकता और सहानुभूति की भावना बढ़ती है।


कटान का जायजा लेते पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे। अमृत विचार

### चेयरमैन प्रतिनिधि ने चंपापुरवा कटान का लिया जायजा

**शुक्लागंज उन्नाव।** पश्चिमी क्षेत्र के चंपापुरवा में गंगा किनारे तेजी से हो रही कटान ने स्थानीय निवासियों में चिंता पैदा कर दी है। गंगा का जलस्तर घटने के बाद भी पानी का तेज बहाव मिट्टी का कटान कर रहा है, जिससे बस्ती के लोगों को खतरा महसूस हो रहा है। स्थानीय वार्ड 23 के सभासद फैय्याज उर्फ राजा ने इस समस्या को लेकर अध्यक्ष कौमुदी पांडेय से शिकायत की थी। अध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने प्रतिनिधि संदीप पांडेय को कटान क्षेत्र का निरीक्षण करने का निर्देश दिया। मंगलवार को संदीप पांडेय और उनके साथ कार्यकर्ताओं ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। प्रतिनिधि ने बताया कि गंगा का तेज बहाव बस्ती की तरफ कटान को बढ़ा रहा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस समस्या को जिला प्रशासन के समक्ष उठाया जाएगा। साथ ही, पालिका स्तर पर भी कटान रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश मातहतों को दिया गया है। प्रतिनिधि के इस निरीक्षण से क्षेत्र के निवासियों को आश्वासन मिला है कि प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रहा है और उचित समाधान के लिए प्रयासरत है।

# नवजात के शव को कब्र से निकाल पोस्टमार्टम को भेजा

संवाददाता औरास उन्नाव

- परिजनों की मांग पर जिलाधिकारी ने शव का पोस्टमार्टम कराने के दिये थे निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी के आदेश पर एक माह पूर्व दफन किए गए नवजात के शव को एसडीएम की उपस्थिति में खोदा गया और पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

औरास थानाक्षेत्र के गांव मिर्जापुर अजिगाव के मजरे निरखी खेड़ा निवासी बाबूलाल ने अपनी बेटी दीपा पत्नी सोहन निवासी रामपुर खझड़ी का औरास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 500 मीटर दूर स्थित लक्ष्य हॉस्पिटल में इलाज कराया था। परिजनों के मुताबिक डॉक्टरों द्वारा गलत इलाज करने से उसकी आठ माह की गर्भवती बेटी की हालत गंभीर हो गई थी और डॉक्टर ने 8000 रुपये लेकर उन लोगों को वहां से चलता कर दिया था। परिजनों ने इसके बाद दीपा को लखनऊ के क्वीन मैरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां पहले उसके नवजात शिशु की मौत हुई थी। इसके बाद दीपा की भी मौत हो गई थी। हालांकि हंगामा बढ़ने पर सीओ अरविंद चौरसिया व एसडीएम हसनगंज रामदेव निषाद ने मृतका के गांव पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया था और हरसंभव मदद की बात कही थी। इसके बाद महिला के शव का पोस्टमार्टम हुआ था लेकिन, नवजात के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ था। परिजनों की मांग के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर मंगलवार को एसडीएम बांगरमऊ नम्रता सिंह व सीओ की उपस्थिति में रामपुर खंझड़ी गांव में दफन नवजात के शव को खोदकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# लोडर की टक्कर से टूटा गेटबूम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह लगभग 9 बजे एक अनियंत्रित लोडर ने सरैयां गेटबूम में टक्कर मार दी, जिससे गेटबूम टूटकर दो हिस्सों में बंट गया। घटना के बाद गेटमैन ने स्लाइडिंग गेट लगाकर यातायात रोक दिया और इसकी जानकारी एसएनटी को दी। सुबह का समय होने के कारण यातायात रुकते ही चौतरफा जाम लग गया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गेट बूम टूटने के बाद लोडर चालक मौके से भागने का प्रयास कर रहा था लेकिन, गेटमैन व अन्य कर्मियों ने उसे पकड़ने में मदद की। आरपीएफ ने लोडर व चालक को हिरासत में लेकर उनके विरुद्ध रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की। गेटबूम टूटने की सूचना पर गेटमैन ने एसएनटी विभाग को जानकारी दी और मरम्मत शुरू करने के लिए कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। इस बीच, कानपुर से आने वाले वाहनों को नेतुआ चंपापुरवा मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया, जबकि उन्नाव और लखनऊ की ओर से आने वाले वाहनों को नवीन पुल से डायवर्ट किया गया। सुबह का समय होने के कारण पुलिस की मौजूदगी नहीं थी, जिससे जाम की स्थिति तीन घंटे तक बनी रही। दोपहर बारह बजे तक गेट की मरम्मत पूरी हुई और तब जाकर यातायात सामान्य हो सका। इस घटना ने यात्रियों और स्थानीय निवासियों के लिए असुविधा उत्पन्न की।


गेटबूम की मरम्मत करते एसएनटी कर्मी।

- स्लाइडिंग गेट लगाकर रोका गया यातायात, इस कारण दोनों ओर लगा भीषण जाम

**अमृत विचार प्रभाव** बीती 8 अक्टूबर को पुल में आई दरारों को लेकर अमृत विचार अखबार में प्रकाशित हुई थी खबर

# सई नदी पर बने पुल की होगी मरम्मत, नये का भेजा प्रस्ताव

संवाददाता औरास उन्नाव

**अमृत विचार।** संडीला-चकलवंशी मार्ग पर कस्बा औरास में सई नदी पर वर्ष-1965 में पुल का निर्माण कराया गया था। जो पूरी तरह से जर्जर हो गया था। 9 माह पूर्व ही पुल की मरम्मत के लिए 39 लाख का बजट प्रस्तावित किया गया था। जिसकी मरम्मत के लिए 2 से 31 दिसंबर 2023 तक का समय मांगा गया था। लोक निर्माण विभाग द्वारा 23 दिसंबर-2023 को पुल कंप्लीट दिखाकर इस पर आवागमन चालू कर दिया गया था। लेकिन विभागीय भ्रष्टाचार के चलते 39 लाख से मरम्मत होने के मात्र 9 माह में ही पुल कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया और इसमें दरारें भी आ गई हैं। जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए अमृत विचार ने बीती 8 अक्टूबर को एक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिसका संज्ञान लेकर लोक निर्माण विभाग द्वारा पुलिस की मरम्मत का निर्णय लेना पड़ा। विभागीय अफसरों ने इसके लिये मंगलवार को एक पत्र जारी कर पुल की मरम्मत के लिये 16 से 28 अक्टूबर तक पुल को बंद करने का निर्देश जारी किया है। साथ ही विभाग द्वारा वाहनों के लिये रूट डायवर्जन भी जारी किया गया है। इसमें चकलवंशी से संडीला जाने वालों को मियागंज से मोहान कस्बा होकर मटरिया चौराहा से होते हुए लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की सर्विस लेन से होकर बस स्टाप औरास और संडीला जा सकेंगे।


औरास कस्बा स्थित सई नदी के जर्जर पुल से गुजरते वाहन सवार। अमृत विचार


मरम्मत के 9 माह बाद सई नदी पुल में आई दरार

8 अक्टूबर को अमृत विचार में छपी खबर।

- खबर का संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अफसरों ने लिया निर्णय

**बोले जिम्मेदार :** पीडब्ल्यूडी एक्सईएन सुबोध कुमार ने बताया कि 16 अक्टूबर से पुल को मरम्मत के लिये पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। वहीं नया पुल बनाने के लिए भी प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। जब तक नया पुल बन नहीं बनता है तब तक इसी पुल को मरम्मत कराकर आवागमन कराया जाएगा। इस पर भारी वाहनों को रोकने के लिये कम हाइट वाले इंगल लगाए जाएंगे।

## जवाबी कीर्तन में रोशनी व सचदेवा बने संयुक्त विजेता

**औरास।** क्षेत्र के ब्रह्मदेव बाबा प्रांगण में आयोजित विशाल जवाबी कीर्तन में हुए घमासान मुकाबला में रोशनी अंजान व सचदेवा शरारती संयुक्त विजेता रहे। विकासखंड औरास क्षेत्र के लहरू गांव में ब्रह्मदेव बाबा के परिसर में विशाल जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया था। जिसमें लखनऊ शहर से कीर्तनकारा रोशनी अंजान व कानपुर नगर से कीर्तनकार सचदेवा सरारती के बीच रात भर घमासान मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों कीर्तनकारों ने अलंकारों व साहित्यिक कीर्तनों से एक-दूसरे पर वार कर श्रोताओं का मन मोह लिया। इसमें कोई भी एक-दूसरे से कम नहीं रहा।

मूर्खा यत्र न पूज्यते धान्यं यत्र सुसंचितम्।
दंपत्यो कलहं नास्ति तत्र श्रीः स्वयमागतः॥

जहां मूर्ख को सम्मान न मिलता हो, जहां अनाज अच्छे तरीके से रखा जाता हो और जहां पति-पत्नी के बीच में लड़ाई न होती हो, वहां लक्ष्मी खुद आ जाती है।

## संपादकीय

# प्रौद्योगिकी और नैतिकता

आधुनिक तकनीक की मदद से हमारी कार्य करने की क्षमता का विस्तार हुआ है, जिससे आधुनिक तकनीक के विकास और उपयोग के संबंध में कई नैतिक मुद्दे सामने आए हैं। नैतिकता और प्रौद्योगिकी ने आधुनिक काल की शुरुआत से ही एक दूसरे को तेजी से प्रभावित किया है। प्रौद्योगिकी की नैतिकता का मतलब है, आधुनिक तकनीक के विकास और इस्तेमाल से जुड़े नैतिक विचारों और निहितार्थों का आकलन करना। प्रौद्योगिकी की नैतिकता में जिम्मेदारी, जोखिम, न्याय, समानता, और आजादी जैसे विषयों पर ध्यान दिया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल दुनिया के लिए वैश्विक नियम और कृत्रिम बुध्दिमत्ता (एआई) के नैतिक इस्तेमाल पर जोर देते रहे हैं। भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज व ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में परिवर्तित करने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया कार्यक्रम शुरू किया गया था। देश में डिजिटल इंडिया पहल के नौ वर्ष पूरे हो चुके हैं। वर्तमान में भारत विश्व का सबसे बड़ा डिजिटल रूप से जुड़ा लोकतंत्र है। भारत का डिजिटल परिवर्तन उल्लेखनीय रहा है, बेहतर कनेक्टिविटी और तकनीकी क्षमताओं के चलते इसके नागरिकों की डिजिटल तक पहुंच और समावेशिता में वृद्धि हुई है।

भारत की डिजिटल परिवर्तन यात्रा ने समाज के हर पहलू को प्रभावित किया है, जिससे टिकाऊ, सस्ती और परिवर्तनकारी प्रौद्योगिकी के आधार पर सभी के लिए डिजिटल पहुंच, सेवाओं की डिजिटल डिलीवरी और डिजिटल समावेशन सुनिश्चित हुआ है। डिजिटल इंडिया एक सशक्त भारत का प्रतीक है जिससे लोगों का जीवनयापन और ज्यादा आसान होता जा रहा है एवं पारदर्शिता भी बढ़ रही है। महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (डब्ल्यूटीएसए) और इंडिया मोबाइल कांग्रेस के उद्घाटन के अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक स्तर पर ऐसी रूपरेखा तैयार करने की जरूरत है, जिसमें कृत्रिम मेधा और प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए हों। वास्तव में आज जितने भी डिजिटल उपकरण और एप्लीकेशंस हैं, वो किसी भी देश की सीमा से परे हैं। साइबर खतरे तेजी से बदल रहे हैं और हमले के तरीके भी बदलते रहते हैं। इसलिए कोई भी देश अकेले इन खतरों से अपने नागरिकों की रक्षा नहीं कर सकता। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा, ग्लोबल संस्थाओं को आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठानी होगी। वास्तव में समय आ गया है वैश्विक संस्थाओं को डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए नियम-आधारित रूपरेखा के महत्व को स्वीकार करना होगा।

# भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में अनूठी अवधारणा



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है।

सभ्यताओं के विकास के प्रारंभ से मनुष्यों में सबसे अधिक एकता और एकजुटता कबीले और धर्म को लेकर रही है। इसीलिए अन्य भिन्नताओं की तुलना में कबीलाई और धार्मिक भिन्नता के आधार पर भेदभाव, अन्याय और अत्याचार के उदाहरणों से मानव का इतिहास भरा हुआ है। बड़े समाजों और देशों के अस्तित्व में आने के साथ कबीले का अस्तित्व तो समाप्त हो गया, लेकिन धर्म का प्रभाव और व्यापक हुआ। इसीलिए प्राचीन काल और मध्यकाल में धार्मिक सहिष्णुता एक अति प्रशंसित और उच्च मूल्य रहा है, लेकिन आधुनिक काल में धर्मनिरपेक्षता मनुष्यता के लिए आवश्यक कुछ बड़े मूल्यों में से एक है।

धर्मनिरपेक्षता, जिसे अंग्रेजी में सेकुलरिज्म कहा जाता है, आधुनिक युग का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनैतिक विचार है। अंग्रेजी का 'सेकुलर' शब्द लैटिन भाषा के सेक्यूलम शब्द से बना है और सेक्यूलम का अर्थ है 'एक पीढ़ी, 'एक मनुष्य की जीवनावधि ', 'एक समय का युग ', या 'एक शताब्दी'। सामान्यतः यह शब्द धार्मिक और आध्यात्मिक के विपरीत लौकिक और ऐहिक के अर्थ मंध प्रयोग किया जाता था। इस शब्द को सन 1851 में एक नया अर्थ देते हुए धर्मेतर सामाजिक और राजनैतिक संदर्भ में प्रयोग करने का श्रेय जार्ज जैकब होलियोक (अप्रैल, 1817 - जनवरी, 1906) को दिया जाता है। लेखक, संपादक, सहकारिकता आंदोलन के प्रोत्साहक होलियोक एक अंग्रेज थे। होलियोक का धर्मनिरपेक्षता संबंधी विचार मानवतावाद की आधुनिक परिभाषाओं से बहुत मिलता-जुलता है और यह नास्तिकता से कहीं अधिक व्यापक है।

होलियोक नास्तिकता शब्द को नकारात्मक और अपर्याप्त मानते थे और वे इससे कुछ अधिक सकारात्मक और सटीक शब्द की तलाश में थे। धर्मनिरपेक्षता से उनका तात्पर्य है, 'जो जीवन के तात्कालिक कर्तव्य के रूप में मनुष्य की शारीरिक, नैतिक और बौद्धिक प्रकृति के विकास को संभव सर्वोच्च बिंदु तक ले जाना चाहता है, जो नास्तिकता, आस्तिकता या धर्म के अलावा प्राकृतिक नैतिकता की व्यावहारिक पर्याप्तता को विकसित करता है, जो भौतिक साधनों द्वारा मानव सुधार को बढ़ावा देने

> भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है।

को अपनी कार्यविधि के रूप में चुनता है और इन सकारात्मक समझौतों को एकता के सामान्य बंधन के रूप में उन सभी के लिए प्रस्तावित करता है और जो तर्क द्वारा जीवन को विनियमित करेंगे और सेवा द्वारा इसे उत्कृष्ट बनाएंगे।'

आज बदलते समय के साथ जीवन के मूल्य, दर्शन, दृष्टियां और शैलियां भी बदल गई हैं। मनुष्य की गतिशीलता अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। व्यक्तियों, समाजों और देशों की दृष्टि से दुनिया विभिन्नताओं का एक समुच्चय है। इसमें विभिन्न रंगों, रूपों, नस्लों, धर्मों, पंथों, विश्वासों, आस्थाओं, मान्यताओं, सभ्यताओं, संस्कृतियों, विचारों, परंपराओं आदि के लोग रहते हैं। व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर समायोजन और बदलाव अनिवार्य हो गया है। इतिहास ने प्रतियोगिता और प्रतिद्वंद्विता का वर्तमान रूप और स्तर कभी नहीं देखा। परिवर्तन की गति अभूतपूर्व हो गई है। ऐसी स्थिति में धर्मनिरपेक्षता की नीति का अनुसरण करके ही कोई समाज या देश प्रगति कर सकता है, अपने को प्रासंगिक और अद्यतन बनाए रख सकता है।

धर्मनिरपेक्षता एक जटिल और गत्यात्मक विचार है। अन्य विचारों या विषयों की तरह इसकी भी सर्वमान्य और सुस्पष्ट परिभाषा अब तक नहीं गढ़ी जा सकी। मानव समाज की प्रगति धर्मनिरपेक्षता के विचार को आधुनिक तार्किक समाज में मानक सामाजिक व्यवहार के रूप में लेकर आई है। दार्शनिक विचार के रूप में धर्मनिरपेक्षता धर्म का आश्रय लिए बिना केवल भौतिक दुनिया से प्राप्त मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर जीवन की व्याख्या करती है। राजनीतिक और सामाजिक दर्शन की यह वह व्यवस्था है, जो पूजा, आराधना और धार्मिक विश्वासों के सभी रूपों को अस्वीकार करती है। यह धर्म को परे रखकर भौतिक और सांसारिक जीवन की समस्याओं का हल दुनियावी दृष्टि से तलाशती है। वह इहलोक की समस्याओं का हल परलोक या अलौकिक शक्ति में या उसके माध्यम से नहीं तलाशती, बल्कि वह इहलोक की समस्याओं का हल विज्ञान, अनुसंधान और विकास से तलाशती है। यह धर्म और धार्मिकता से संबद्ध विचारों को इहलोक से अलग रखती है। अर्थ, शिक्षा, न्याय, स्वास्थ्य आदि से संबंधित नीतियां और विधान बनाने में उसकी दृष्टि दुनियावी रहती है, धार्मिक नहीं। दार्शनिक दृष्टि से धर्मनिरपेक्षता का आधार नास्तिकता में है। व्यक्ति के जीवन मूल्य उसकी बुद्धि, विवेक और तर्कसंगत सोच व वैज्ञानिक दृष्टि का परिणाम हैं, न कि उसके धर्म का।

बीसवीं शताब्दी में दुनिया के कई राज्य सत्ताओं ने धर्मनिरपेक्षता को अपनी नीति में शामिल किया। हमारे देश की धर्म, भाषा, वेशभूषा, रूप, रंग, जाति, वर्ण, नस्ल, क्षेत्र आदि विविधताओं को देखते हुए हमारे संविधान निर्माताओं ने धर्मनिरपेक्षता को संविधान में सम्मिलित किया है। भारतीय संविधान में धर्मनिरपेक्षता को परिभाषित करते हुए 42 वें संविधान संशोधन, 1976 द्वारा इसकी प्रस्तावना में 'पंथ निरपेक्ष' शब्द को जोड़ा गया। यहां पंथनिरपेक्षता का अर्थ है कि भारत सरकार धर्म के मामले में तटस्थ रहेगी। धर्मनिरपेक्षता में धर्म और धार्मिक विषयों को इहलौकिक विषयों से जानबूझकर दूर या तटस्थ रखा जाता है। धर्मनिरपेक्षता राज्य द्वारा किसी विशेष धर्म को संरक्षण देने से रोकती है।

राज्य राजनीति या किसी गैर-धार्मिक मामले से धर्म को दूर रखता है तथा धर्म के आधार पर किसी से भी कोई भेदभाव नहीं करता है। विशेष बात यह है कि राज्य किसी धर्म का विरोध नहीं करता है, वरन् सभी नागरिकों को अपने धार्मिक विश्वासों और मान्यताओं को पूर्ण स्वतंत्रता से मानने की छूट देता है। धर्म व्यक्ति का नितांत निजी मामला है, जिसमें राज्य तब तक हस्तक्षेप नहीं करता, जब तक कि विभिन्न धर्मों की मूल धारणाओं में आपस में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। व्यक्ति अपनी धार्मिक पहचान के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होता है इसलिए वह किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के हिंसापूर्ण व्यवहार के विरुद्ध सुरक्षा प्राप्त करना चाहेगा। यह सुरक्षा सिर्फ धर्मनिरपेक्ष राज्य ही प्रदान कर सकता है।

भारतीय धर्मनिरपेक्षता अपने आप में एक अनूठी अवधारणा है। देश की आवश्यकताओं और विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए इसे अपनाया गया है। यह समाज में विज्ञान, प्रौद्योगिकी तथा तर्कवाद को प्रोत्साहित करती है, जो देश को एक आधुनिक धर्मनिरपेक्ष राज्य बनाने के लिए आवश्यक है। यह एक सकारात्मक, क्रांतिकारी और व्यापक अवधारणा है, जो विविधता को मजबूती प्रदान करती है। यह एक उदार एवं व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है, जो 'सर्व धर्म समभाव' की भावना से परिचालित है। धर्मनिरपेक्षता सभी को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इसमें किसी भी समुदाय का अन्य समुदायों पर वर्चस्व स्थापित नहीं होता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को मज़बूती प्रदान करती है तथा धर्म को राजनीति से पृथक करने का कार्य करती है।

धर्मनिरपेक्षता का लक्ष्य नैतिकता तथा मानव कल्याण को बढ़ावा देना है, जो सभी धर्मों का मूल उद्देश्य भी है। भारतीय परिप्रेक्ष्य में धर्मनिरपेक्षता को लेकर आरोप लगाया जाता है कि यह पश्चिम से आयातित है अर्थात इसका उत्स और विकास ईसाइयत में खोजा जाता है। पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता, जहां धर्म एवं राज्य के बीच पूर्ण संबंधविच्छेद पर आधारित है, वहीं भारतीय संदर्भ में यह अंतर धार्मिक समानता पर आधारित है। पश्चिम में धर्मनिरपेक्षता का पूर्णतः नकारात्मक एवं अलगाववादी स्वरूप दृष्टिगोचर होता है, वहीं भारत में यह समग्र रूप से सभी धर्मों का सम्मान करने की सांवैधानिक मान्यता पर आधारित है। भारतीय धर्मनिरपेक्षता ने अंतःधार्मिक और अंतर धार्मिक वर्चस्व पर एक साथ ध्यान केंद्रित किया है। इसने हिंदुओं के अंदर दलितों और महिलाओं के उत्पीड़न और भारतीय मुसलमानों अथवा ईसाइयों के अंदर महिलाओं के प्रति भेदभाव तथा बहुसंख्यक समुदाय द्वारा अल्पसंख्यक धार्मिक समुदायों के अधिकारों पर उत्पन्न किए जा सकने वाले खतरों का विरोध किया है, जो इसे पश्चिमी धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा से भिन्न बनाती है।

## प्रसंगवश

# सिर्फ़ सोचने से होता क्या है



अनूप शुक्ल
कानपुर

घर का सामान आमतौर पर हम ही लाते हैं। बाजार पास है। टहलते हुए चले जाते हैं। ले आते हैं। काफी सामान कैंटीन से भी आ जाता है, जो सामान यहां नहीं मिलता उसके लिए मॉल चले जाते हैं। घर का सामान आनलाइन नहीं ही मंगाते हैं।

दो दिन पहले चना और कुछ और सामान लाना था। हमने जाने में कुछ देर की। तब तक बेटे का फोन आ गया। बातचीत में उसको पता चला कि ये सामान लाना है तो उसने कहा -'अभी आर्डर कर देते हैं। दस मिनट में आ जाएगा।' खाने-पीने का सामान, केक वगैरह बच्चे पहले भी मंगाते रहे हैं आनलाइन आर्डर करके, लेकिन दाल-चना, परचून की दुकान वाली चीजें नहीं मंगाई गईं थीं अब तक। बच्चे ने सामान आर्डर कर दिया। 'ब्लिंकइट' एप से। लिंक हमको दे दिया। बताया दस मिनट में आ जाएगा सामान। दस मिनट में सामान घर आ जाना एप के नाम को ही सार्थक करता लगा। 'ब्लिंकइट' मतलब -पलक झपकते। दस मिनट से कुछ पहले ही डिलीवरी बालक का फोन आ गया। वह मेरे घर से करीब दो किलोमीटर दूर था। फोन किया तो मैंने उसको रास्ता बताया। वह आया तो मैंने उससे पूछा - 'पता तो यहां का दिया था। दो किलोमीटर दूर कैसे पहुंच गए?' बालक ने बताया कि लोकेशन वहीं की दिखा रहा था। इसीलिए वहां पहुंच गए।

बालक से ब्लिंकइट के काम करने के तरीके के बारे में पूछा तो पता चला -'पास ही आवास-विकास में बड़ा स्टोर है। आर्डर मिलते ही डिलीवरी बालक सामान लेकर लपकते हैं, पहुंचाने के लिए। दस मिनट में डिलीवर हो जाता है। दस मिनट में नहीं डिलीवर होता है सामान तो कारण बताना पड़ता है। बालक की मोटरसाइकिल पर ढेर धूल जमी थी। हमने कहा -'साफ रखा करो।' तो बोला बालक -'समय ही नहीं मिलता।' समय न मिलने की कहानी बताते हुए बोला बालक -'काम बहुत करना पड़ता है। सुबह से शाम तक डिलीवरी करते हैं। कंपनी वाले पैसा बचाने के लिए लड़के कम रखते हैं। सामान देकर बालक चला गया। हमको एक नई सामान सेवा की जानकारी हुई। शाम को एक और सामान का आर्डर किया बेटे ने। सुबह यह रह गया था। सामान देने के लिए आया बालक फिर दो किलोमीटर दूर था। पता यहां का था, लेकिन लोकेशन दो किलोमीटर दूर की। डिलीवरी बालक ने कहा -'लोकेशन यहां की ही है। आपके घर कैसे आएं?'

हमने रास्ता समझाया, लेकिन बालक अपनी परेशानी बताता रहा। उसकी समस्या यह भी थी या सही समझे तो यह ही थी कि दो किलोमीटर अतिरिक्त चलने में हुए तेल का भुगतान कौन करेगा? हमने कहा -'आ जाओ। देख लेंगे।' बालक आया। सामान लेने के बाद हमने पूछा -'पता तो यहीं का है। तुम क्या वहां डिलीवर कर देते जहां लोकेशन के हिसाब पहुंचे थे?'उसने कहा-"आपकी बात सही है, लेकिन हमको भुगतान लोकेशन के हिसाब से होता है। लोकेशन से अलग डिलीवरी करने पर तेल का पैसा अपने पास से लगता है।'

पता चला कि बेटे ने चूंकि बाहर से आर्डर किया था सामान इसलिए लोकेशन और पते में अंतर था। अगर हम करते घर से आर्डर तो लोकेशन और पता एक रहता। बेटे ने चार सौ किलोमीटर दूर से किया था आर्डर। चार सौ किलोमीटर दूर से आर्डर करने पर लोकेशन और पते में दो किलोमीटर का अंतर आया। मतलब ब्लिंकइट एप में 0.5 प्रतिशत की शुद्धता से दूरी का हिसाब करता है।

बालक ने बताया कि वह यह काम करते हुए पढ़ाई भी करता है। कुछ कंपटीशन की तैयारी भी कर रहा है। उसकी बहन भी नर्सिंग का कोर्स कर रही है। दोनों साथ रहते हैं। संघर्ष है, लेकिन मेहनत जारी है। आर्डर के हिसाब से एक डिलीवरी के लिए बालक को तीस रुपये मिलने थे। हमने आपने वायदे के मुताबिक़ उसे दे दिए। वह चला गया। बालक के जाने के बाद हम काफी देर से इस बारे में सोचते रहे कि आज हर काम के लिए सेवाएं उपलब्ध हैं। आप पैसा खर्च कीजिए हर सुविधा आपके पास हाजिर है। पैसे के जोर पर लोग अपनी सरकार तक बनवा ले रहे हैं। एक से एक बदमाश लोग मसीहा बने बैठे हैं इधर-उधर के पैसे के बल पर, लेकिन वो लोग क्या करें जिनके पास पैसे नहीं हैं? जिनके लिए जिंदगी जीना ही मुहाल है वे कौन सी सेवा लें? काश कोई ऐसा एप होता जो लोगों की न्यूनतम जरूरतों का इंतजाम करने में सहायक होता, लेकिन हमारे सिर्फ सोचने से क्या होता है? दुनिया तो अपने चलन के हिसाब चलती है।

# भूख मिटाने के लक्ष्य में ईमानदार कोशिशें नदारद



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

भूख के आंकड़े न सिर्फ भारत, बल्कि विश्व भर में डरावने हैं। इस विषय पर हकीकत वाली तस्वीर निश्चित रूप से रोंगटे खड़ी करती है। संसार में 11 में से एक व्यक्ति आज भी रात में भूखे पेट सोने को मजबूर है। दुनिया के 73 करोड़ आबादी अब भी रोजाना भूखे पेट हैं। इनमें वो देश भी शामिल हैं, जो तरक्की की दिन रात डींगे हांगते हैं। बहरहाल 2024 की हंगर इंडेक्स रिपोर्ट के बीच 'विश्व खाद्य दिवस' को मनाना अपने आप में बहुत मायने रखता है। मायने इसलिए, ताकि हंगर रिपोर्ट के बहाने आज भुखमरी जैसे गंभीर विषय पर गंभीरता से विमर्श किया जा सकता है।

संसार गुजरे 45 वर्षों से 'विश्व खाद्य दिवस' मनाता आया है, जिसकी शुरुआत वर्ष-1979 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन की सालाना बैठक में सदस्य देशों की आम सहमति से 16 अक्टूबर को ये दिवस मुकर्रर हुआ था। वो ऐसा वक्त था, जब आधी दुनिया भूख से कराहने को मजबूर थी। दरअसल इसी समय करीब 45 मुल्क ऐसे थे, जो गुलामी की बेड़ियों से नए-नए आजाद हुए थे। तब उनके सामने पेट भरने की सबसे बड़ी चुनौती थी। क्या बुजुर्ग, क्या बच्चे सभी भूख-प्यास से बिलखते थे। हालांकि भारत को आजाद हुए तब तीन दशक हो चुके थे, बिगड़ी स्थिति को हमने काबू कर लिया था। स्थित ऐसी भी हो गई थी कि अन्य भूखे देशों की सहायता भी करने लगे थे।

'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं। मौजूदा वक्त में कई देशों में जंग छिड़ी हैं, जिससे वहां की स्थिति भयाभय बनी हुई है। इसलिए भूख और गरीबी से लड़ने और भोजन के अधिकार को अपनाने की ओर आज का दिन ऐसे मजलूमों को संबल देता है।

> 'विश्व खाद्य दिवस' अपने शुरुआती दिनों से ही बहुत खास दिन रहा है। खाद पदार्थों की उपलब्धता से आज भी कई मुल्क सामना कर रहे हैं।

पिछले सप्ताह आई 'ग्लोबल हंगर इंडेक्स रिपोर्ट-2024' उन देशों को सतर्क करती है, जिनकी स्थिति भूख को लेकर अब भी ज्यादा अच्छी नहीं बताई गई है। रिपोर्ट में भारत का स्थान 127 देशों में 105 वां है, हालांकि पिछले सालों की तुलना में रैंक में मामूली सा सुधार हुआ है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2023 में भारत 125 देशों में 111 वें स्थान पर था। बावजूद इसके गंभीरता से मंथन करने की हमें भी जरूरत है। असमानता और गरीबी से निपटने, उनकी उपलब्धता बढ़ाने के लिए स्वस्थ भोजन विकल्प चुनने, भोजन की बर्बादी को कम करने और पर्यावरण की रक्षा करने में हम सभी की भूमिकाएं होती हैं।

भोजन की बर्बादी बड़ा मुद्दा उभरकर सामने आया है। इसे तत्काल प्रभाव से रोके जाने की जरूरत है। हालांकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को संदेह है कि क्या अगली पीढ़ी तक भूख को मिटाने का लक्ष्य पूरा हो पाएगा या नहीं? दरअसल ये ऐसा यक्ष प्रश्न है, जो सभी को सोचने पर मजबूर करता है। फिलहाल आज का दिन भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से भी मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल रहते हैं। ये खास दिन भूख से पीड़ित लोगों के लिए वैश्विक जागरूकता और उनके खाद अधिकारों पर कार्रवाई को भी बढ़ावा देता है। खाद पदार्थों में अब मिलावट का होना कोई नई बात नहीं? दूषित खाने से लोगों का बीमार होना भी अब आम बात हो गई। ऐसे लोग खाद अधिकारों को इस्तेमाल करें, उसके लिए भी 'विश्व खाद्य दिवस' सभी को प्रेरित करता है।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद कई देशों में भुखमरी के हालात और पैदा हुए हैं। अन्य देशों द्वारा अगर मानवीय सहायता न की जाए, तो वहां स्थिति और बदतर हो जाती। भूखमरी के शिकार देशों की जहां तक बात है तो भूख के मामले में हैती अब भी सबसे ऊपर है। वहां कई अन्य परेशानियों के अलावा बार-बार प्राकृतिक आपदाओं का आना भी भूखमरी को बढ़ाने का कारण बना हुआ है। इसी कारण हैती की लगभग 65 प्रतिशत आबादी भूख का दंश झेलने को मजबूर है। वहां आधे से ज्यादा लोग आज भी गरीबी रेखा से नीचे हैं। वहीं, भूख पर आईसीएमआर की रिपोर्ट पर गौर करें, तो हिंदुस्तान में 2018 में 19 करोड़ लोग ऐसे थे, जिन्हें रोज दो वक्त का भरपेट खाना नहीं मिला। वर्ष-2022 में ये संख्या बढ़कर 35 करोड़ हुआ। तब 14 करोड़ लोग रात में भूखे पेट सोए। हालांकि इन आंकड़ों में बीते दो वर्षों में सुधार हुआ है। केंद्र सरकार की मुफ्त आनाज वितरण योजना ने इन आंकड़ों को कम करने में बड़ी भूमिका निभाई है। इस योजना को बीते सप्ताह 2028 तक जारी रखने का निर्णय लिया गया है। भूख से लड़ाई लंबी है, इसे कम करने के लिए समूचे संसार को ईमानदारी से प्रयास करने होंगे।

## सोशल फोरम

# धारणा के युद्ध में असली हार



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक


आजकल धारणा (परसेप्शन) बनाने का खेल बुरी तरह चल रहा है। राजनेता और सरकारें धारणा बनाने में व्यस्त रहते हैं और यह भी सही है कि धारणाएं ही उन्हें चुनाव जितवाने 'उनकी सरकार बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका में होती है। एक तरह से धारणा युद्ध चल रहा है। 'हम हैं तो संभव है, हम ही कर सकते हैं, हम कर रहे हैं, हमने ही सब तीर मारे है, पहले वाला तो बेकार था, यही सब बोला बतियाया जा रहा है। मतलब ढोल भले ही फटी हो, पर बताओ कि उससे निकलने वाला संगीत पहले कभी नहीं बजा और न ही कोई ऐसा मधुर संगीत बजा सकता है।

धारणा बनाने के लिए सब कुछ किया जा रहा है, यहां तक कि सत्य की हत्या की जा रही है। भविष्य के सपने दिखाए जा रहे हैं। धारणा बनाने के वास्ते खबर को तोड़ मरोड़ करने के लिए लाखों लोगों को नौकरी पर रखा गया है। झूठ पर झूठ परोसा जा रहा है एक फ़ेक या तोड़ी मरोड़ी खबर को लाखों लोग वाट्सअप पर फारवर्ड कर रहे है। सत्यता क्या है, इससे किसी को कोई मतलब नहीं बस हउके रहो, लगे रहो मुन्ना भाई, फारवर्ड करते रहो। मीडिया जैसे महत्वपूर्ण तबके के तमाम नामचीन लोग निजी स्वार्थ वश इस अभियान में शामिल हो गए हैं। गोया वे भी इस युद्ध के सैनिक है। बहस के ज्यादातर आकंडे मैनुप्लेटिड हैं। चौराहों पर अपने अपने पसंदीदा चैनल की बातों को सही मानते लोग बहस कर रहे हैं, लोग हैं कि ताल ठोक रहे हैं, अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, ताली बजा रहे हैं, मरने मारने पर उतारूं है।

जो जितना ज्यादा धारणा आक्रमण माहिर है, उतना ही सफल हो रहा है, जिसके पास पैसा है, ताक़त है, दबाव है, नाटक है, कला है, वह उतनी अच्छी धारणा बनाने में सफल होगा और हो रहा है, सत्यता चाहे जो हो, नैतिकता चाहे जो कहे। आम जनता बेचारी जो सुनती है, उसके साथ नदी की तरह बस बही जा रही है। समझ ही नहीं पा रही है कि सत्यता क्या है, झूठ क्या है, झूठा कौन है? मेरा समझना है कि धारणा के इस युद्ध में असली हार आम जनता की और बड़े नक्शे पर देश की हो रही है। सही आंकड़े, सत्य बातें, सही स्थिति सामने आए तभी तो सही निर्णय हो।

-फेसबुक वॉल से

# दलित भी योद्धा हुए हैं यहां



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

सामान्यतया यह माना जाता है कि दलित, जिन्हें प्राचीन वर्ण व्यवस्था वाली भाषा में शूद्र कहा गया है, समाज में उपेक्षित रहे और उनका कार्य सेवा करना ही था। इसमें कुछ सच्चाई भी है। हालांकि यह पूर्ण सत्य नहीं है और इस वर्ग के लोग युद्धवीर से लेकर राजा तक रहे हैं। मगध में इसी वर्ग के महापद्मनंद एक प्रतापी राजा हुए, जिन्होंने अपने शौर्य के बल पर अपने राज्य को विस्तीर्ण किया। छठी शताब्दी में शूद्रक नामक राजा हुए, जो कवि भी थे।'मृच्छकटिकम्' उन्हीं की रचना है। उनकी जाति का खुलासा तो नहीं किया गया, किंतु नाम के अनुसार स्यात वे शूद्र वर्ग के ही थे।

शिवाजी की वीरता असंदिग्ध है। उन्हें इतिहासकारों का एक वर्ग शूद्र और दूसरा क्षत्रिय मानता है। वैसे स्थानीय ब्राह्मणों ने उनका राजतिलक करने से इंकार कर दिया था और इस हेतु काशी से लोग बुलाए गए थे,तो कुछ बात तो रही होगी। रामायण काल में वानरों और रीछों के पराक्रम को कौन नहीं जानता! ये जन जातीय लोग थे; क्षत्रिय कदापि नहीं। महाभारत का भील जन जातीय वीर एकलव्य प्रसिद्ध ही है। कोई आठ सौ साल पहले मध्य काल में महोबे के राजा परमाल (परमार्दिदेव) और उनके सामंत आह्ला ऊदल विख्यात हैं। उन्होंने अनेक युद्ध किए। परमाल चंदेल और आह्ला बंधु तो बनाफर क्षत्रिय थे, किंतु उनके साथ धनुवा तेली और लला तमोली भी युद्ध करने जाते थे। पृथ्वीराज चौहान से हुए युद्धों में धनुवा का मुकाबला धांधू नामक योद्धा से होता था।" धीरज आह्ला की वरनी है, ऊदल चौड़ा की तलवार। धांधू धनुवा की वरनी मा चटकै पेशकब्ज कै मार"।। ये धीरज और चौड़ा इतिहासोल्लिखित धीर पुंडीर एवं चामुंडराय ही हैं। इतना ही नहीं एक कोरी बिरादरी का खुनखुन नामक शूरमा भी था ता दूसरा रूपन बारी। आह्लखंड में शादियों में और उनके लिए लड़ाइयां हुई हैं। रूपन, यों तो विवाहों में बारी बिरादरी वाला ही काम करते थे और लड़की वाले के दरवाजे 'ऐपन बारी'लेकर जाते थे, किंतु नेग में वे लघु युद्ध मांगते। कन्या पक्ष के लोग सकते में आ जाते कि वर पक्ष के बारी भी योद्धा हैं और फिर एक छोटा-मोटा युद्ध होता।" चारि घरी पर चली सिरोही औ बहि चली रक्त कै धार"।

> लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं।

लखनऊ में एक हजार साल पहले लाखन पासी नामक वीर और राजा हुए हैं, जिन्होंने विशाल किला बनवाया था। अब इस जगह मेडिकल कालेज, मच्छी भवन आदि कई इमारतें हैं। कुछ लोग लखनऊ नगर के नामकरण का आधार भी इस नाम को ही मानते हैं। इस क्रम में बिजली पासी का भी नामोल्लेख जरूरी है, जिन्होंने वर्तमान उत्तर प्रदेश के एक भाग पर शासन किया था और राजा सुहेलदेव का भी। ये दोनों अप्रतिम योद्धा थे।

# हर क्षेत्र में जरूरत है प्रेरित किए जाने की



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आप कर्मचारियों का मनोबल और प्रेरणा कैसे बढ़ाते हैं? कर्मचारी प्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं? प्रेरित करने के लिए सिर्फ पैसे से ज्यादा प्रेरणा की जरूरत होती है लोग मूल्यवान महसूस करना चाहते हैं, टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं और यह महसूस करना चाहते हैं कि वे कंपनी के लिए मायने रखते हैं। यह कर्मचारी प्रेरणा इस बात पर निर्भर करती है कि अपने कर्मचारियों को उनके कार्य दिवस के लिए कैसे उत्सुक बनाया।

किसी कंपनी की सफलता के लिए कर्मचारी प्रेरणा तकनीकें जरूरी हैं। जब आप जानते हैं कि कर्मचारियों को कैसे प्रेरित किया जाए तो आप उनसे सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करेंगे। प्रेरित कर्मचारी कड़ी मेहनत करेंगे और खुद को कंपनी के मिशन के लिए समर्पित करेंगे। खुश कर्मचारी अधिक उत्पादक होते हैं और दूसरी नौकरी की तलाश करने के बजाय कंपनी के साथ बने रहने की अधिक संभावना होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि व्यवसाय क्या है, निजी क्षेत्र और सार्वजनिक क्षेत्र में कर्मचारी प्रेरणा एक दूसरे के समान ही महत्वपूर्ण हैं। कर्मचारी उत्पादकता बढ़ाने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एक स्ट्रक्चरल स्टील डिजाइन और डिटेलिंग कंपनी टीम डिटेलिंग सॉल्यूशंस ने अपने कर्मचारियों को 28 कारें और 29 बाइक उपहार में दी हैं, उनके एक अधिकारी का कहना था कि कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए सराहना के रूप में हुंडई, मारुति सुजुकी और मर्सिडीज बेंज जैसी कई नई कारें तोहफे में दी गई।

यह समझने की बात है कि प्रतिस्पर्धा के आज के दौर में अपने कर्मचारियों को प्रेरित और उत्साहित करते रहना बहुत आवश्यक है। प्रेरणा जो किसी व्यक्ति को अच्छे काम पर प्रदर्शन करने के लिए होती है। यह वह चीज है, जो किसी व्यक्ति को सुबह उठने और काम पर जाने के लिए उत्साहित करती है। जब कर्मचारी प्रेरित होते हैं तो उनके उत्पादक, रचनात्मक और अपने काम में लगे रहने की संभावना अधिक होती है। जरूरत है कर्मचारियों को निरंतर प्रेरित और उत्साहित किया जाए।

# ट्यूशन से लौट रही छात्रा को मारी गोली, गंभीर

## औरैया में एकतरफा प्रेम प्रसंग में वारदात की चर्चा, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 3 टीमें गठित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के जालौन चौराहे के समीप एक छात्रा सोमवार देर रात करीब 8:30 बजे ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। इसी बीच एक युवक छात्रा के पास पहुंचा और छात्रा को रोककर उसके सीने में तमंचे से गोली मार दी। गोली चलते ही मौके पर भगदड़ मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से गंभीर हालत में उसे सैफई मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया, जहां पर उसका उपचार चल रहा है। एएसपी आलोक मिश्रा ने बताया कि तीन टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई हैं।

सत्तेश्वर मोहल्ला निवासी 19 वर्षीय गौरी पुत्री संजय दुबे सोमवार शाम ट्यूशन पढ़कर घर लौट रही थी। वह जालौन चौराहा के पास समरथपुर रोड से निकल रही थी कि तभी छात्रा को जानने वाला तकिया मोहल्ला निवासी रामजी सोनी उसके पास पहुंचा और छात्रा के सीने में तमंचे से गोली मार दी। गोली लगते ही छात्रा सड़क पर गिर गई। फायर की आवाज सुनकर मौके पर भगदड़ मच गई। वहीं आरोपी मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस छात्रा को जिला अस्पताल ले गई, जहां पर उसकी गंभीर हालत देखकर उसे सैफई मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया। लोगों में चर्चा रही की एकतरफा प्रेम प्रसंग में युवक ने गोली मारी है। लड़की के मामा ने बताया कि दोनों की जान पहचान थी लेकिन अन्य किसी बात की जानकारी नहीं है। जिला अस्पताल पहुंचे एएसपी आलोक मिश्रा ने परिजनों से बातचीत की और बताया कि छात्रा को गोली मारी गई है। आरोपी रामजी सोनी की छात्रा से जान पहचान थी। तीन टीमें आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई हैं। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


घायल छात्रा को उपचार के लिए ले जाते परिजन। अमृत विचार


जांच पड़ताल करते एएसपी आलोक मिश्रा। अमृत विचार

## महिला सभासद के घर हमला, दरोगा को गिराया

संवाददाता, फतेहपुर

● बिंदकी के सराफा बाजार की घटना, अभी गिरफ्तारी नहीं

**अमृत विचार।** पुरानी खुन्नस को लेकर कुछ लोगों ने पुलिस की मौजूदगी में महिला सभासद के घर में घुसकर पूर्व सभासद के साथ मारपीट की और बीचबचाव करने पर पुलिस को भी धकियाया। सभासद के घर के बाहर काफी देर तक हंगामा चलता रहा। इस मामले में महिला सभासद ने कोतवाली में तहरीर दी है, मगर अभी तक न तो घटना की एफआईआर दर्ज की गई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है।

बिंदकी कस्बे के सराफा बाजार की रहने वाली सभासद प्रीती गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात करीब 8 बजे वह अपने पति के साथ घर पर थी, तभी मोहल्ले के ही रहने वाले सत्ता पक्ष से जुड़े कुछ लोग अपने आधा सैकड़ा साथियों के साथ दरवाजे पर पहुंचे और पुरानी खुन्नस के चलते गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके पति रामजी गुप्ता के साथ मारपीट की।

मौके पर मौजूद एक दरोगा ने बीचबचाव करने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसे भी धक्का देकर रास्ते पर गिरा दिया।

हमलावर काफी देर तक पुलिस की मौजूदगी में हंगामा करते रहे। पति को मारपीट से बचाने में उनके साथ भी मारपीट की गई और उनके साथ अभद्रता की गई। पुलिस के हस्तक्षेप करने के बाद आरोपी गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। यह पूरी घटना सभासद के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों ने भी पुलिस से मारपीट की शिकायत की है। पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

## महिला की हत्या में 9 ससुरालियों पर दर्ज हुई एफआईआर

**बकेवर, इटावा।** पांच दिन पहले थाना क्षेत्र में गांव सराय मिठ्ठे में नवविवाहिता का शव फांसी पर लटका मिला था। अब मृतका के पिता ने चार महिलाओं सहित 9 लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर लिया है। कानपुर देहात में संचेडी थाना क्षेत्र में गांव कतरी के विनोद कुमार ने पुलिस को बताया कि बेटी रंजना का विवाह उक्त गांव के अतर सिंह से 26 मई 2023 को किया था। शादी के कुछ दिनों बाद अतिरिक्त दहेज में बाइक और एक लाख रुपए की मांग करने लगे। मना करने पर शारीरिक, मानसिक उत्पीड़न करते हुए 10 अक्टूबर को बेटी की हत्या कर दी। पुलिस ने पति अतर सिंह, सास सरोजनी देवी, देवर राजू व राकेश, देवरानी रानी व सीमा, ननद नीलम व ननदोई पंकज के अलावा मध्यस्थता करने वाले एहकारपुर के अनिल कुमार के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा ने बताया कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया।

## सार-संक्षेप

### जहरीले कीड़े के काटने के बाद घूमता रहा युवक, मौत

**रामनगर (चित्रकूट)।** एक युवक को खेत में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। इसका उसे भान नहीं हुआ। वह घूमता टहलता रहा और बाद में चक्कर खाकर गिर पड़ा और मौत हो गई। यह मामला मऊ तहसील के रैपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भखरवार का है। जानकारी के मुताबिक, यहां के निवासी मुन्ना रैदास ने बताया कि उसका पुत्र आशीष (18) सोमवार की सुबह खेतों की ओर गया था। वहां किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया लेकिन युवक को आभास नहीं हुआ। परिजनों के मुताबिक, इसके बाद भी वह खेतों में घूमता रहा। जब उसका सिर चकराया तो घर पहुंचा। पर तबतक हालत खराब हो चुकी थी। जब तक परिजन अस्पताल ले जाते, मौत हो गई। मुन्ना ने बताया कि उसके छह पुत्र, दो पुत्रियां हैं। पांचवे नंबर का आशीष पानीपत में रहता है। वह कुछ दिन पहले गांव आया था। आशंका है कि खेत में उसे जहरीले सांप ने डस लिया और उसे पता नहीं चला। ग्राम प्रधान बच्चा कोटार्य ने बताया कि मृतक की मां नन्ही देवी पुत्र की मौत से बदहवास है। परिवार के पास लगभग दो बीघे जमीन है। अत्यंत गरीब परिवार है। सरकारी मदद का अनुरोध किया है।

### तहरीर देने गए भाजपा नेता को पुलिस ने बैठाया

**महोबा।** वरिष्ठ भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र मिश्रा से दबंगों ने बच्चों के विवाद में अभद्रता की। साथ ही उनके बेटे के साथ मारपीट की। भाजपा नेता ने दबंगों के खिलाफ तहरीर दे दी है। तहरीर देने गए भाजपा नेता को पुलिस ने थाने में बैठा लिया और बाद में यह कहकर छोड़ दिया कि सुबह फिर कोतवाली आना। रात में भाजपा नेता को कोतवाली में बैठाए जाने से भाजपाई नाराज हैं। शहर के मोहल्ला सुभाषनगर के एसपी आफिस के समीप रहने वाले नरेंद्र मिश्रा के बेटे का कुछ लोगों से विवाद हो गया था, जिस पर दबंग, भाजपा नेता के घर पहुंच गए जहां पर मौजूद भाजपा नेता के साथ अभद्रता करने लगे। नेता के बेटे ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने उसकी मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया। दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए, इससे घबराए भाजपा नेता न्याय के लिए कोतवाली महोबा पहुंचे। वहां पर पुलिस ने भाजपा नेता की रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय उन्हें कोतवाली में बैठा लिया। एक घंटे तक कोतवाली में बैठाने के बाद उन्हें अगले दिन फिर आने का अल्टीमेटम देकर जाने दिया।

### एसडीएम ने गिरवा दी दीवार, जांच की उठाई मांग

**महोबा।** शहर के मोहल्ला गांधीनगर में कानपुर सागर हाईवे में आर्यावर्त बैंक के पास रजिस्टर्ड बैनामाशुदा डेढ़ दशक पुराने प्लाट पर बाउंड्री और गेट लगा होने के बाद भी कुछ लोगों की शिकायत पर एसडीएम ने पुलिस फोर्स के साथ जाकर महिला की बाउंड्री और गेट गिरा दिया। इतना ही नहीं पुलिस गेट और अन्य सामग्री भी साथ ले गई। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से कर न्याय की गुहार लगाई है। रजिस्टर्ड बैनामा के जरिए खरीदे गए प्लाट पर काबिज रहने की भी मांग की है। कस्बा कबरई के मोहल्ला विवेकनगर निवासी कविता पत्नी ब्रजेंद्र सिंह ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि महिला ने वर्ष 2009 में रजिस्टर्ड बैनामा के जरिए शहर के मोहल्ला गांधीनगर में आर्यावर्त बैंक के पास एक प्लाट खरीदने के बाद उसमे बाउंड्रीवाल बनाकर गेट लगा दिया था, जिस पर कुछ लोगों ने इसकी शिकायत कर उक्त प्लाट पर अवैध कब्जा बताया था, जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर बाउंड्रीवाल और गेट को गिराकर सामान भी ट्रैक्टर में भरवाकर साथ ले गए। पीड़ित ने जिलाधिकारी से कहा कि उसने कब्जा नहीं किया था बैनामा कराया था।

### स्टाफ नर्स ने डॉक्टर प्रेमी से प्रताड़ित होकर दी थी जान

**तिर्वा।** स्टाफ नर्स के फंदा लगाकर आत्महत्या करने के मामले में नया खुलासा हुआ है। उसने लखनऊ के सरावनी हॉस्पिटल के डॉ .अरसद की प्रताड़ना से आहत होकर जान दी थी। स्टाफ नर्स के भाई की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। डॉक्टर भीमराव रामजी अंबेडकर मेडिकल कालेज के टाइप थ्री आवास में रहने वाली एनएचआरएम की स्टाफ नर्स ने दो दिन पहले अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। प्रारंभिक छानबीन में आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी थी। मामले की सूचना पर हरदोई जनपद से यहां पहुंचे स्टाफ नर्स के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन की लखनऊ के सरावनी हास्पिटल में काम कर रहे डॉ .अरसद से बातचीत हुआ करती थी। दोनों लोग आपस में विवाह करने के लिए तैयार थे। भाई का आरोप है कि बहन नहीं जानती थी कि डॉ .अरसद उसे धोखा दे रहा है। एक सप्ताह से दोनों के बीच कड़वाहट चल रही थी। डॉ .अरसद उसकी बहन का उत्पीड़न कर रहा था। डॉ .अरसद के धोखा देने से आहत होकर बहन ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगा नवविवाहिता ने दी जान

**नवाबगंज फर्रुखाबाद ।** बीते रात घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता फांसी पर झूल गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने थाने में तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज के नयागनीपुर निवासी शिवा राठौर का विवाह पांच माह पूर्व जनपद हरदोई के थाना पाली के गांव सरसई निवासी लालाराम की पुत्री से हुआ था। पिता लालाराम के अनुसार उनकी पुत्री को मायके से तीन .चार दिन पूर्व ही उसका पति शिवा राठौर लेकर गया था। उन्होंने बताया कि जब से शादी हुई थी तो पीड़ित पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था। जिससे ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे और बेटी के साथ मारपीट करते रहते थे। जिससे आहत होकर उसने बीती रात घर के कमरे में कुंडे पर साड़ी का फंदा डालकर फांसी पर झूल गई। वहीं शिवा राठौर के परिजनों के मुताबिक पति-पत्नी दोनों कमरे में सोए हुए थे। रात में किसी समय पत्नी फांसी के फंदे पर झूल गई । जब पति शिव ने देखा तो पत्नी फांसी के फंदे पर लटक रही थी तो वह चीख पड़ा। चीख पुकार की आवाज सुनकर अन्य परिजन भी जाग गए और पीड़िता को अस्पताल ले गए। साथ ही पिता लालाराम को फोन द्वारा सूचना दी । अस्पताल में महिला की मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंचे पिता लाला राम ने थाना पुलिस को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति शिवा राठौर ससुर नरेश चंद्र राठौर तथा सास के विरुद्ध अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताडित करने के तहरीर दी । कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र तथा थाने के दरोगा राम सिंह ने मौके पर जांच-पड़ताल की।

## किशोरी से रेप प्रकरण में 18 को आरोपों पर बहस

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● तीनों आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कोर्ट में पेशी

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म मामले में पूर्व ब्लॉक प्रमुख नवाब सिंह यादव, उनके भाई वीरपाल सिंह उर्फ नीलू यादव और पीड़िता की बुआ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेशी हुई। 18 अक्टूबर को आरोपों पर बहस होगी।

सोमवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अलका यादव की कोर्ट में दुष्कर्म के आरोपी व सह आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। बताया गया है कि बचाव पक्ष ने पेपर की नकल मांगी थी। ये कागज मंगलवार को उनको रिसीव कराए गए। शासकीय अधिवक्ता नवीन दुबे ने बताया कि न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए 18 अक्टूबर का समय दिया है।

अगली सुनवाई में आरोपों पर बहस होगी। बताया गया है कि कानपुर से आए बचाव पक्ष के अधिवक्ता आशुतोष मिश्र आदि ने कोर्ट से बहस के लिए लंबा समय मांगा, इसको लेकर शासकीय अधिवक्ता ने अपनी बात भी रखी।

## कन्नौज में बस डिवाइडर से टकराई, 25 घायल

संवाददाता, गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस-वे पर लखनऊ से 50 यात्रियों को लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस चालक को झपकी आने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इससे बस में सवार 20 यात्री घायल हो गए। पांच यात्री मामूली रुप से घायल हुए। गंभीर घायलों को मेड़िकल कालेज तिर्वा और अन्य घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

मध्य प्रदेश के ग्वालियर के पिंटू पार्क बच्चा बिहार कालोनी निवासी चालक नीलकमल उर्फ नीरज डबल डेकर बस में 50 यात्रियों को लखनऊ से बैठाकर दिल्ली जा रहा था। सोमवार की देर रात चालक बस लेकर तालग्राम थाना क्षेत्र के किमी. संख्या 165.500 तिलकापुर गांव के निकट पहुंचा उसी समय उसे नींद की झपकी आ गई। इससे बस बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में करीब 20 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि पांच यात्रियों को मामूली चोटें आई। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष शशिकांत कनौजिया, एक्सप्रेस-वे के सहायक सुरक्षा अधिकारी आरपी कनौजिया ने यूपीडा और डायल 108 और 102 एम्बुलेंस से 14 घायल यात्रियों को तालग्राम सीएचसी में भर्ती कराया। जबकि गंभीर रूप से घायल छह यात्रियों को मेडिकल कॉलेज तिर्वा में भर्ती कराया। वहीं तालग्राम सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद पांच यात्रियों को भी गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। जबकि अन्य यात्रियों को दूसरे वाहन से गंतव्य तक भेजा गया।


एक्सप्रेस-वे के डिवाइडर से दुर्घटनाग्रस्त बस को हटाती हाईड्रा। अमृत विचार

## महोबा में रुपये देने के बहाने बच्ची के साथ दुराचार का किया प्रयास

कार्यालय संवाददाता, महोबा

● आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले किया

**अमृत विचार।** थाना पनवाड़ी के एक ग्राम में एक दस वर्षीय बच्ची को रुपये देने के बहाने एक अधेड़ अपने साथ घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म की वरदात को अंजाम की कोशिश की। बच्ची की चीख- पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और भाग रहे अभियुक्त को पकड़ लिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अधेड़ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का उपचार जिला अस्पताल में कराया।

तहरीर में बच्ची के पिता ने बताया कि बीती शाम उसकी दस वर्षीय पुत्री पड़ोस के बच्चों के साथ खेल रही थी तभी गांव का ही 51 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति उसकी पुत्री को सौ रुपये देने के बहाने बहला-फुसला कर अपने घर ले गया, जहां पर उसके साथ छेडखानी करते हुए दुष्कर्म की वरदात को अंजाम देने लगा।

बच्ची के चीखने चिल्लाने पर उसने बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंस दिया, लेकिन जब तक शोर शराबा सुन कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। जिन्हें देखकर उक्त व्यक्ति बच्ची को छोड़कर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। ग्रामीण और परिजनों ने घेराबंदी करते हुए अभियुक्त को पकड़ा और डायल 112 को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने अधेड़ व्यक्ति को हिरासत में ले लिया और घायल बच्ची को ग्रामीण व परिजन थाने लेकर पहुंचे। जहां पर पिता की तहरीर पर पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया और घायल बच्ची को इलाज और मेडिकल परीक्षण के लिए महिला जिला अस्पताल पहुंचाया। कुलपहाड़ सीओ हर्षिता गंगवार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पूछताछ की जा रही जबकि बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## दहेज हत्या में पति को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● केरोसीन डालकर जलाया था इलाज के दौरान हुई थी मौत

**अमृत विचार।** दहेज हत्या के पांच साल पुराने मामले में एफटीसी प्रथम मनोज कुमार शासन की अदालत ने दोषी पति को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए पांच हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विशंभर पाल ने बताया कि बिवांर थानाक्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी पीड़ित पिता मूलचंद्र ने जलालपुर पुलिस को तहरीर दी थी। बताया था कि उसने अपनी बेटी सुधा की शादी 30 नवंबर 2014 को कुपरा निवासी रघुराज के साथ की थी। बताया कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर बेटी को परेशान करने लगे। उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। कई बार पंचायत हुई थी, लेकिन ससुरालीजन नहीं माने और 21 जुलाई 2019 को सुबह करीब आठ बजे पति रघुराज, सास, देवर बाबू, रामनरायण व बिल्लू ने मिलकर बेटी पर केरोसिन डालकर जला दिया। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां से चिकित्सकों ने कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया। बताया कि 25 जुलाई को शाम करीब चार बजे उसने दम तोड़ दिया।

## यूनिसेफ टीम ने गांवों में पहुंच की स्वास्थ्य जांच

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** स्वास्थ्य विभाग लखनऊ द्वारा संचालित टीम यूनिसेफ ने आज राजेपुर ब्लॉक के कई गांवो में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच की। टीकाकरण एवं कुपोषण की उपलब्ध कराई गई लिस्ट के माध्यम से गांव रतनपुर पमारान, चपरा, बड़ागांव परतापुर, अमैयापुरए रुलापुर एवं अमैयापुर पूर्वी में पहुंचकर जांच पड़ताल की। टीम को कई खामियां नजर आईं। टीम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की स्थिति बेहद खराब है। इन क्षेत्रों में 25 से 30 प्रतिशत ही टीकाकरण किया गया है, जबकि शत् प्रतिशत टीकाकरण आवश्यक है।

उपलब्धि | मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में प्रथम स्थान, खेल मैदान, पार्क और सचिवालय बनाए गए

# काम के जज्बे ने बदली ग्राम पंचायत की तस्वीर

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार:** पंचायती राज व्यवस्था में विकास की बानगी देखनी है तो खजुहा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत भीखमपुर की सैर कीजिए। काम के जज्बे ने ग्राम पंचायत की तस्वीर बदल दी है। खेल का मैदान, सुसज्जित पार्क, कंप्यूटराइज्ड ग्राम सचिवालय पंचायत की शोभा बढ़ा रहे हैं। इन्हीं वजहों से इस ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना में जनपद स्तर पर प्रथम चुना गया है।

बिंदकी तहसील क्षेत्र के खजुहा ब्लाक के भीखमपुर के प्रधान राजीव सिंह राज ने ग्राम पंचायत में सरकार की विभिन्न योजनाओं का जिस बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कराया है, उससे ग्राम पंचायत की तस्वीर ही बदल गई है।


ग्राम पंचायत में खेल मैदान, सरदार पटेल पार्क, बरगदिया दाई पार्क के निर्माण के साथ सामुदायिक शौचालय की स्थापना की गई है। प्रत्येक सामुदायिक भवन में वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण एवं सामुदायिक हैंडपंपों में सोकपिट निर्माण कराया गया है। कंप्यूटराइज्ड ग्राम सचिवालय के साथ प्राथमिक विद्यालय के सौंदर्यीकरण और कम्पोजिट विद्यालय की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराकर संवारा गया है। फतेहपुर-जहानाबाद मार्ग पर स्थित इस ग्राम पंचायत से गुजरने पर यहां के विकास कार्य बरबस लोगों का ध्यान खींचते हैं। ग्राम पंचायत में पौधे लगाकर हरा-भरा बनाया गया है।


ग्राम पंचायत में बनाया गया खेल का मैदान। अमृत विचार


ग्राम पंचायत सचिवालय में तैयार गार्डेन। अमृत विचार

### 7 महिला समूह सक्रिय, घरेलू सामान बना रहीं महिलाएं

- वर्ष 2011 की जनगणना के मुताबिक इस ग्राम पंचायत की आबादी 1124 है। इनमें 143 वृद्धा, दिव्यांग और निराश्रित पेंशनधारक, 216 पात्र गृहस्थी व अंत्योदय राशन कार्डधारक, 109 पीएम सम्मान निधि के हकदार और 159 उज्ज्वला योजना के लाभार्थी हैं। आजीविका मिशन के तहत ग्राम पंचायत में 7 स्वयं सहायता समूह हैं, जिनमें कुल 79 महिलाएं शामिल हैं। इनमें से 7 महिलाओं ने सीसीएल खाते के तहत बैंक से ऋण लेकर बकरी पालन, भैंस पालन और घरेलू उपयोग का सामान बना रही हैं।



ग्राम पंचायत के समग्र विकास की कसौटी पर खरा उतरने के कारण ही इस ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत जनपद में प्रथम चुना गया है। ग्राम प्रधान राजीव सिंह राज का कहना है कि गांव में ग्रीन पंचायत भवन बनाया गया है, जिसमें पौधे लगाकर हरा-भरा और रमणीक माहौल देने की कोशिश की गई है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बैजेमऊ विकास खण्ड मौदहा- हमीरपुर

पत्रांक- 64/निविदा प्रकाशन/वित्त/2024-25 दिनांक 15/10/2024

**अल्पकालीन निविदा प्रकाशन**

ग्राम पंचायत बैजेमऊ मे मनरेगा योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्यो मे प्रयोगार्थ सामग्री आपूर्ति हेतु ग्रा0अ0वि0/लो0नि0वि0/सि0वि0/आयकर/व्यापार कर/ग्राम पंचायत/विकास खण्ड/जिला पंचायत में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरो से मुहरबंद निविदाये आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यालय से कार्य दिवसो मे प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे सायं तक दिनांक 16.10.2024 से 03.11.2024 तक निविदा मूल्य (कालम सं0 06 मे दर्शाये गये) देकर प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदाये दिनांक 04.11.2024 को 12.00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा ग्राम पंचायत अथवा समिति के समक्ष खोले जायेगे।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि (रू0 में) जी0एस0टी0 सहित | सामग्री अंश (रू0 में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी0सी0/नाली निर्माण पवन कुमार के घर से राजू के घर तक | 250261.00 | 232759.00 | 4655.00 | 250+18 प्रतिशत | 3 माह |

निविदा हेतु शर्ते :- 1. निविदा प्रपत्र/कुटेशन के साथ 100 रू0 का स्टाम्प एवं 1 रू0 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर अनिवार्य होगा। 2. प्रत्येक निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि (कालम नं0 5 पर प्रदर्षित) राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ0डी0आर0/डाक विभाग की एन0एस0सी0 जो ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत बैजेमऊ वि0ख0 मौदहा-हमीरपुर के नाम बंधक/देय होगा। यह निविदा दिनांक से 180 दिन तक वैध होगा। धरोहर राशि न होने पर कार्य पूर्ण होने तक उतनी धनराशि रोककर भुगतान किया जायेगा। 3. निविदादाता आयकर दाता हो तथा वाणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जी0एस0टी0 नम्बर अंकित होगा। 4. लोक निर्माण विभाग द्वारा शासनादेश सं0 6738/23.07.2016-176 (सा0)/06 दिनांक 28.12.2006 के अनुसार दिशा निर्देशो के क्रम में हो। 5. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 6. प्रथक-प्रथक कार्य हेतु प्रथक प्रथक निविदा प्रपत्र भरने होंगे। एक कार्य की एक निविदा स्वीकार की जायेगी। 7. फर्म/सप्लायर कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृति के पश्चात कार्य स्थल पर निर्माण सामग्री की आपूर्ति कार्य प्रभारी/अधोहस्ताक्षरी की मांग के अनुसार की जायेगी, जिसके सम्बन्ध में कोई दावा मान्य न होगा। 8. ग्राम पंचायत/समिति/अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत अथवा बिना कारण बताये समस्त निविदाये निरस्त कर सकती है। 9. उक्त सामग्री घट या बढ़ सकती है जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा। 10. शासनादेश सं0 730/33-3-2022-11/2022 पंचायतीराज अनुभाग-3 दिनांक 26 अप्रैल 2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये। 11. शासनादेश सं0 137/अडतीस-7-2022-63 नरेगा/2009 ग्राम्य विकास अनुभाग 7 दिनांक 21.03.2022 में वर्णित रिश्तेदार निविदादाता नही होना चाहिये। 12. प्रत्येक दशा में निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाये निर्धारित प्रारूप पर संलग्न होना चाहिये। 13. निविदादाता अपराधिक प्रवृत्ति का नही होना चाहिये।

जुगुलकिशोरी
प्रधान
ग्रा0पं0 बैजेमऊ

नितेश कुमार सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्रा0पं0-बैजेमऊ

# महाराजगंज में बाजार, इंटरनेट बंद, 50 उपद्रवी गिरफ्तार

## सीतापुर मार्ग को फिर से खोल दिया गया, दूसरे दिन भी महराजगंज में जमे रहे एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** महाराजगंज कस्बे में सांप्रदायिक हिंसा के बाद भारी पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की तैनाती के बीच लगातार दूसरे दिन भी बाजार बंद रहे और स्थानीय लोग घरों के अंदर ही रहे। सांप्रदायिक हिंसा के मामले में अब तक 50 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। साथ ही मोबाइल और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं भी बंद है। मंगलवार को एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश, डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, सीडीओ मुकेश चंद्र, एएसपी ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी पुलिस और पीएससी जवानों के साथ गश्त करते रहे। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि तनावग्रस्त इलाके में हालात सामान्य होते दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि रविवार को दुर्गा पूजा के मौके पर मूर्ति विसर्जन यात्रा के दौरान सांप्रदायिक हिंसा भड़कने पर 22 वर्षीय युवक राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई और पथराव तथा गोलीबारी में करीब छह लोग घायल हो गए थे। स घटना के बाद इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया और पुलिस ने कार्रवाई की। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि असामाजिक तत्वों की पहचान करने के प्रयास चल रहे हैं और पुलिस अधिकारी उन पर कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक 50 से अधिक गिरफ्तारियां की गई हैं और जल्द ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सभी गिरफ्तारियां एहतियातन की गई हैं, सिवाय दो आरोपियों के जिन्हें रविवार की हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया। रविवार और सोमवार को हुई हिंसा के सिलसिले में अब तक 3 प्राथमिकी दर्ज की गई हैं जबकि कुछ और शिकायतें दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश ने बताया कि स्थिति सामान्य हो रही है। बहराइच और सीतापुर के बीच का मार्ग फिर से खोल दिया गया है। पुलिस, आरएएफ, प्रादेशिक आर्म्ड कांस्टेबुलरी के जवानों के साथ जिला पुलिस और प्रशासन की मदद से महाराजगंज के 20 किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा और गश्त सुनिश्चित की जा रही है।

### बहराइच जिले की नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ी

- देवीपाटन रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अमरेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि घटना के बाद स्थानीय हरदी थाने में छह नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ कथित हत्या और हिंसा के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। सिंह ने कहा कि जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, उनमें अब्दुल हमीद, उसका बेटा सरफराज उर्फ रिंकू, फहीम, राजा उर्फ शाहिद (चारों महाराजगंज के), ननकऊ और मारूफ अली (दोनों रेहुआ मंसूर गांव के) तथा चार अज्ञात लोग हैं। इस बीच, रेहुआ मंसूर गांव और महाराजगंज शहर के स्थानीय लोग ज्यादातर अपने घरों के अंदर ही रहे और क्षेत्र में मोबाइल तथा ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं बंद होने का भी प्रभाव देखा गया। सोमवार सुबह मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई जबकि शाम को ब्रॉडबैंड सेवा बंद की गई। बुधवार तक इंटरनेट सेवाएं फिर से शुरू होने की उम्मीद है। स्थानीय नगर निकाय ने सड़कों से जले हुए वाहन हटाने शुरू कर दिए हैं, जिन्हें हिंसा के दौरान आग लगा दी गई थी। निकाय ने दुकानों में आगजनी के कारण हुई गंदगी को भी साफ किया। बहराइच जिले की नेपाल सीमा पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डिप्टी कमांडेंट दिलीप कुमार ने बताया यहां नेपाल सीमा पर पहले से ही चौबीसों घंटे बल की तैनाती है।

### बदहाली मिटाने के लिए लगाए गए सफाई कर्मी

- उपद्रव की दुर्दशा तस्वीरें बयां कर रही हैं। पुलिस की मौजूदगी में जले सामान को निहारने में लोग लग गए हैं। वहीं जिला प्रशासन की ओर से सफाई कर्मियों को भेजकर कूड़े करकट को हटवाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर पालिका समेत नगर पंचायत और ब्लॉक के सफाई कर्मियों को बुलवाकर गंदगी को साफ करवाया जा रहा है।

### घटनास्थल से दूर भी जलाए गए वाहन और मकान

- तीसरे दिन भयावह तस्वीरें देखने को मिली। मंगलवार को परिवार की महिलाएं घर और अपने समान की दुर्दशा देख विलख रही हैं। सभी का कहना है कि ऐसा बवाल जीवन में नहीं देखा है। लोग आपसी भाईचारा बनाए रखने की मांग कर रहे हैं।

### महाराजगंज बाजार पुलिस और पीएसी जवानों से पटा

- महराजगंज बाजार में दो समुदाय के बीच हुए भिड़ंत के बाद दूसरे दिन भी एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश सड़कों पर पैदल मार्च करते दिखे। वहीं डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह रमपुरवा मोड़ के पास मार्च करते दिखे। वहीं सीडीओ मुकेश चंद्र भी अधिकारियों के साथ पैदल मार्च करते रहे। महसी तहसील क्षेत्र में जिला मुख्यालय या अन्य क्षेत्र से आने जाने वाले लोगों आधार कार्ड देखकर ही प्रवेश दिया जा रहा है। इनसेट

### 16 तक बंद रहेगा इंटरनेट

- बहराइच। जिले में सोमवार रात से ब्रॉडबैंड के सेवाएं भी बंद कर दी गई। अपर जिला अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर 16 अक्टूबर तक इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद कर दी गई हैं। आगे की स्थिति के बाद पुन: फैसला लिया जाएगा। वही ब्रॉडबैंड से लोग काम चला रहे थे लेकिन ब्रॉडबैंड से भी सोशल मीडिया पर पोस्टर वायरल होने लगे इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने ब्रॉडबैंड सेवाओं पर भी पाबंदी लगा दी है।

### रेलवे स्टेशन पर नेट का कर रहे उपयोग

- **विशेश्वरगंज, बहराइच।** जिले में इंटरनेट सेवाएं पूरी तरह से बंद हैं। इसके चलते लोग काफी परेशान हैं अपने लोगों से वीडियो कॉलिंग और अन्य कार्य के लिए क्षेत्र के लोग रेलवे स्टेशनों पर पहुंच रहे हैं। कुछ यही हाल मंगलवार को भी देखने को मिला विशेश्वरगंज और पयागपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे आम लोगों ने वाई-फाई का इस्तेमाल किया।

### श्रावस्ती में भी बरती जा रही सतर्कता

- **बहराइच।** शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस द्वारा कड़ी सुरक्षा बरती जा रही है। चौक चौराहों पर पुलिस तैनात है। बहराइच मार्ग से श्रावस्ती जिले तक पुलिस सतर्कता बरत रही है। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में रविवार को मूर्ति विसर्जन जुलूस को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आगजनी और फायरिंग हो गई थी। इसको लेकर जिले की पुलिस सतर्कता बरत रही है। शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस के साथ पीएससी के जवान सुरक्षा में लगे हुए हैं। कुछ यही हाल बहराइच से जाने वाले श्रावस्ती मार्ग की है।

# वॉलीबॉल: बरेली ने आगरा को 2-0 से दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**● राजकीय इंटर कॉलेज में 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू**

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज में अंडर 14, 17 और 19 बालिका वर्ग में 68 वीं प्रदेशीय विद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता मंगलवार को शुरू हुई।

अंडर-14 आयु वर्ग में गोरखपुर वीबीएस स्पोर्ट्स कॉलेज ने आगरा को 2-0 और बरेली ने बस्ती को 2-0 से हरा कर जीत दर्ज की। अंडर 17 में मेरठ ने प्रयागराज को 2-0, अयोध्या ने सहारनपुर को 2-0, आजमगढ़ ने कस्तूरबा गांधी स्कूल को 2-0, लखनऊ ने झांसी को 2-0, आगरा ने अलीगढ़ को 2-1, कानपुर ने विंध्याचल धाम को 2-0 और बरेली ने मुरादाबाद को 2-0 से हराया। इसके अलावा अंडर 19 में गोरखपुर ने अयोध्या को 2-0, बस्ती ने प्रयागराज, लखनऊ ने झांसी, वाराणसी से चित्रकूट, मेरठ ने विंध्याचल को 2-0 और बरेली ने गोरखपुर को 2-1 से हराकर जीत हासिल की।

**जो हारेगा वह सीखेगा और जो जीतेगा वह आगे बढ़ेगा:कमिश्नर।** इससे पहले मुख्य अतिथि कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने कॉलेज परिसर में बने वालीबॉल मैदान में फीता काटकर और विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने सर्विस कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। कमिश्नर ने उपस्थित खिलाड़ियों को शाबाशी देते हुए कहा कि खेल तो कोई एक ही जीतेगा और बाकी हारेंगे, जो हारेगा वो ज्यादा सीख कर जाएगा और जो जीतेगा वो आगे बढ़ेगा। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलें और निर्णायक भी अपने अनुभव और जानकारी के आधार पर ऐसी टीम का चयन करें जो राष्ट्रीय स्तर पर भी गोल्ड मेडल हासिल करे।

कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने जानकारी दी। इस मौके पर इस्लामिया बालिका इंटर कॉलेज, महावीर प्रसाद कन्या इंटर कॉलेज और मेथोडिस्ट बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को और खुशनुमां बना दिया।

# अराजक तत्वों ने मंदिर में मूर्ति तोड़ी

संवाददाता, हरदोई/टड़ियावां

**● टड़ियावां थाने के अहिरोरी में है प्राचीन मंदिर,अराजकतत्वों को ढूंढने में जुटी पुलिस**

**अमृत विचार।** प्राचीन पंथवारी देवी के मातारानी मंदिर में लगी मां दुर्गा की मूर्ति को तोड़े जाने की खबर से इलाके में तनाव फैल गया। पुलिस ने दी गई तहरीर पर मामला दर्ज करते छानबीन शुरु कर दी है,वहीं सीओ हरियावां संतोष कुमार ससिंह ने लोगों से पूछताछ की और कहा कि ऐसा करने वाले अराजकतत्वों का पता लगाया जा रहा है,पुलिस की टीमें जुटी है।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के अहिरोरी में प्राचीन पंथवारी देवी के माता रानी के मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापित थी। सोमवार की रात वहां पहुंचे कुछ अराजकतत्वों ने मां दुर्गा की मूर्ति तोड़ दी। मंगलवार की सुबह वहां पूजा-अर्चना करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने देखा कि मां दुर्गा की मूर्ति कई टुकड़ों में इधर-उधर पड़ी हुई थी। इसका पता होते ही वहां तमाम लोगों की भीड़ लग गई। मां दुर्गा की टूटी हुई मूर्ति देख कर लोगों के चेहरे पर तनाव नज़र आ रहा था।उधर एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ पहुंच गए,उधर सीओ हरियावां संतोष कुमार सिंह ने अहिरोरी पहुंच कर पूरे मामले की गहराई से छानबीन की और मंदिर की देखभाल करने वालों और आस-पड़ोस के लोगों से पूछताछ की।

साथ ही मंदिर के आसपास उठने-बैठने वालों के बारे में भी पता किया जा रहा है,वहीं अहिरोरी निवासी पिंटू गुप्ता पुत्री मेवालाल गुप्ता की तहरीर पर मामला दर्ज कर मूर्ति तोड़ने वाले अराजकतत्वों की पहचान कर उन्हें ढूंढा जा रहा है।

### पहले भी तोड़ी जा चुकी थी मूर्ति

- अहिरोरी के प्राचीन पंथवारी मंदिर में कोई पहली बार ऐसा नही हुआ,इससे पहले भी मूर्ति तोड़ी गई थी। इस बारे में वहां के लोगों का कहना है कि अगर पहली दफा ही पुलिस कड़ा एक्शन लेती तो शायद दोबारा ऐसा नहीं होता। दोबारा जो हुआ उसके लिए वहां के लोग पुलिस को ही ज़िम्मेदार ठहरा रहें हैं। इस बाबत टड़ियावां एसएचओ अशोक कुमार सिंह ने कहाकि पंथवारी देवी मंदिर में मूर्ती तोड़े जाने की हर एक पहलू से जांच की जा रही है,अक्सर मंदिर के आसपास उठने-बैठने वालों के बारें में पता करते हुए उनसे अराजकतत्वों की पहचान की जा रही है, ऐसी हरकत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा,

# डॉ. के. लक्ष्मण होंगे भाजपा संगठन चुनाव के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी हाईकमान ने ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डॉ. के. लक्ष्मण को संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही पार्टी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रदेश सह प्रभारी रेखा वर्मा, लोकसभा सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा और राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल को राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह ने संगठनात्मक नियुक्ति को लेकर पत्र जारी करते हुए मंगलवार को बताया बताया कि भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के निर्णय के अनुसार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संगठन चुनाव के संचालन के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी एवं राष्ट्रीय सह चुनाव अधिकारियों की नियुक्त की घोषणा की है।

## पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार धोखाधड़ी के मामले में बरी

**बरेली:** 24 साल पहले धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात के आरोप में दर्ज मुकदमे में पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल को अदालत ने दोषमुक्त कर दिया। रामपुर मिलक निवासी राम बहादुर ने थाना नवाबगंज में आटा चक्की, डीजल इंजन खरीदने में धोखाधड़ी करने के मामले में अदालत में रिपोर्ट दर्ज कराने को अर्जी दी थी जिसमें फर्म गंगवार इंटरप्राइजेज के मास्टर छोटेलाल और वीरेंद्र कुमार शर्मा को प्रतिवादी बनाया था। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज हुआ था। दो दशक से अधिक समय चले इस मुकदमे में नौ विवेचकों की ओर से की गई विवेचना में अभियुक्त की वल्दियत का अंकन नहीं किया गया और पता गलत अंकित करते हुए आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया था। इस पर विशेष न्यायाधीश एम पी/एमएलए न्यायालय शांभवी ने संज्ञान लिया। अभियोजन पक्ष आरोपित अपराध को साबित करने में असफल रहा।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, विधनू, कानपुर नगर ।

पत्रांक :– 967 / लेखाकार / निविदा–पंचग / केन्द्रीय वित्त / 2024–25, दिनांक:– 07.10.2024

**निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ0प्र0 की ओर से पंचम / केन्द्रीय वित्त आयोग के योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से अधोलिखित कार्यो हेतु विकास खण्ड मे पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 07.10.2024 समय प्रात: 11.00 बजे से साय 02.00 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में दिनांक 06.11.2024 समय 02.00 बजे तक को निविदायें आमंत्रित करते है। प्राप्त निविदायें दिनांक 06.11 2024 को सायं 3: 00 बजे विकास खण्ड विधनू में टेण्डर समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र के साथ ठेकेदार को 2 प्रतिशत धरोहर राशि के रुप में राष्ट्रीय बचत पत्र / एफ0डी0आर0 जो खण्ड विकास अधिकारी बिधनू जनपद कानपुर नगर के पक्ष में बन्धक कर जमा करनी होगी। विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जाती है । निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 11: 00 बजे से सायंकाल 02: 00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा, निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100 रु0 मूल्य के नान जूडिशियल स्टाम्प पेपर हस्ताक्षर युक्त संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रुप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।

| कं0 सं0 | कार्य का नाम | स्वीकृत कार्य लागत (लाख रु0 में) | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत रमईपुर में निसार के घर से सलमा के घर तक इण्टरलामकिंग निर्माण कार्य | 7.65 | 13500 | 855 | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत खडेसर में जीवनलाल पासवान के घर से तालाब तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.97 | 17500 | 855 | 3 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत हरदोली के मजरा वीरेन्द्र नगर मे साढ सम्पर्क मार्ग से मुन्ना कठेरिया के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.40 | 16500 | 855 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत मगरासा में सूर्य कुमार अवस्थी के घर से रज्जन के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 8.95 | 15500 | 855 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत भैरमपुर के मजरा सकतपुर मे किशनपाल के घर से चन्द्रशेखर के घर तक इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 5.52 | 10000 | 855 | 3 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत उदयपुर में सन्तू पासवान के घर से महेन्द्र के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 7.24 | 12500 | 855 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत मर्दनपुर के मजरा रायपुरवा मे राजकुमार की दुकान से रामरतन के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य | 5.78 | 10000 | 855 | 3 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत भारू में गोरेलाल के घर से मुंशीलाल के घर तक इन्टरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य | 9.79 | 17000 | 855 | 3 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत रामखेडा में परशुराम के घर से देवीचरण के घर तक इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 9.86 | 17500 | 855 | 3 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत कठारा के मजरा दयालपुर मे गुलाब यादव के घर से टीनू (टोनी) के घर तक पक्का नाला निर्माण कार्य | 9.68 | 16800 | 855 | 3 माह |
| 11 | ग्राम पंचायत ऐती के मजरा रायपुर कछार में रामचन्द्र के घर से रामसजीवन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 5.12 | 9000 | 7855 | 3 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत पिपरगवाँ के मजरा धाविन पुरवा में काली मन्दिर में इन्टरलॉकिंग निर्माण कार्य | 6.83 | 12000 | 855 | 3 माह |
| 13 | ब्लाक परिसर में प्रमुख कक्ष निर्माण कार्य । | 8.03 | 14000 | 855 | 3 माह |
| 14 | ब्लाक परिसर में मेनगेट का सुन्दरीकरण कार्य । | 2.44 | 4500 | 770 | 3 माह |
| 15 | विकास खण्ड मे मीटिंग हाल की फालसीलिंग एवं सुन्दरीकरण कार्य | 8.48 | 15000 | 855 | 3 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत दलेलपुर में अरविन्द के घर से विरेन्द्र के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 8.69 | 15000 | 855 | 3 माह |
| 17 | ग्राम पंचायत कठुई के मजरा काकोरी मे कटुई सम्पर्क मार्ग से भोलेवावा मन्दिर तक इण्टरलाकिंग लगाने का कार्य | 9.35 | 16200 | 855 | 3 माह |
| 18 | विकास खण्ड में बी0डी0ओ0 कक्ष की मरम्मत, फाल सीलिंग एवं बाल पैनेलिंग का कार्य | 3.07 | 5500 | 770 | 3 माह |

**अन्य शर्ते :–**

1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्रतिशत में अंकित दरें मान्य होगीं ।
2. ठेकेदार निविदा डालने से पूर्व कार्य का निरीक्षण कर लें एवं एक टेण्डर फार्म केवल एक कार्य के लिये मान्य होगा ।
3. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर धरोहरा राशि जब्त कर ली जायेगी ।
4. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देय कर ठेकेदार द्वारा को वाहन किया जायेगा ।
5. निविदा स्वीकार होने पर 3 प्रतिशत जमानत की धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र / एफ0डी0आर0 के रुप में खण्ड विकास अधिकारी विधनू के पद नाम बन्धक कर प्रस्तुत करनी होगी।
6. सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा निर्धारित अवधि में पूर्ण नहीं करते है तो दो प्रतिशत सप्ताह की दर से अतिरिक्त कटौती की जायेगी।
7. किसी कार्य में गुणवत्ता के सन्देह होने पर सामग्री टेस्टींग का भार सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा वहन किया जायेगा ।
8. निविदा स्वीकार होने पर सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा 100 रु0 मूल्य के नानजूडिशियल स्टाम्प पेपर नोटरी के माध्यम से अनुबंध कराना होगा। जिसका वाहन स्वयं सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा वहन किया जायेगा ।
9. निविदा प्रपत्र अपूर्ण एवं अधूरे होने पर मान्य नहीं होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
विधनू, कानपुर नगर


# सहकारिता से किसानों की आर्थिक स्थिति में आई मजबूती : राठौर

**मिल्कीपुर, अयोध्या:** सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार सहकारिता को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। सहकारिता से किसानों की आर्थिक स्थिति में बदलाव आया है। उन्हें मजबूती मिली हैं। प्रयास है कि सहकारिता किसानों की बेहतर सहयोगी बने। वह मंगलवार को मिल्कीपुर पेट्रोल पंप के निकट मैदान में सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कहा कि कुछ साल पहले तक सहकारी बैंकों की स्थिति दयनीय थी। प्रदेश की 50 सहकारी बैंकों में से 16 बंद हो गईं थीं। जिन किसानों के पैसे जमा थे, वे परेशान थे। मुख्यमंत्री ने बंद सभी सहकारी बैंकों को वित्तीय सहायता दिला चालू कराया। 2014 में किसानों के लिए बजट 21000 करोड़ था। मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर एक लाख 31 हजार करोड़ कर दिया है। इसमें यूरिया डीएपी की सब्सिडी अलग है। किसान सम्मान निधि अलग है। पीएम मोदी किसानों की आय दोगुनी करने के लिए तमाम कार्यक्रम चला रहे हैं।

# इलाज की आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल

कोठी, बाराबंकी

**● पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया**

**अमृत विचार:** झाड़-फूंक व प्रार्थना सभा के जरिए कैंसर के इलाज की आड़ में धर्म परिवर्तन का मामला प्रकाश में आया है। धर्म परिवर्तन के खेल की पुष्टि मौके से बरामद बाइबिल की पुस्तकें भी कर रही हैं। वहीं सभा का वीडियो वायरल हो रहा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के नरोत्तामऊ घाट मजरे असौरी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद के घर के बाहर सोमवार की दोपहर तिरपाल बिछाकर करीब तीन दर्जन से अधिक महिलाएं, बच्चे व पुरुष बैठे देखे गए। लोगों के पूछने पर बताया कि यहां तीन लोग प्रार्थना सभा व झाड़-फूंक के जरिए कैंसर के इलाज की जानकारी दे रहे हैं। जबकि मौके का जायजा लेने गए ग्राम बबक्करपुर के जितेन्द्र बहादुर का कहना है कि यहां पर ईसाई धर्म से जुड़े लोग प्रभु यीशु का गुणगान करा रहे थे। गतिविधि संदिग्ध दिखने पर इसकी सूचना विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने कोठी पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसएसआई छुट्टू चौधरी, हेड कांस्टेबल बलिकरन व भानु प्रताप सिंह ने चार लोगों को पकड़ा। पता चला कि इस प्रार्थना सभा में सफदरगंज थाना क्षेत्र के पल्हरी गांव निवासी श्यामू, मैहर कश्यप, मेघरानी, नेपालगंज थाना जैदपुर निवासी बादल गौतम व कोठी थाना क्षेत्र के नरोत्तामऊ घाट निवासी राजेंद्र कुमार ईसा मसीह की महिमा का बखान व गुणगान करा रहे थे। पुलिस ने इनके पास से ईसाई धर्म से जुड़ी बाइबिल पुस्तक बरामद की है। यही बात प्रार्थना सभा में जुटी भीड़ ने भी बयां की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मंगलवार सुबह शिक़ायत के बाद कोठी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर कोठी संतोष सिंह का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है, एक मेघरानी नाम की महिला नहीं मिली है।

**राममंदिर** | मंदिर निर्माण में बढ़ाये गए 200 मजदूर, दो शिफ्टों में काम कर रहे हैं कुल 2200 मजदूर

# 800 मीटर की परिधि में परकोटा, सप्त मंडप का निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे मंदिरों के निर्माण का कार्य समय से पूरा हो सके इसके लिए 200 और मजदूर बढ़ा दिए गए हैं। ट्रस्ट के मुताबिक ये दो अलग-अलग शिफ्टों में काम कर रहे हैं। राम मंदिर के द्वितीय तल पर शिखर निर्माण के साथ मंदिर के 800 मीटर की परिधि में परकोटा का निर्माण और सप्त मंडपम का भी निर्माण किया जा रहा है।



राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे मंदिरों के निर्माण का कार्य। अमृत विचार

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक राम मंदिर का निर्माण 31 जनवरी 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा। वर्तमान में परकोटा में बन रहे करिडोर के छह कोनों पर मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें शंकर, हनुमान, गणेश, सूर्य देवता, माँ दुर्गा और माता अनपूर्णा देवी की पूजा होंगी। इसके अलावा परिसर में सप्त मंडपम में महर्षि विश्वामित्र, महर्षि बाल्मीकि, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषाद राज, अहिल्या देवी, शबरी का मंदिर बन रहा है। इसके साथ ही मंदिर के दक्षिण और पश्चिम दिशा के बीच भगवान लक्ष्मण के शेषावतार मंदिर का भी निर्माण कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर परिसर में जो निर्माण कार्य चल रहा है, वह संतोषजनक है। आने वाले कुछ महीनों में पूरा परिसर भव्य स्वरूप दिखाई देने लगेगा। उन्होंने बताया कि मंदिरों के निर्माण में जितने भी वर्करों कि आवश्यकता पड़ रही है उसी के मुताबिक संख्या बढ़ाने का कार्य भी निर्माण संस्था एलएन्डटी कर ही है।

**रामचरितमानस का मानव जीवन में महत्व: मल्लावां, हरदोई।** शांति सत्संग मंच के 51 वर्ष के आध्यात्मिक एवं संत सम्मेलन में दूसरे दिन चित्रकूट से आए कामदगिरी पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य ने सैकड़ों श्रोताओं को अपनी ओजस्वी वाणी से ज्ञान गंगा के में सरोवर करते हुए कहा कि मानव जीवन के आधार में तुलसी का मानस है जो कि एक सामाजिक पारिवारिक राजनीतिक सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक शिक्षाओं से परिपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि रामचरित मानस को बराबर पढ़ने से हृदय परिवर्तन हो जाता है। आज भारत जैसे महान राष्ट्र को भारतीय संस्कृति की उपासना की दिव्य आवश्यकता है। हनुमत द्वार पीठाधीश्वर स्वामी धीरेंद्राचार्य ने बताया कि राम कथा से चिंतन और आध्यात्मिक ऊर्जा का शरीर में प्रवाह होता है सत्संग मानव जीवन की बड़ी आवश्यकता है। मानव जीवन में सात्विकता आए उसके लिए राम कथा का सुनना और समझना बहुत जरूरी है। पारीक्षा पीठाधीश्वर महावीर दास ने अपने आध्यात्मिक प्रवचन ने कहा कि राम कथा के प्रसंग को सुनकर अपने जीवन में उतरकर मनुष्य भगवान से साक्षात्कार करते हुए अपने जीवन को धन्य बन सकता है। जबलपुर मध्य प्रदेश से आई पंडिता आस्था दुबे ने कहा अभिमान या अहंकार सबसे बड़ा दोष है।

## एक नजर

### यूपी आयुष यूजी की दूसरी काउंसिलिंग आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष कॉलेजों में पहली काउंसिलिंग के बाद भी रिक्त रहने वाली स्नातक सीटों पर दाखिले के लिए बुधवार से दूसरी काउंसिलिंग शुरू होगी। निदेशक होम्योपैथी एवं नोडल अधिकारी प्रो .अरविंद कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित होने वाली काउंसिलिंग में 19 को मेरिट सूची जारी की जाएगी और 22 अक्टूबर से दाखिले शुरू हो जाएंगे। उक्त जानकारी देते हुए नोडल अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि 18 तक अभ्यर्थी धरोहर राशि जमा करेंगे और अगले दिन मेरिट सूची जारी होगी। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थियों से 19 अक्टूबर से मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं ली जाएंगी, साथ ही दस्तावेजों की जांच के बाद सीट आवंटित कर दी जाएंगी। सीट आवंटन के बाद 28 अक्टूबर तक अभ्यर्थियों को संबन्धित कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी। होम्योथेपी निदेशक ने बताया कि दूसरी काउंसिलिंग में वही अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिन्हें पहली काउंसिलिंग में सीट आवंटित न हुई हो।

# नियामक आयोग की अनुमति के बगैर कॉरपोरेशन ने जारी किया छूट का आदेश

## चोरी प्रकरण में लिया फैसला, बकाए पर दिया जाएगा चार किलोवाट तक का नया बिजली कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में दाखिल की विरोध याचिका
- कहा, संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले निदेशक मंडल के खिलाफ की जाए कार्रवाई



**अमृत विचार :** बिजली चोरी प्रकरण में राज्य विद्युत नियामक आयोग की अनुमति के बगैर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने चार किलोवाट तक भार का नया बिजली कनेक्शन जारी करने की छूट दे दी है। इस सिलसिले में कॉरपोरेशन की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद ने मामला विचाराधीन होने के दौरान आदेश जारी करने पर कड़ी आपत्ति की है। परिषद की ओर से नियामक आयोग में विरोध याचिका दाखिल की गई है, जिसमें संवैधानिक संकट उत्पन्न करने वाले कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

कॉरपोरेशन की ओर से 30 सितंबर को बिजली चोरी के प्रकरण में चार किलोवाट तक का नया कनेक्शन जारी करने का प्रस्ताव जारी किया गया था, जिसमें कनेक्शन देने के नियमों में छूट देने की मांग की गई थी। अभी यह मामला विचाराधीन है। इस बीच, बीते दिन कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य निधि कुमार नारंग की ओर से निदेशक मंडल के फैसले का उल्लेख करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बिजली चोरी प्रकरण में लंबित बकाया या एफआईआर होने पर एक किलोवाट तक के नए कनेक्शन दिए जाने के पूर्व के आदेश में संशोधन करते हुए इसे चार किलोवाट किया गया है।

### उपभोक्ताओं से लिया जाए सादे पेपर पर घोषणा पत्र : कॉरपोरेशन

कॉरपोरेशन के आदेश में कहा गया है कि बिजली चोरी के प्रकरणों से संबंधित उपभोक्ताओं से सादे पेपर पर निर्धारित प्रारूप पर घोषणा पत्र लिया जाए कि भविष्य में नीतिगत निर्णय उन्हें मान्य होगा और उन्हें कनेक्शन दे दिया जाए। कॉरपोरेशन के निदेशक वाणिज्य की ओर से वितरण कंपनियों के प्रबंध निदेशकों को आदेश का अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है।

### बिजली चोरों पर कॉरपोरेशन मेहरबान : उपभोक्ता परिषद

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि आखिर पावर कॉरपोरेशन बिजली चोरों पर मेहरबान क्यों है। उन्होंने कहा कि कुछ माह पहले बिजली चोरी के राजस्व निर्धारण पर 65 प्रतिशत तक की छूट दी गई थी, इसमें कॉरपोरेशन को आर्थिक नुकसान उठाया पड़ा था। उन्होंने राज्यपाल व मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसके अधिकारों का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कॉरपोरेशन के निदेशक मंडल के आदेश की समीक्षा करने व विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 142 के तहत राज्यपाल व मुख्यमंत्री से कार्रवाई की मांग की।

# कृत्रिम गर्भाधान के लिए एलएनटू की किल्लत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पशु अस्पतालों पर सितंबर से नहीं हुई तरल नाइट्रोजन की आपूर्ति
- एलएनटू बाहर से खरीद रहे पैरावेट, नवंबर से नहीं किया गया भुगतान

> कुछ जिलों में एलएनटू की कमी संज्ञान में आई है। इसकी आपूर्ति उप्र पशुधन विकास परिषद द्वारा की जाती है। संबंधित अधिकारियों को उपलब्धता कराने के लिए लिखा गया है। इसकी खुद बराबर मॉनीटरिंग कर रहे हैं।
> – डॉ . पीएन सिंह, निदेशक, पशुपालन

**अमृत विचार :** ज्यादातर जिलों में गाय व भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (एआई) करने के लिए सितंबर से तरल नाइट्रोजन (एलएनटू) नहीं है। इससे कृत्रिम गर्भाधान का कार्य प्रभावित है। पैरावेट निजी खर्च से एलएनटू खरीदकर लक्ष्य की पूर्ति कर रहे हैं। इनका 11 माह से भुगतान भी बकाया है।

सरकार का कृत्रिम गर्भाधान से गाय व भैंस की उन्नत नस्ल बढ़ाने पर जोर है। यह योजना पशुपालकों के लिए निशुल्क है, लेकिन सीमन सुरक्षित रखने के लिए सितंबर से अधिकतर जिलों के पशु अस्पतालों में एलएनटू की आपूर्ति नहीं हुई है। चिकित्सकों का आरोप यह भी है कि इससे पहले दो वर्ष से मांग के अनुसार एलएनटू नहीं मिली है। ज्यादातर पैरावेट बाहर से एलएनटू खरीद कर कृत्रिम गर्भाधान करते हैं। इनका पिछले वर्ष नवंबर से भुगतान भी नहीं हुआ है। इसकी वजह उप्र पशुधन विकास परिषद गाजियाबाद की एक कंपनी से एलएनटू खरीदकर आपूर्ति करता है। लेकिन, दो साल से टेंडर न होने के कारण कंपनी ने पुराने दामों पर आपूर्ति रोक दी है। यह मामला प्रमुख सचिव के संज्ञान में आने पर टेंडर की प्रक्रिया कराई गई है।

### पुराने कंटेनरों में नहीं टिकती एलएनटू

अस्पतालों में एलएनटू 20, 35, 55 लीटर के कंटेनर में रखी जाती है, जो पैरावेट को क्षेत्रों में कृत्रिम गर्भाधान के लिए तीन-तीन लीटर के कंटेनर में दी जाती है। इसमें –196 डिग्री सेल्सियस तापमान में सीमन रखे जाते हैं। जिलों पर ज्यादातर कंटेनर पुराने हैं। इस वजह से एलएनटू ज्यादा देर तक टिकती नहीं है।

### चिकित्सा संस्थान और मेडिकल कॉलेजों में सुबह दो घंटे बंद रही ओपीडी

लखनऊ : कोलकाता में भूख हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में राज्य के चिकित्सा संस्थान व मेडिकल कॉलेजों में भी रेजिडेंट्स चिकित्सक दो घंटे हड़ताल पर रहे। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन उप्र. के आह्वान पर मंगलवार को कॉलेजों में ओपीडी सेवाएं ठप रहीं, डॉक्टरों ने शाम 5 बजे तक भूख हड़ताल रखी। आरडीए उप्र. के अध्यक्ष डॉ.हरदीप जोगी ने बताया कि कोलकाता में भूख हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों की हालत गंभीर हो चुकी है, केन्द्र व राज्य सरकार निष्क्रिय बनी हुई है, सीबीआई ने जांच में मात्र एक आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगायी है, इस विलंबित जांच प्रक्रिया ने जनता के विश्वास को क्षति पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने तुरंत कदम नहीं उठाए तो आरडीए, देशव्यापी हड़ताल और कार्य बहिस्कार करने के लिए बाध्य होंगे।

# राजकीय पॉलीक्लीनिक में लगेंगी हाईटेक मशीनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख सचिव पशुधन ने निदेशालय से मांगा प्रस्ताव

**अमृत विचार :** पशुपालन निदेशालय परिसर में संचालित राजकीय पॉलीक्लीनिक मार्डन बनेगा। यहां जांच और उपचार के लिए हाईटेक मशीनें लगेंगी। अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान प्रमुख सचिव पशुधन के रवींद्र नायक ने निदेशक डॉ. पीएन सिंह से इसके लिए प्रस्ताव मांगा है।

प्रमुख सचिव ने मंगलवार को बादशाह बाग स्थित पशुपालन निदेशालय परिसर में संचालित राजकीय पॉलीक्लीनिक का निरीक्षण किया। उन्होंने पशुओं के उपचार, दवा की उपलब्धता व केस आदि की जानकारी की। ओटी का निरीक्षण करने के साथ एक्सरे, खून की जांच व अल्ट्रासाउंड मशीन की क्षमता और कार्य जाने। चिकित्सकों से सेवाओं को और बेहतर बनाने पर बात की। इस पर मशीनें बदलकर हाईटेक लगाने का सुझाव दिया। अन्य संसाधनों की आवश्यकता बताई। इस पर प्रमुख सचिव ने सहमति जताते हुए निदेशक डॉ. पीएन सिंह से प्रस्ताव मांगा है। इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, अधीक्षक डॉ. आरएस मिश्रा, डॉ. करन पटेल आदि रहे। इसके बाद विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

### प्रतियोगी छात्रों ने दिया लोक सेवा आयोग में ज्ञापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीसीएस-2024, आरओ-एआरओ परीक्षा की तिथियां तय न होने से प्रतियोगी छात्रों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। प्रतियोगी छात्रों ने मंगलवार को आयोग को ज्ञापन देकर परीक्षा पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशान्त पाण्डेय ने कहा की छात्र चाहते हैं कि आयोग एक ही दिन परीक्षा कराए।

दो दिनों में परीक्षा से अलग-अलग पेपर होगा और नार्मेलाइजेशन को लेकर समस्या आ सकती है। ज्ञापन देने वाले में आशुतोष पाण्डेय, राजन त्रिपाठी, चंचल, राघवेंद्र त्रिपाठी, आजम, मोनू, आलोक, धीरज कोराव, सूरज द्विवेदी, अनुपम, मनीष, प्रभात, प्रीतेश तिवारी, विशाल, मो रिजवी शामिल रहे।

# एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम कर रही जांच, उपद्रवियों की खंगाली जा रही हिस्ट्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी की सख्ती से बहराइच में बेदम हुए उपद्रवी, स्थिति सामान्य
- अब तक 52 उपद्रवियों को भेजा गया जेल, पल-पल की निगरानी कर रहे अधिकारी
- अराजकतत्वों पर कसा जा रहा शिकंजा, वीडियो फुटेज के आधार पर चिन्हित किए जा रहे उपद्रवी

**अमृत विचार :** बहराइच घटना में लिप्त उपद्रवियों की धर पकड़ जारी है। उपद्रवियों की हिस्ट्री खंगालने के लिए एक्स्ट्रा इंटेलिजेंस टीम लगायी गयी है। वहीं उपद्रवियों के पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को खंगालने के साथ उनके मुकदमों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूरे शहर के साथ प्रभावित इलाकों में लगातार फोर्स का मूवमेंट हो रहा है। इसके अलावा कुछ संदिग्धों पर विशेष टीम द्वारा नजर रखी जा रही है। एडीजी लॉ एंड आर्डर अभिताभ यश ने बताया कि बहराइच में अतिरिक्त वरिष्ठ अधिकारी सेक्टरवार गश्त कर रहे हैं।

बहराइच एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि अब तक 52 उपद्रवियों को जेल भेजा जा चुका है। इसमें सोमवार और मंगलवार को 26-26 उपद्रवियों को जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों में उच्च अधिकारियों के साथ लगातार गश्त की जा रही है। वहीं मामले में दो और एफआईआर दर्ज की गयी है। इसके अलावा वीडियो फुटेज के आधार पर उपद्रवियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा लगातार रेड की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूरे शहर में शांति व्यवस्था कायम है और रोजमर्रा की तरह सामान्य गतिविधियां संचालित हैं। एसपी ने बताया कि अराजकतत्वों पर सोशल मीडिया के जरिये नजर रखी जा रही है ताकि शांति व्यवस्था कायम रहे।

हालांकि, माना जा रहा है कि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्ती और पल-पल की मॉनीटरिंग से कुछ ही घंटों में बहराइच की घटना को कंट्रोल कर लिया गया। मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ग्राउंड जीरो पर उच्च अधिकारियों ने उतर कर बहराइच में सुनियोजित तरीके से माहौल बिगाड़ने की साजिश को नाकाम कर दिया। बहराइच में सोमवार को ही स्थिति को कंट्रोल कर शांति व्यवस्था को कायम कर लिया गया था। दरअसल, मुख्यमंत्री ने बहराइच की घटना का संज्ञान लेने के बाद स्थिति को कंट्रोल में करने के लिए उच्च अधिकारियों को ग्राउंड जीरो पर भेजा था। योगी के निर्देश के बाद एडीजी लॉ एंड आर्डर अमिताभ यश, गृह सचिव संजीव गुप्ता, एडीजी जोन गोरखपुर, आईजी रेंज, डीआईजी, मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण सुशील ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को कंट्रोल किया। मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण सुशील ने बताया कि पूरे शहर में शांति व्यवस्था कायम है। उन्होंने बताया कि घटना से प्रभावित इलाकों को नौ सेक्टर में विभाजित कर पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

### घटना से प्रभावित परिवार को दी राहत किट

बहराइच डीएम मोनिका रानी ने बताया कि घटना से प्रभावित इलाकों में लोगों से कम्यूनिकेशन मजबूत करने के लिए प्रधान, कोटेदार, लेखपाल, सचिव आदि की ड्यूटी लगायी गयी है। यहां पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है, जिसके जरिये लोगों की मदद की जा रही है। घटना से प्रभावित परिवार को राहत किट प्रदान की गयी है। साथ ही राजस्व टीम द्वारा नुकसान का सर्वे किया जा रहा है ताकि प्रशासन की ओर से उनकी हर संभव मदद की जा रही है।

### बिजली चोरी कर रहे सात उपभोक्ताओं को पकड़ा

**मलिहाबाद/लखनऊ :** विद्युत विभाग ने हाई लाइन लॉस कम करने के साथ विद्युत चोरी रोकने के लिए मंगलवार को अधिशासी अभियन्ता मलिहाबाद सुदेश कुमार के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा, माल और काकोरी एसडीओ, जेई व विजलेंस टीम ने कई स्थानों पर सैकड़ों उपभोक्ताओं के परिसरों पर छापेमारी की। इस दौरान 137 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया तथा 49 संयोजन विद्युत बकाये पर विच्छेदित किए गए, 27 उपभोक्ताओं से लगभग एक लाख रुपये जमा कराये गये और 7 उपभोक्ताओं के घर पर विद्युत चोरी पकड़ी गई। उनके विरुद्ध धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी का रिपोर्ट दर्ज कराया गया। विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने स्पष्ट किया है कि किसी भी सूरत में बिजली चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# महाकुम्भ के पहले सभी राज्यों में होगा रोड शो : जयवीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश के सभी जिलों से कलाकारों का कराया जाएगा पंजीकरण



**अमृत विचार :** पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि अगले साल प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुम्भ-2025 की आध्यत्मिकता एवं पौराणिकता से लोगों को जोड़ने के लिए दूसरे प्रांतों में रोड शो आयोजित कराएं जाएं। ये रोड शो राज्यों की राजधानी व अन्य नासिक, उज्जैन, हरिद्वार आदि में कराये जाएं।

पर्यटन भवन में मंगलवार को पर्यटन मंत्री महाकुम्भ से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन एवं रोड शो के लिए संस्कृति विभाग तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को जिम्मेदारी दी गयी है। सूचना विभाग द्वारा एलईडी युक्त कुम्भ यात्रा मोबाइल बस पूरे देश में भ्रमण करेगी। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रम विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इण्टर कालेज, स्कूल आदि में संपन्न होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग के लिए संस्कृति विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कराने की सुविधा होगी। ये कार्य 15 दिसम्बर तक सम्पन्न कराया जाना है।

पर्यटन मंत्री ने निर्देश दिये कि प्री कुम्भ समिट के अंतर्गत कुम्भ लेजर शो, डिजिटल प्रदर्शनी, संगोष्ठी, ऑन स्पॉट कम्प्टीशन, कुम्भ क्वीज, लोक कलाकारों की प्रस्तुति, लघु फिल्म का आयोजन किया जायेगा।

### अयोध्या में विदेशी रामलीला दल देंगे प्रस्तुतियां

जयवीर सिंह ने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव-2024 के अवसर पर मलेशिया दल के माध्यम से विदेशी रामलीला दलों की प्रस्तुतियों के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें म्यामांर, कम्बोडिया, थाईलैण्ड, इण्डोनेशिया तथा आईसीसीआर नई दिल्ली का सहयोग लिया जाएगा। मैत्रेय पहाड़ी दल के 50 कलाकार श्री रामचरितमानस नारी शक्ति का आयोजन किया जायेगा। इस वर्ष अयोध्या में रिकार्ड 25 लाख दीप जलाये जाएंगे।

# हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में अवधेश प्रसाद के नामांकन को लेकर उठे सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अयोध्या

- पूर्व विधायक गोरखनाथ ने तत्कालीन सपा विधायक के खिलाफ दाखिल की थी याचिका
- उप चुनाव की घोषणा न होने से राजनीतिक हल्के में हलचल मायूस हुए चेहरे

**अमृत विचार :** अयोध्या की मिल्कीपुर सीट से पूर्व विधायक गोरखनाथ की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल याचिका उपचुनाव की राह में रोड़ा बन गई। याचिका में सपा से विधायक रहे अवधेश प्रसाद के नामांकन पर उठाए गए हैं। इस बीच, उप चुनाव की घोषणा न होने से राजनीतिक हल्के में हलचल है। चुनाव की तैयारी में लगे नेता मायूस हो गए हैं।

पूर्व विधायक गोरखनाथ ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव को लेकर याचिका दाखिल की थी। भाजपा से प्रत्याशी रहे पूर्व विधायक चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे थे। उन्होंने तत्कालीन विजयी प्रत्याशी सपा विधायक अवधेश प्रसाद के नामांकन पत्र पर सवाल उठाए थे। याचिका में कहा गया कि अवधेश प्रसाद के नामांकन पर जिस अधिवक्ता ने नोटरी की, उस तारीख में उनके लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं हुआ था। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार अभिलेख का प्रमाणीकरण किए जाने के दौरान अधिवक्ता का लाइसेंस होना जरूरी है। शपथ पत्र में कुछ अन्य त्रुटियां भी बताई गईं थीं। उपचुनाव की घोषणा न होने से प्रत्याशी व चुनाव लड़ने के दावेदारों के साथ ही दल के नेताओं में हलचल है। प्रत्याशी महीनों से दौड़भाग कर रहे थे।

### याचिका वापस ले सकते हैं गोरखनाथ

पूर्व विधायक गोरखनाथ हाईकोर्ट में दाखिल याचिका वापस ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी हाईकमान से बातचीत करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्हें पार्टी से जैसा निर्देश मिलेगा, उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सपा-बसपा घोषित कर चुके हैं प्रत्याशी

मिल्कीपुर सीट पर सपा पार्टी सांसद अवधेश प्रसाद के पुत्र अजीत प्रसाद को प्रत्याशी तय कर चुकी है, जबकि बसपा की ओर से राम सागर कोरी को प्रत्याशी के तौर पर इस सीट पर प्रभारी घोषित किया गया है। भाजपा की ओर से अभी तक कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। भाजपा समेत सभी दलों से चुनाव को लेकर तैयारी चरम पर है। सम्मेलन व जनसंपर्क बैठकें की जा रही हैं, पर ऐन वक्त पर उपचुनाव की घोषणा न होने से सभी परेशान हो गए हैं।


## वर्ग पहेली-223

**बाएं से दाएं**

1. 1. मांगलिक अवसरों पर होने वाले सामाजिक उपचार
4. भारवाहक; भार उठाकर अपना भरण-पोषण करने वाला व्यक्ति; कुली।
7. 1. स्त्री; औरत 2. पत्नी; बहू।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. ख़ुशामद करने वाला व्यक्ति; चापलूस 2. आगे-पीछे लगा रहने वाला व्यक्ति 3. सोने के तार में पिरोई हुई माला।
3. (रामायण) राजा जनक के भाई कुशध्वज की बेटी जिसका विवाह दशरथ पुत्र भरत से हुआ था।
4. 1. जिसपर किसी प्रकार का ऋण हो 2. जिसपर किसी प्रकार का बोझ या भार हो।
5. हृदय जो आत्मा का आधार या आश्रय माना जाता है।
6. पवित्र करने वाली।



### वर्ग पहेली -222 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 खो | 2 ख | ला | ■ | ■ | ■ |
| ■ | जु | ■ | 3 सु | ■ | 4 म |
| 5 दु | रा | धा | र | ■ | नो |
| ■ | हो | ■ | धे | ■ | भ |
| 6 पिं | ■ | 7 अ | नु | भ | व |
| ड | ■ | टे | ■ | ■ | ■ |
| ल | ■ | 8 क | पै | सि | टी |

## सुडोकू -136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 6 | 7 | | 3 | |
| | 7 | 5 | | | 1 | | | 6 |
| | 2 | | | | 8 | | 4 | |
| 2 | 6 | | | | | 9 | | 3 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 7 | | 1 | | | | | 5 | 8 |
| | 3 | | 5 | | | | 9 | |
| 9 | | | 4 | | | 7 | 1 | |
| | 4 | | 1 | 2 | | 3 | | |

### सुडोकू - 135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 8 | 7 | 3 | 5 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 |
| 3 | 2 | 4 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 | 9 |
| 4 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 9 | 1 | 3 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 अक्टूबर बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 20 .40 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

**मेष** – आज आपको माता-पिता के प्रति अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। टीवी और मनोरंजन के संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। घर के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। विरोधी आपके प्रति ईर्ष्या की भावना रख सकते हैं।

**वृष** – आज नजदीकी मित्रों के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। महिलाओं के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। आप भाग्य की अपेक्षा अपने कर्म पर भरोसा रखें। कारोबार के उद्देश्य से यात्रा हो सकती है।

**मिथुन** – आज कठिन काम भी आसानी से पूरा कर लेंगे। पड़ोसियों के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। समाज सेवी संस्थाओं में आप विशेष योगदान देंगे। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम प्राप्त होंगे। जीवनसाथी के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कर्क** – आज कमीशन संबंधी व्यापार कर रहे लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। युवाओं को तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। आपका मन शांत रहेगा। पूरे आत्मविश्वास के साथ आप काम करेंगे। आपके व्यक्तित्व और विचारशैली में परिवर्तन आएगा।

**सिंह** – आज लोगों पर ज्यादा भरोसा करने से बचें। प्रेमीजन के बर्ताव से आपका मन खराब हो सकता है। किसी परिजन की बात आपको बुरी लग सकती है। सोशल मीडिया में आपको ज्यादा सक्रिय नहीं रहना चाहिए।

**कन्या** – आज आर्थिक दृष्टिकोण से दिन बहुत ही अच्छा है। साझेदारी वाले कार्य आप शुरू कर सकते हैं। पारिवारिक वातावरण मधुर रहेगा। आपको अपनी कार्यक्षमता बढ़ानी चाहिए। विरोधी आपके सामने मित्रता का प्रस्ताव रख सकते हैं।

**तुला** – आज लोग आपकी भावुकता का लाभ उठा सकते हैं। विश्वसनीय मित्रों से आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपको अन्य वैकल्पिक साधनों से धन लाभ प्राप्त हो सकता है। धीरे-धीरे आपके सभी कार्य सही दिशा में पूरे होते दिखेंगे।

**वृश्चिक** – आज प्रेम विवाह को लेकर योजना बना सकते हैं। संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। रुका हुआ काम राजनीतिक प्रभाव से पूरे हो जाएंगे। बच्चों की सफलता से आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। सभी कार्य समय पर पूरे हो जाएंगे।


**धनु** – आज बिना विचार किए कोई भी निर्णय न लें। मन में दुविधा की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। व्यापार में बड़ा जोखिम उठा सकते हैं। उच्चाधिकारियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। मेहनत के अनुरूप परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर** – आज पैतृक व्यवसाय में वृद्धि होगी। धार्मिक कार्यों में आपका रुझान बढ़ेगा। थोड़ी सी सावधानी के कारण आपके बिगड़ते संबंध सुधर सकते हैं। सामाजिक क्षेत्र से आपको लाभ मिलेगा। विवाहोत्सुक युवतियों का विवाह तय हो सकता है।

**कुंभ** – आज नए कार्यों की रूपरेखा बना सकते हैं। मैनेजमेंट से जुड़े लोगों को अच्छे अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। कुटुंब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। अपनी सोच सदैव सकारात्मक रखें। आपके कार्यों की लोग सराहना करेंगे। शुभ कार्यों में धन खर्च कर सकते हैं।

**मीन** – आज किसी बड़ी कंपनी से जुड़ने या साझेदारी का अवसर मिल सकता है। आपकी मनोकामना पूर्ण हो सकती है। करियर को लेकर प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना है। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 19 .18 तक तत्पश्चात रेवती।

## आज की फिल्में

**इंसानियत** सुबह : 10 .27
**जीवन युद्ध** दोपहर : 03 .02
**मिशन रानीगंज** दोपहर : 01 .26
**राधे** रात : 10 .18
**क्लैश ऑफ द टाइटंस** सुबह : 11 .33
**रैमपेज** रात : 09 .00
**शानदार** सुबह : 10 .20
**रेड** रात : 08 .35
**चेन्नई वर्सेस चाइना** सुबह : 10 .34
**बारूद** रात : 07 .30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .35 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यमराज (औरत से) – चलो, मैं तुम्हें लेने आया हूं।
औरत – बस दो मिनट दे दो।
यमराज – दो मिनट में ऐसा क्या कर लोगी?
औरत – फेसबुक पर स्टेटस डालना है, 'ट्रवलिंग टू यमलोक'!
यह सुनकर यमराज ही हो बेहोश गए।

जज-आपको अपनी सफाई में कुछ कहना है?
महिला-अब मैं क्या बोलूं? मेरे यहां तो सफाई नौकरानी करती है, तो इस बारे में वही अच्छी तरह से बता सकती है।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21. 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000 -4000 बाजरा 2250-2300 मकाई 2400 -2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6900 -7000 अरहर 7500 -8200 मसूर 5500 -5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14900-15000 अरहरस्पेशल 11500-11600 चनादाल 8700-8800 मटरदाल 4300-4400 मसूरमलका 7350-7400 मसूरदाल 7550-7600 उड़ददाल 9000- 13500 उड़द धोवा 10000- 12500 मूंगदाल 8500 -9700 मूंग धोवा 9500-11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800-4000 बासमती न1. 10500-11000 सेला 3000 -4000 बासमती न02. 7000 -8000 आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600-1700 मैदा 1670-1720 सूजी 1700-1750 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1570-1590 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5900-6000 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600 -4700 तिल्ली 10500- 11000 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400- 11500 बटाली 8500-11000 सेहुआं 4000 - 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसोंकोल्हू 14600-14700 अलसी 125600-12600 अण्डी 14000-14200 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1950-1968 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600-2625 अलसी 4800-4900 अण्डी 1400-1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1950-1947 मयूर 1950-1947 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 4000-4100 मंगलौरलड्डू 4700-4750 देशीभेली 4400-4500 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4200-4260 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 60000-60100 औरय्या 51300-51400

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92500 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 100000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 105000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 78000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58150-58350 |

# खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5% रहने का अनुमान : डिप्टी गवर्नर

### रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष पर हुए सम्मेलन को देबब्रत पात्रा ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति 2024-25 में औसतन 4.5% रहने और 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप होने का अनुमान है। सरकार ने रिजर्व बैंक को यह निर्देश दिया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 2% की घट-बढ़ के साथ 4% पर रहे। तीन महीनों में यह 6% से नीचे रही है।

पात्रा ने कहा कि 2025-26 में स्थायी रूप से लक्ष्य के अनुरूप रहने से पहले 2024-25 में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4.5 प्रतिशत के करीब रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित उच्च स्तरीय सम्मेलन में पात्रा ने कहा कि खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को चुनौती दी है। पात्रा ने कहा कि भारत में मूल्य स्थिरता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसके तहत सरकार लक्ष्य तय करती है और केंद्रीय बैंक इसे हासिल करता है। उन्होंने कहा कि इससे वित्तीय स्थिरता, राजकोषीय मजबूती या वृद्धि के लिए जोखिम पैदा किए बिना मौद्रिक-राजकोषीय समन्वय की अनुमति मिलती है।



- सरकार ने 4% रखने का दिया था निर्देश, तीन महीनों में 6% से रही है नीचे
- खाद्य और ईंधन की कीमतों में बार-बार उतार चढ़ाव ने मौद्रिक नीति के संचालन को दी चुनौती

**मौद्रिक नीति को लेकर आएंगी और भी चुनौतियां**

पात्रा ने कहा कि आने वाले वर्षों में, मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप रखने पर आधारित मौद्रिक नीति को लेकर और भी बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। केंद्रीय बैंकों के समक्ष जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न समस्याओं को लेकर चुनौतियां हैं। इससे खाद्यान्न और ऊर्जा की कमी और उत्पादक क्षमता में गिरावट जैसे आपूर्ति झटके की आशंका है।

# जीटीटी : शेयर बाजार में एक स्मार्ट ट्रेडिंग रणनीति

शेयर बाजार में गुड टिल टाइड (जीटीटी) आदेश एक प्रभावी ट्रेडिंग उपकरण है, जो निवेशकों को अपने आदेशों को लंबी अवधि तक सक्रिय रखने की अनुमति देता है। यह आदेश तब तक लागू रहता है जब तक कि वह पूरी नहीं हो जाता या मैन्युअल रूप से रद्द नहीं किया जाता। जीटीटी की मदद से निवेशक बाजार की गतिविधियों पर नजर रख सकते हैं, बिना बार-बार अपने ऑर्डर को अपडेट किए। हालांकि, इसके साथ जुड़े जोखिमों को समझना जरूरी है, ताकि आप अपने निवेश निर्णयों को सही ढंग से ले सकें। आइए इसे जानें...



### कैसे काम करता है

- **ऑर्डर देना :** आप जीटीटी आदेश देकर इच्छित कीमत और मात्रा तय करते हैं। यदि आप किसी स्टॉक को 500 पर खरीदना चाहते हैं, तो जीटीटी आदेश सेट कर सकते हैं।
- **सक्रिय रहना :** यह आदेश तब तक सक्रिय रहता है जब तक, वह ट्रिगर प्राइस पर नहीं पहुंचता और पूरा नहीं होता। आप इसे मैन्युअल रूप से रद नहीं करते।
- **पूरा होना :** जब स्टॉक की कीमत आपके सेट किए गए मूल्य तक पहुंचती है, तब जीटीटी आदेश सक्रिय हो जाता है और ऑर्डर पूरा होता है।

### निवेशकों को लाभ

- **लचीलापन :** जीटीटी ऑर्डर को लंबे समय तक बनाए रखने की सुविधा देता है, जिससे वे बाजार की उतार-चढ़ाव का फायदा उठा सकते हैं।
- **सुविधा :** बार-बार अपने ऑर्डर को चेक करने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे समय की बचत होती है।
- **शांति :** निवेशक बिना तनाव के अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, क्योंकि ऑर्डर अपने आप सक्रिय होता है।

### जीटीटी के प्रकार

जीटीटी लिमिट ऑर्डर के साथ उपयोग होता है, जिसमें आप एक निश्चित कीमत पर खरीदने या बेचने का आदेश देते हैं।

### जोखिम

- **बाजार में तेजी :** यदि स्टॉक की कीमत बढ़ती है और आप जीटीटी सेट करते हैं, तो लाभ से वंचित हो सकते हैं।
- **खराब प्रदर्शन :** यदि स्टॉक की कीमत लगातार घटती है, तो आप नुकसान में भी जा सकते हैं, खासकर अगर आपने एक उच्च ट्रिगर प्राइस सेट किया हो।
- **मैन्युअल रदीकरण :** कभी-कभी, निवेशक अपने ऑर्डर को मैन्युअल रूप से रद्द करना भूल सकते हैं, जिससे अवांछित खरीद या बिक्री हो सकती है।

## रियल एस्टेट में इक्विटी निवेश 4 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी निवेश 4% घटकर 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। संपत्ति सलाहकार एनारॉक के अनुसार कार्यालय परिसंपत्तियों में कम निवेश के कारण कुल निवेश में कमी आई।

एनारॉक ने कहा कि इस वर्ष अप्रैल-सितंबर में सौदों की कुल संख्या घटकर 17 रह गई, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 24 थी। एनारॉक कैपिटल के प्रबंध निदेशक और सीईओ शोभित अग्रवाल ने कहा कि कार्यालय संपत्तियों में निजी इक्विटी निवेश मुख्य रूप से विदेशी निवेशक करते हैं।

# 6जी क्रांति के नेतृत्व को भारत तैयार : सिंधिया

दिल्ली, एजेंसी

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि भारत 6जी के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश के दूरसंचार क्षेत्र को तेजी से आगे बढ़ने वाला और महत्वाकांक्षी करार दिया। इंडिया मोबाइल कांग्रेस और विश्व दूरसंचार मानकीकरण (डब्ल्यूटीएसए) 2024 के उद्घाटन पर सिंधिया ने कहा कि यह हमारा विश्वास और हमारी प्रतिबद्धता है भारत ने 4जी में दुनिया का अनुसरण किया, हम 5जी में दुनिया के साथ आगे बढ़े, लेकिन हम 6जी में दुनिया का नेतृत्व करेंगे।

सिंधिया ने कहा कि भारत में सबसे तेजी से 5जी सेवाएं शुरू कीं। केवल 21 महीने के अंतराल में 98% जिलों और 90% गांवों तक इसे पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री मोदी का न केवल 6जी प्रौद्योगिकी को अपनाने का बल्कि देश को अग्रणी बनाने का लक्ष्य है। सिंधिया ने कहा कि दूरसंचार अधिनियम 2023 में हाल में किए बदलाव की रूपरेखा इस आधार पर तैयार की गई कि भारत के दूरसंचार ढांचे का आधुनिकीकरण हो सके, उपग्रह संचार के उच्च क्षमता वाले क्षेत्र जैसे अनसुलझे क्षेत्रों पर प्रकाश डाला जा सके, डिजिटल युग की चुनौतियों का समाधान किया जा सके, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा है।



- इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 में संचार मंत्री बोले- 21 महीने में 98% जिलों और 90% गांवों तक पहुंचाया 5 जी

**गोयल ने कहा, टेल्को से टेक्नो की तरफ बढ़ाएं कदम**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत में उच्च गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवाओं और उपकरणों के साथ दुनिया का प्रौद्योगिकी प्रदाता बनने की काफी संभावनाएं हैं। गोयल ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 सम्मेलन में कहा कि आइए, हम टेल्को (दूरसंचार कंपनी) से टेक्नो (प्रौद्योगिकी) की तरफ कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि 4जी सेवाओं की शुरुआत के मामले में भारत थोड़ा पीछे था लेकिन 5जी सेवाओं के मामले में देश समानांतर रूप से इसकी पेशकश कर रहा है।

# 5 वर्षों में 5 लाख नौकरियां टाटा समूह करेगा सृजित : चंद्रशेखरन

नई दिल्ली, एजेंसी

टाटा समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने मंगलवार को कहा कि उनका समूह पांच साल में सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में विनिर्माण क्षेत्र में पांच लाख नौकरियों का सृजन करेगा। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन फाउंडेशन (आईएफक्यूएम) द्वारा आयोजित संगोष्ठी में टाटा संस के चेयरमैन ने कहा कि भारत विकास की नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर में हमारे (टाटा समूह के) निवेश, प्रीसीजन मैन्यूफैक्चरिंग, असेंबली, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी और संबंधित उद्योगों में हमारे निवेश के बीच मुझे लगता है कि हम अगले पांच वर्षों में पांच लाख विनिर्माण नौकरियों का सृजन करेंगे। असम में समूह के सेमीकंडक्टर संयंत्र तथा इलेक्ट्रिक वाहनों व बैटरी के लिए अन्य नई विनिर्माण इकाइयों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हम कई संयंत्र स्थापित कर रहे हैं।



- टाटा संस के चेयरमैन ने कहा- विकास नीति के बिना विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### सत्येंद्र जैन की जमानत पर फैसला रखा सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली की विशेष अदालत ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में कथित रूप से शामिल दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रथम लिंक विशेष न्यायाधीश कावेरी बानेगा ने दलीलें पूरी होने के बाद मामले को 18 अक्टूबर को आदेश सुनाने के लिए स्थगित कर दिया। जैन के वकील ने पहले अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया कि गवाहों को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है, और अगर अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दी तो भागने का भी कोई खतरा नहीं है।

### इंडिगो की इमरजेंसी लैंडिंग, 70 यात्री सुरक्षित

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर मंगलवार अपराह्न एक बजे इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में सवार सभी 70 यात्री सुरक्षित हैं। यह फ्लाइट एक बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन उड़ान के 12 मिनट बाद ही खिड़की टूटने से आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए फ्लाइट को एयरपोर्ट पर उतार लिया।

### जयपुर में ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, मौत

**जयपुर।** जयपुर के मुरलीपुरा इलाके में ट्रक ने सड़क किनारे खड़े चार लोगों को कुचल दिया, जिससे सभी की मौत हो गई। दुर्घटना पुलिस थाना (पश्चिम) के थानाधिकारी जयदेव सिंह ने बताया कि यह हादसा सोमवार देर रात हुआ जब चार लोग काम के बाद घर जाने के लिए मुरलीपुरा इलाके में 200 फुट बाईपास पर खड़े थे तभी ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतकों में लालचंद बुनकर, जगदीश प्रसाद गुर्जर, शंकर लाल गुर्जर शामिल हैं ये सभी चंदवाजी इलाके के रहने वाले थे। चौथे मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

### 104 किलो पटाखे के साथ दो लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 104 किलोग्राम पटाखे जब्त किए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को बाहरी दिल्ली के सुल्तान पुरी इलाके में व्यक्ति द्वारा खाद्य पदार्थों में पटाखे छिपाकर ले जाने की सूचना मिली थी। टीम ने एक बाइक को रोका और चालक मोहम्मद आकिब को पकड़ लिया। उन्होंने बाइक पर रखे प्लास्टिक के बैग की जांच की और खाद्य पदार्थों में छिपा कर रखे पटाखे बरामद किए।

# सभ्यता के इतिहास से समझ होगी विकसित

### गुजरात में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के निर्णय का मोदी ने किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात के लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने के उनकी सरकार के फैसले का उद्देश्य सभ्यता के इतिहास के बारे में लोगों की समझ विकसित करना है। उन्होंने पेशेवरों के सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक से पोस्ट में कहा कि नई परियोजना निश्चित रूप से इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के बीच समान रूप से उत्साह बढ़ाएगी।

मोदी ने कहा कि इस तरह के प्रयास से पर्यटन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, जिसे वह भारत में विकास के एक प्रमुख ताकत के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि जब पर्यटन बढ़ता है तो आय बढ़ती है। मैं आप सभी अग्रणी और सम्मानित पेशेवरों से आग्रह करता हूं कि आप पर्यटन क्षेत्र में नए अवसरों का पता लगाएं और इस पर अपने विचार मेरे साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि इस तरह, हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था में योगदान देंगे और साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने समृद्ध अतीत को संरक्षित करेंगे। यह परिसर प्राचीन लोथल को डॉक शहर की मिनी प्रतिकृति के रूप में फिर से जीवंत करेगा। मोदी ने कहा कि लोथल एक समय सभ्यताओं, विचारों और वस्तुओं का जीवंत समागम स्थल था और खुदाई से इसकी भूमिका एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में दिखती है।



- आइए, पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करें शीर्षक प्रधानमंत्री ने सोशल मंच पर किया पोस्ट

**10 वर्षों में देखा गया बदलाव**

मोदी ने कहा कि 10 वर्षों में इस प्रवृत्ति में बदलाव देखा गया है। इसी भावना के साथ उनकी सरकार ने एक जीवंत राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इससे सभ्यता के इतिहास की हमारी समझ विकसित होगी। परिसर प्राचीन लोथल को डॉक सिटी की मिनी-प्रतिकृति के रूप में जीवन में वापस लाएगा। इस परिसर के केंद्र में प्रतिष्ठित लाइटहाउस संग्रहालय खड़ा होगा, जो 77 मीटर ऊंचा है और यह दुनिया में अपनी तरह का सबसे ऊंचा होगा। लोथल अहमदाबाद जिले के धोलका तालुका में आता है और यह एनएच 47 तथा राज्य राजमार्ग 8 के निकट है, जो अहमदाबाद, भावनगर तथा राजकोट जैसे शहरी केंद्रों को उत्कृष्ट सड़क संपर्क देता है। यह अहमदाबाद-भावनगर रेलवे लाइन पर लोथल-भुरखी रेलवे स्टेशन से छह किमी दक्षिण-पूर्व में है। यह पुरातात्विक स्थल तीन गांवों से घिरा है : सरगवाला, उतेलिया और गुंडी, जहां कृषि मुख्य व्यवसाय है।

## मुफ्त सौगातों पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब तलब

**नई दिल्ली।** चुनावों के दौरान मुफ्त सौगातों का वादा करने के चलन के खिलाफ नई याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने केंद्र तथा निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने बेंगलुरु निवासी शशांक जे. श्रीधारा की याचिका पर केंद्र सरकार तथा निर्वाचन आयोग को नोटिस जारी किए। वकील श्रीनिवास द्वारा दायर याचिका में आयोग को राजनीतिक दलों को चुनाव से पहले मुफ्त सौगातें देने के वादे से रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के वादे सरकारी राजकोष पर बड़ा और बेहिसाबी वित्तीय बोझ डालते हैं।

# ध्यान भटकाने पर नहीं, जनता बुनियादी मुद्दों पर करेगी वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई के मुद्दे पर मंगलवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है। उन्होंने महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के बाद यह भी कहा कि चुनावों में ध्यान भटकाने की राजनीति नहीं चलेगी क्योंकि जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।

खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि महंगाई का आलम ये है कि खाद्य सुरक्षा में गरीबों को राशन का प्रावधान होने के बावजूद मोदी ने देश की जनता को भुखमरी में विश्वगुरु बना दिया है! वैश्विक भूख सूचकांक में भारत 105वें स्थान पर आ गया है। सितंबर महीने में रीटेल महंगाई बढ़कर 5.49 प्रतिशत पर पहुंची है, जो 9 महीने के उच्चतम स्तर पर है। अगस्त में ये 3.65 प्रतिशत पर थी। उन्होंने कहा कि मोदी ने पिछले साढ़े 10 सालों में साढ़े 10 सेकंड भी भाजपाई महंगाई की लूट में कमी नहीं की है। ध्यान भटकाने की राजनीति अब नहीं चलेगी, जनता बुनियादी मुद्दों पर वोट करेगी।



- कांग्रेस अध्यक्ष ने महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा

# पूर्व सीजेआई गोगोई के खिलाफ आरोपों से शीर्ष अदालत नाखुश

नई दिल्ली, एजेंसी

एक याचिकाकर्ता की ओर से भारत के पूर्व प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई पर लगाए गए आरोपों से अप्रसन्न उच्चतम न्यायालय ने उसकी याचिका मंगलवार को खारिज कर दी और सुरक्षा कर्मियों को उसे अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। अरुण रामचंद्र हुबलीकर ने शीर्ष अदालत में सेवा से अपनी अवैध बर्खास्तगी के खिलाफ याचिका दायर की और सेवा विवाद में अतीत में दाखिल अर्जी को खारिज करने के लिए पूर्व प्रधान न्यायाधीश गोगोई के खिलाफ आंतरिक जांच कराने का अनुरोध किया।

आरोपों से नाराज न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीष चंद्र शर्मा की पीठ ने सुरक्षा कर्मियों से हुबलीकर को अदालत कक्ष से बाहर ले जाने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 30 सितंबर को पूर्व सीजेआई के खिलाफ जांच के अनुरोध वाली याचिका पर कड़ी आपत्ति जताई थी और याचिकाकर्ता से पक्षकारों की सूची से न्यायाधीश का नाम हटाने को कहा था।



- याचिका खारिज कर याचिकाकर्ता को कक्ष से बाहर ले जाने का दिया आदेश

## महाराष्ट्र को पटरी पर लाने तक रुकेगा नहीं यह बूढ़ा : शरद

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने कहा कि वह महाराष्ट्र को सही रास्ते पर लाने तक आराम से नहीं बैठेंगे चाहे वह कितने ही बूढ़े क्यों न हो जाएं। पवार ने महाराष्ट्र में सातारा जिले के फलटण में कहा कि चाहे 84 वर्ष का हो जाऊं या 90, यह बूढ़ा नहीं रुकेगा। वह राकांपा नेता रामराजे नाइक निंबालकर के भाई संजीव राजे नाइक निंबालकर और फलटण के विधायक दीपक चह्वाण को राकांपा में शामिल करने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# मामले की जांच गंभीरता से जारी : सीबीआई

**आरजी कर मामला**

- शीर्ष अदालत से कहा- एजेंसी घटना में अन्य लोगों की भूमिका की कर रही जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सीबीआई ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया कि कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से हुई दरिंदगी की जांच अत्यंत गंभीरता से जारी है। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला तथा मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष अपनी पांचवीं वस्तु-स्थिति रिपोर्ट पेश की।

मेहता ने पीठ से कहा कि आरोपी संजय रॉय के खिलाफ सात अक्टूबर को आरोपपत्र दायर हुआ था और सियालदह अदालत ने संज्ञान लिया है। पीठ ने कहा कि सीबीआई रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि एजेंसी जांच के हिस्से के रूप में अन्य व्यक्तियों की भूमिका की जांच कर रही है। सीबीआई से तीन सप्ताह में एक और वस्तु-स्थिति रिपोर्ट मांगी गई है। चिकित्सा की सुरक्षा पर सिफारिश को गठित राष्ट्रीय कार्यबल के मुद्दे पर पीठ ने कहा कि सितंबर के पहले सप्ताह से इसकी कोई बैठक नहीं हुई है।

**दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के पास लगी निषेधाज्ञा रद**



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को रेड रोड पर होने वाले दुर्गा पूजा कार्निवल स्थल के आस-पास लागू निषेधाज्ञा को रद कर दिया। निषेधाज्ञा रेड रोड के पास कुछ सड़कों और इलाकों पर लागू थे, जहां मंगलवार शाम राज्य सरकार द्वारा पूजा कार्निवल होना है। आरजी कर की घटना को लेकर आंदोलन कर रहे चिकित्सकों ने मध्य कोलकाता में रानी रश्मोनी रोड के पास द्रोह कार्निवल का आह्वान किया है। निषेधाज्ञा को चुनौती देने वाली चिकित्सकों की अर्जी पर न्यायमूर्ति रवि कृष्ण कपूर ने राज्य सरकार द्वारा लागू प्रतिबंध को खारिज कर दिया। बंगाल सरकार 2016 से दुर्गा पूजा कार्निवल आयोजित कर रही है।

## केरल में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अपने सरकारी आवास में मिले मृत

**कन्नूर (केरल)।** उत्तरी केरल के कन्नूर जिले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) नवीन बाबू मंगलवार को पल्लीकुन्नू में अपने सरकारी आवास पर मृत मिले। इससे एक दिन पहले ही कन्नूर के जिलाधिकारी समेत एडीएम के अन्य सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण के बाद विदाई दी थी। पुलिस ने बताया कि नवीन को एक दिन पहले ही अपने गृह जनपद पथनमथिट्टा में एडीएम का पदभार संभालने के लिए जाना था, लेकिन मंगलवार सुबह उनका शव उनके सरकारी आवास पर फंदे से लटका हुआ मिला। उनके विदाई समारोह में बगैर निमंत्रण पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष पीपी दिव्या ने एडीएम पर गलत कार्य करने का आरोप लगाया गया था।

- एक दिन पहले सहकर्मियों ने उन्हें स्थानांतरण पर दी थी विदाई

# मणिपुर : मेइती, कुकी, नगा समुदाय के विधायकों ने दिल्ली में की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्रालय ने संघर्ष का सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने को बुलाई बैठक
- गृह मंत्री अमित शाह एवं मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह नहीं हुए शामिल

मणिपुर में 17 महीने पहले भड़की जातीय हिंसा के बाद शांति बहाली के प्रयास के तहत मेइती, कुकी और नगा समुदायों से विधायकों ने मंगलवार को बैठक की। यह बैठक गृह मंत्रालय ने संघर्ष का समाधान करने के प्रयास के तहत बुलाई गई थी।

बैठक में मेइती से विस अध्यक्ष थोकचोम सत्यब्रत सिंह और विधायक थोंगम बसंतकुमार सिंह एवं तोंगब्राम रबिन्द्रो तथा कुकी से लेतपाओ हाओकिप व नेमचा किपगेन (दोनों राज्य मंत्री)व नगा से विधायक राम मुइवा, अवांगबो न्यूमई और एल. दिखो शामिल हुए। गृह मंत्रालय के वार्ताकार एके मिश्रा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह एवं मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह शामिल नहीं हुए।

## पंजाब में पंचायत चुनावों पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में चल रहे ग्राम पंचायत चुनावों पर रोक लगाने से मंगलवार को इनकार करते हुए कहा कि मतदान के दिन (15 अक्टूबर) चुनाव पर रोक लगाने से अराजकता पैदा हो जाएगी।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पार्दीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव रोकने से संबंधित कोई अंतरिम आदेश पारित कराने से इनकार किया, लेकिन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई, जिसमें मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया गया था।

- कोर्ट ने कहा- मतदान के दिन चुनाव पर रोक से पैदा हो सकती है अराजकता

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

मुंबई, एजेंसी

- उप्र के बहराइच का है बालकराम संदिग्ध शूटर गौतम अब भी फरार

मुंबई पुलिस ने राकांपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान हरीशकुमार बालकराम (23) के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश के बहराइच का रहने वाला है। बालकराम महाराष्ट्र के पुणे में कबाड़ विक्रेता था। आरोपी भी सिद्दीकी की हत्या की साजिश में शामिल है। उसे बहराइच से पकड़ा गया। साथ ही सिद्दीकी की हत्या के सिलसिले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने पहले कथित शूटर हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह, उत्तर प्रदेश के धर्मराज राजेश कश्यप और सह-साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर को पुणे से गिरफ्तार किया था। बहराइच निवासी एक अन्य संदिग्ध शूटर शिवकुमार गौतम फरार है।

# लक्ष्य, मालविका पहले दौर में बाहर हुए, सिंधू आगे बढ़ी

**ओडेन्से, एजेंसी**

भारत के लक्ष्य सेन को चीन के लू गुआंग जू के खिलाफ कड़ा संघर्ष करने के बावजूद मंगलवार को यहां डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप (2021) के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य शुरुआती गेम को आसानी से जीतने के बावजूद मौके भुनाने में नाकाम रहे। चीन के खिलाड़ी से उन्हें 70 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12 19-21 14-21 से शिकस्त मिली।

पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने वाला अल्मोड़ा का यह 22 वर्षीय खिलाड़ी पिछले सप्ताह फिनलैंड में आर्कटिक ओपन के दूसरे दौर में हार गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू चीनी ताइपे की पाई यू पो के दूसरे गेम के बीच में ही मुकाबले से हटने से दूसरे दौर में पहुंच गयी।



- डेनमार्क ओपन में चीनी खिलाड़ी जू के खिलाफ सेन को मिली हार
- रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी मिली हार

पो ने जब मैच से हटने का फैसला किया तब सिंधू 21-8 13-7 से आगे थी। चीन ओपन में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली मालविका बंसोड भी यहां शुरुआती दौर की बाधा पार करने में विफल रही। उन्हें वियतनाम की एंगुयेन थुये लिन्ह ने महिला एकल मैच में 21-13 21-12 से हराया। आकर्षि कश्यप को भी सातवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग से 13-21, 12-21 से हारकर बाहर होना पड़ा। रितुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा बहनों की जोड़ी को भी पहले दौर में चीनी ताइपे के चांग चिंग हुई और या चिंग तुन की जोड़ी ने युगल में 21-18, 24-22 से हराया।

लक्ष्य और लू के बीच शुरुआती गेम में करीबी मुकाबला हुआ। दोनों के बीच स्कोर 8-8 की बराबरी पर था लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने लगातार तीन अंक हासिल कर ब्रेक तक अपनी बढ़त 11-8 कर ली। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक हासिल कर अपनी बढ़त को 20-11 किया और आसानी से इस गेम को जीत लिया। लक्ष्य ने दूसरे गेम में 8-2 की बढ़त बनाकर अच्छी शुरुआत की। लू इस अंतर को 11-12 करने में सफल रहे। भारतीय खिलाड़ी ने एक बार फिर से वापसी करते हुए 16-11 की बढ़त हासिल की लेकिन लू ने इसके बाद दमदार खेल और धैर्य का परिचय दिया जिससे उन्हें फायदा हुआ।

# महिला टी-20 टीम ने नहीं किया कोई सुधार : मिताली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने मंगलवार को महिला टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के खराब प्रदर्शन के लिए पिछले तीन वर्षों में खेल के विभिन्न विभागों में सुधार करने में विफल रहने को जिम्मेदार ठहराया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में यह पहली बार है कि भारत आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के नॉकआउट के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा। इससे टीम का विश्व कप खिताब जीतने का इंतजार और बढ़ गया। कप्तान के रूप में उनके भविष्य पर गंभीर सवालिया निशान लग गए।



- भारत की पूर्व कप्तान बोलीं- खराब क्षेत्ररक्षण और बीच के ओवरों रन न बना पाना ही मुश्किल का सबब

मिताली ने कहा इस टूर्नामेंट में हर दूसरी टीम ने सीमित गहराई के बावजूद विकास दिखाया है, इसका सबसे अच्छा उदाहरण दक्षिण अफ्रीका है। भारतीय बल्लेबाजों के लिए बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल साबित हो रहा और टीम को यह भारी पड़ रहा है। भारतीय टीम की हार का दोष खराब क्षेत्ररक्षण पर भी मढा और कहा कि रोड्रिग्ज और राधा के अलावा सभी ने क्षेत्ररक्षण में निराश किया।

### भारतीय टीम की रणनीति कारगर नहीं

मिताली ने दुबई से पीटीआई से कहा कि टीम के पतन का कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाने में विफल रहने के साथ बल्लेबाजी में स्पष्टता की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण था। भारत की पूर्व कप्तान मिताली ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार ने इस बात को साबित किया कि इस टीम ने पिछले तीन साल में कोई सुधार नहीं किया है। मैं अगर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच की बात करूं तो यह जीतने लायक मैच था। हमारे पास मौके थे लेकिन ऐसा लग रहा था कि हम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसी परिपाटी का पालन कर रहे हैं जिसमें मैच को आखिरी ओवरों तक ले जाकर हार का सामना करना शामिल है। यह रणनीति कारगर नहीं है। मुझे लगता है कि पिछले दो-तीन वर्षों में मैंने वास्तव में इस टीम में कोई विकास नहीं देखा है।

## खेल डायरी

### बांग्लादेश के मुख्य कोच हथुरुसिंघा निलंबित

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पिछले साल भारत में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी के साथ अनुचित आचरण करने के कारण पुरुष टीम के मुख्य कोच चंडिका हाथुरुसिंघा को निलंबित कर दिया है। श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर हाथुरुसिंघा के कोच रहते हुए बांग्लादेश को हाल में भारत के खिलाफ टेस्ट और टी-20 श्रृंखला के सभी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। बीसीबी ने उनकी जगह वेस्टइंडीज के पूर्व खिलाड़ी फिल सिमंस को नियुक्त करने का फैसला किया है जो अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी तक यह पद संभालेंगे। वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश के मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघा को पिछले साल वनडे विश्व कप के दौरान एक खिलाड़ी को थप्पड़ मारने के आरोप के बाद निलंबित कर दिया गया है।

### पीसीबी ने जमान को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट श्रृंखला में बल्लेबाज बाबर आजम को टीम से बाहर किए जाने के बाद फखर जमान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। फखर जमान ने दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच से बाबर आजम को बाहर किए जाने की खबर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस संबंध में टिप्पणी की थी। फखर ने इस फैसले को चिंताजनक बताते हुए कहा था कि पाकिस्तान के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक बाबर आजम को बाहर किया जाना गलत संदेश देगा। फखर ने बोर्ड को खिलाड़ियों को नीचा दिखाने के बजाय उन्हें संरक्षित करने की मांग की थी। पीसीबी ने फखर जमान की इस पोस्ट पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने कहा है कि एक केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी होने के नाते फखर को बोर्ड के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए थी।

### महिला कबड्डी लीग के चयन ट्रायल के बाद होगी नीलामी

**नई दिल्ली।** महिला कबड्डी लीग (डब्ल्यूकेएल) के उद्घाटन सत्र के लिए खिलाड़ियों को नीलामी से पहले राष्ट्रव्यापी चयन ट्रायल से गुजरना होगा। इस लीग के आयोजकों ने बिना कोई तारीख बताए मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक इस लीग में बेंगलुरु हॉक्स, दिल्ली दुर्गास, गुजरात एंजल्स, हरियाणा हसलर्स, ग्रेट मराठा, राजस्थान रेडर्स, तेलुगु वॉरियर्स और यूपी गंगा स्ट्राइकर्स सहित कई टीमें शामिल होंगी। डब्ल्यूकेएल के चयन ट्रायल्स आगामी सत्र का एक बड़ा आकर्षण होंगे क्योंकि यह देश के हजारों महिला खिलाड़ियों के लिए अवसर प्रदान करेंगे। लीग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सीमा ने कहा हमारा लक्ष्य सिर्फ एक लीग बनाना नहीं है। हम एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास कर रहे हैं जहां महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सकें। डब्ल्यूकेएल का आयोजन राउंड-रॉबिन प्रारूप में होगा जिसके मुकाबले अपने घर के साथ प्रतिद्वंद्वी टीम के घर में भी खेले जायेंगे। इसमें अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी की भी योजना है।

### सोनम ने 10 मीटर एयर राइफल में जीता रजत

**नई दिल्ली।** भारत की सोनम मस्कर ने मंगलवार को आईएसएसएफ विश्वकप फाइनल 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। आज यहां हुई स्पर्धा में 22 वर्षीय भारतीय निशानेबाज ने 10 मीटर एयर राइफल फाइनल में 252.9 के स्कोर कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं चीन की युटिंग हुआंग ने 254.5 के स्कोर के साथ एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। फ्रांसीसी निशानेबाज ओसिएने मुलर ने 231.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक मिला। तिलोत्तमा सेन 167.7 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग राउंड में सोनम मस्कर ने 11 निशानेबाजों के बीच 632.1 का स्कोर कर चौथा स्थान हासिल किया। तिलोत्तमा सेन ने कुल 628.9 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। शीर्ष आठ निशानेबाजों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। एना एनसेन ने 636.9 का क्वालीफाइंग विश्व रिकॉर्ड बनाया, लेकिन फाइनल में वह सातवें स्थान पर रहीं। यह आईएसएसएफ विश्वकप में सोनम का तीसरा पदक है। इस साल की शुरुआत में काहिरा में आईएसएसएफ विश्व कप में सोनम ने अर्जुन बाबूता के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता था और 10 मीटर एयर राइफल में व्यक्तिगत रजत पदक भी अपने नाम किया था।

# बेंगलुरु के मैदान पर आज होगा प्रतिभा का टेस्ट

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में नजरें गिल और जायसवाल पर, बारिश की संभावना

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी के स्टार यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में अपने बेहतरीन फॉर्म को आगे ले जाना चाहेंगे। विराट और कप्तान रोहित अपने करियर के आखिरी पड़ाव में है और गिल तथा जायसवाल पर उनकी विरासत को आगे ले जाने की महती जिम्मेदारी है। बेंगलुरु के मैदान पर दोनों की टीम की परीक्षा होगी। मैच से पहले बारिश की भी संभावनाएं हैं, मैच देर शुरू हो सकता है।

गिल ने पिछली दस पारियों में तीन शतक और दो अर्धशतक जमाए हैं जबकि जायसवाल ने पिछली आठ पारियों में एक दोहरा शतक और पांच अर्धशतक जड़े हैं। गिल ने तेज गेंदबाजों की इनकमिंग गेंदों के खिलाफ परेशानी से पार पा ली है लेकिन ऐसी गेंदों पर विकेट गंवाने से बचना होगा। वहीं जायसवाल भी तेज गेंदबाजों को आक्रामक शॉट खेलने के प्रयास में तीन बार आउट हुए हैं। न्यूजीलैंड के पास भी मैट हेनरी, विलियम ओ राउरकी और टिम साउदी के रूप में आक्रामक तेज गेंदबाज हैं। ऐसे में गिल और जायसवाल पर जिम्मेदारी और भी बढ़ जाएगी क्योंकि विराट और रोहित सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं।



चिन्नास्वामी स्टेडियम पर मौसम बिगड़ने के चलते पिच कवर करते ग्राउंडमैन। ● एजेंसी

**मैच : सुबह 9:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, सिराज, आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लाथम (कप्तान), डेवोन कॉवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, मिचेल ब्रासवेल, मिचेल सेंटनेर, रचिन रविंद्र, टॉम ब्लंडेल, ऐजाज पटेल, जैकब डफी, मैट हेनरी, टिम साउदी, विलियम ओ राउरकी।

### शुरू से हमारे नेतृत्व समूह का हिस्सा रहे हैं बुमराह : रोहित

**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को यहां कहा कि यह तेज गेंदबाज खेल की बहुत अच्छी समझ रखता है और वह शुरू से टीम के नेतृत्व समूह का अभिन्न अंग रहा है। बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से यहां से शुरू होने वाली तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए उप कप्तान नियुक्त किया गया है। चयन समिति का यह फैसला चौंकाने वाला था क्योंकि बांग्लादेश के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला के लिए किसी भी खिलाड़ी को उप कप्तान नहीं बनाया गया था। इससे संकेत मिलते हैं



कि बुमराह भविष्य में टेस्ट टीम की कमान संभाल सकते हैं। रोहित ने कहा बुमराह ने बहुत अधिक क्रिकेट खेली है। मैं उनके साथ काफी क्रिकेट खेल चुका हूं। वह खेल की बहुत अच्छी समझ रखते हैं। जितना मुझे पता है उन्होंने अभी तक एक टेस्ट मैच और कुछ टी-20 मैचों में कप्तानी की है।

### भारत को हराने की चुनौती के लिए तैयार हैं हम : लैथम

**बेंगलुरु।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने मंगलवार को स्वीकार किया कि हर विभाग में मजबूत भारत को हराना बहुत बड़ी चुनौती होगी लेकिन उन्होंने कहा कि उनकी टीम तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। लैथम ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा इन हालात में बेशक आप स्पिनरों को देखते हैं। लैथम ने कहा उम्मीद है कि हम यहां के पिछले कुछ दौरों से मिले अनुभव का फायदा उठा पाएंगे। उन्हें पूर्व कप्तान केन विलियमसन की कमी खलेगी जो ग्रोइन की चोट के कारण दौरे के शुरुआती हिस्से से बाहर हो गए हैं। यह निराशाजनक है कि केन यहां नहीं है। उम्मीद करते हैं कि वह जल्द से जल्द तैयार होगा।

## ट्रॉफी जीतनी है तो बुमराह पर कसनी होगी लगाम : कमिंस

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को कहा कि अगर उनकी टीम को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतनी है तो उन्हें भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर लगाम कसने का तरीका ढूंढना होगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने लगभग एक दशक से यह ट्रॉफी अपने पास सुरक्षित रखी है। इस बीच उसने दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया। कमिंस ने स्टार स्पोर्ट्स प्रेस रूम में कहा मैं बुमराह का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मुझे लगता है कि वह एक शानदार गेंदबाज हैं। अगर हम उस पर लगाम कसने में सफल रहते हैं तो इससे हमें श्रृंखला जीतने में काफी मदद मिलेगी। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे विश्व कप की जीत से प्रेरणा लेगी।

### शमी फिट नहीं, उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं ले जाना चाहते हैं : रोहित

**बेंगलुरु।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को यहां कहा कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और टीम उन्हें ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर ले जाने का जोखिम नहीं उठाना चाहती है। उन्होंने कहा कि घुटनों में सूजन के कारण इस तेज गेंदबाज को टखने के ऑपरेशन से उबरने में परेशानी आ रही है। शमी ने भारत की तरफ से आखिरी मैच पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप का फाइनल खेला था। रोहित ने कहा ईमानदारी से कहूं तो अभी हमारे लिए उनके बारे में फैसला करना काफी मुश्किल है कि वह वर्तमान श्रृंखला या ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। हाल ही में उनके घुटने में सूजन थी, जो काफी असामान्य है।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नहीं लागू होगा इम्पैक्ट प्लेयर

**मुंबई।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (एसएमएटी) के इस सत्र से इम्पैक्ट प्लेयर का नियम लागू नहीं होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इम्पेक्ट प्लेयर नियम एमएमएटी इस सीजन से ही नहीं लागू होगा।

इस नियम को दो वर्ष पहले एसएमएटी में लागू किया गया था। इसके बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी इसे लाया गया। हाल में हुई घोषणा के अनुसार यह नियम आईपीएल में अगले तीन सत्र यानी की 2027 तक लागू रहेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2023 में इस नियम के आने के बाद से लगातार इसके खिलाड़ियों पर प्रभाव और मदद को लेकर पर चर्चा हो रही है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित कई प्रमुख खिलाड़ियों ने बीते आईपीएल सत्र के दौरान इस नियम की आलोचना की थी। तब बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा था कि इस नियम का यह परीक्षण का दौर है।

**महिला टी-20 विश्व कप**

## इंग्लैंड बाहर, सेमीफाइनल में पहुंची वेस्टइंडीज टीम

**दुबई।** वेस्टइंडीज ने महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप बी के आखिरी मैच में मंगलवार को यहां इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। इस हार के साथ ही इंग्लैड की टीम का सफर ग्रुप चरण में ही खत्म हो गया।

ग्रुप से दक्षिण अफ्रीका बेहतर नेट रन रेट से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनीं। इंग्लैंड को छह विकेट पर 141 रन पर रोकने के बाद वेस्टइंडीज ने 18 ओवर में चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। वेस्टइंडीज के लिए किआना जोसेफ ने 38 गेंद में 52 और कप्तान हेली मैथ्यूज ने 38 गेंद में 50 रन का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी।

# उदिता को मिली 32 लाख की बोली

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया लीग 2024-25 महिला नीलामी के पहले हाफ में मंगलवार को चारों फ्रैंचाइजी ने 41 भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए बोली लगाई। श्रीची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने उदिता दुहान के लिए सबसे बड़ी बोली लगाकर 32 लाख रूपये में खरीदा।

नीलाम में उदिता को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 32 लाख रूपये, उदिता हरियाणा से है और भारतीय टीम में डिफेंडर के तौर पर खेलती है। दूसरे नंबर पर नीदरलैंड की यिब्बी जेनसन को ओडिशा वारियर्स ने 29 लाख रूपये में खरीदा, लालरेमसियामी को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 25 लाख में, सुनीलिता टोप्पो को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 24 लाख में और संगीता कुमारी दिल्ली एसजी पाइपर्स को 22 लाख में खरीदा। ये पांच महिला खिलाड़ी बोली में शीर्ष पर रही। श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने आज यहां दिन के पहले हाफ में भारत की उदिता के लिए 32 लाख रुपये की सबसे महंगी बोली लगाते हुए उन्हें खरीदी लिया। इसके अलावा डच स्टार ड्रैग-फ्लिकर यिब्बी जानसेन को ओडिशा वॉरियर्स ने 29 लाख रुपये की बोली लगाकर खरीदा। युवा भारतीय खिलाड़ी लालरेमसियामी को श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 25 लाख में खरीदा, सुनीता टोप्पो को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 24 लाख में और संगीता कुमारी को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने 22 लाख में खरीदा। इस दौरान कई विदेशी खिलाड़ियों की बोली लगीं।



- हॉकी इंडिया लीग नीलामी में शीर्ष पांच महिला खिलाड़ी भारतीय
- 41 भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए लगी बोली

## बॉलीवुड हलचल



### परमसुंदरी में साथ दिखेगी सिद्धार्थ-जाह्नवी की जोड़ी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री जाह्नवी कपूर की जोड़ी रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म परमसुंदरी में नजर आ सकती है। बॉलीवुड में चर्चा है कि मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश विजन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर को लेकर रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन तुषार जलोटा करेंगे। इस फिल्म का अस्थायी नाम परम सुंदरी रखा गया है। दिनेश विजान ने सिद्धार्थ-जाह्नवी के साथ एक एक्शन थ्रिलर प्लान की थी, जिसके लिए उन्होंने तुषार को साइन किया था। हालांकि वक्त के साथ दिनेश-सिद्धार्थ को लगा कि जिस स्क्रिप्ट पर वो काम कर रहे हैं, उसमें बॉक्स ऑफिस पर परफॉर्म करने का बहुत कम दम है। दर्शकों अलग तरह की फिल्में देखना पसंद कर रहे हैं, जिस कारण उन्होंने एक नई स्क्रिप्ट का चुनाव किया है।

### प्राइम वीडियो ने सिटाडेल: हनी बनी का ट्रेलर किया रिलीज

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने आज बहुप्रतीक्षित ओरिजिनल सीरीज, सिटाडेल : हनी बनी का एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज कर दिया है। सिटाडेल : हनी बनी का निर्देशन राज और डीके (राज निदिमोरू और कृष्णा डीके) ने किया है और इसे सीता आर. मेनन के साथ राज और डीके ने लिखा है। यह सीरीज डी2आर फिल्म्स, अमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज और एजीबीओ के रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित की गई है। इस सीरीज में वरुण धवन और समांथा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही के.के. मेनन, सिमरन, साकिब सलीम, सिकंदर खेर, सोहम मजूमदार, शिवांकीत परिहार और कश्वी मजमूदार भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। सिटाडेल : हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर को विशेष रूप से भारत में प्राइम वीडियो पर और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में किया जाएगा। प्राइम वीडियो, इंडिया के ओरिजिनल्स के प्रमुख निखिल मधोक ने कहा, टीजर को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के बाद, शो के प्रति उत्साह और प्रत्याशा हर दिन बढ़ रही है, और वरुण, समांथा और राज एंड डीके के प्रशंसक 07 नवंबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमें लगा कि यह सही समय है कि हम एक्शन से भरपूर ट्रेलर के जरिए दर्शकों को सिटाडेल : हनी बनी की अद्भुत दुनिया की एक झलक दिखाएं। राज और डीके ने इस हाई-ऑक्टेन स्पाई थ्रिलर में अपनी अनोखी शैली और आकर्षण को जोड़ा है, जो हमारे दर्शकों के लिए एक नए रोमांचकारी सफर का वादा करता है।




### 26 से शुरू होगा इंडियन आइडल का 15वां सीजन

**मुंबई।** सिंगिग रियालिटी शो इंडियन आइडल का 15वां सीजन 26 अक्टूबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर शुरू होगा। इंडियन आइडल जल्द ही सोनी टीवी पर अपना 15वां सीजन शुरू करने के लिए तैयार है। इस सीजन को लोकप्रिय गायक-रैपर बादशाह, पार्श्वगायिका श्रेया घोषाल और पार्श्वगायक विशाल ददलानी जज करेंगे। सोनी चैनल ने इंडियन आइडल सीजन 15 का एक नया प्रोमो शेयर किया है। प्रोमो में सोनी चैनल ने बताया है कि इंडियन आइडल 26 अक्टूबर से शुरू होगा। यह शो शनिवार-रविवार रात 9 बजे सोनी एंटरटेनमेंट टेलिविजन पर प्रसारित होगा।

## सैफ चैंपियनशिप के लिए भारत की 23 सदस्यीय महिला टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सीनियर महिला राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच संतोष कश्यप ने 17 से 30 अक्टूबर तक खेली जाने वाली सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी हैं। सैफ के सभी मुकाबले नेपाल के काठमांडू के दशरथ स्टेडियम में खेले जाएंगे।

इस चैंपियनशिप में भारत को ग्रुप ए में बंगलादेश और पाकिस्तान के साथ रखा गया है। मेजबान नेपाल ग्रुप बी में श्रीलंका, मालदीव और भूटान के साथ है। गोवा में तीन सप्ताह के गहन शिविर के बाद भारतीय टीम आज काठमांडू के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम 17 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ मैच के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगी, उसके बाद गत चैंपियन बंगलादेश के साथ ग्रुप चरण का अंतिम मुकाबला होगा। दोनों सेमीफाइनल 27 अक्टूबर को हैं, वहीं फाइनल 30 अक्टूबर को खेला जाएगा।

### फ्रांस और जर्मनी ने नेशंस लीग में अपने अपने मुकाबले जीते

**ब्रसेल्स।** फ्रांस ने नेशंस लीग फुटबॉल में रेंडेल कोलो मुआनी के दो गोलों के दम पर बेल्जियम को 2-1 से हराया। काइलियान एमबाप्पे के बिना उतरी फ्रांसीसी टीम के लिए मुआनी ने दोनों हाफ में एक-एक गोल दागा। वहीं म्युनिख में खेले गए मैच में जर्मनी ने नीदरलैंड को 1-0 से मात दी। जर्मनी के जैमी ल्यूलिंग का दूसरे मिनट में किया गया गोल वीडियो रिव्यू के बाद खारिज हो गया लेकिन उन्होंने 64वें मिनट में गोल दागा। अन्य मैचों में इटली ने इस्राइल को 4-1 से हराया जबकि हंगरी ने बोस्निया को 2-0 से मात दी। दो ग्रुप मैच नवंबर में होंगे। फ्रांस, इटली और जर्मनी शीर्ष पर हैं और उनके क्वार्टर फाइनल में जाने की प्रबल संभावना है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कई विपक्षी सांसदों ने वक्फ विधेयक समिति की बैठक से किया वाकआउट

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष के कई सांसदों ने मंगलवार को वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की बैठक से बहिर्गमन किया और आरोप लगाया कि भाजपा के एक सदस्य ने उनके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है।

कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला और अरविंद सावंत सहित विपक्षी सदस्य संसदीय समिति की बैठक से उठ कर बाहर चले गए। संसदीय समिति अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों के पक्ष सुन रही थी। एक घंटे तक बैठक से दूर रहने के बाद विपक्षी सदस्य फिर से इसमें शामिल हुए। भाजपा सदस्यों का दावा था कि विपक्षी सदस्य समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को लेकर अशोभनीय टिप्पणी कर रहे थे।

### बैठक में नियमों के उल्लंघन का आरोप

विपक्ष के कई सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि बैठक में संसदीय आचार संहिता का घोर उल्लंघन हुआ है। यह पत्र कर्नाटक राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष अनवर मणिप्पाडी के वक्तव्य पर कई विपक्षी सांसदों द्वारा समिति की बैठक का बहिष्कार करने के एक दिन बाद आया है। मणिप्पाडी ने वक्फ संपत्तियों के कथित गबन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और के रहमान खान सहित कई विपक्षी नेताओं का नाम लिया था।

# वेनेजुएला में तख्तापलट को मस्क ने किए खर्च एक अरब डॉलर : मादुरो

**कराकस।** राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने एक्स के मालिक एलन मस्क पर एक अरब डॉलर खर्च करके वेनेजुएला में तख्तापलट की कोशिश का आरोप लगाया है।

मादुरो ने टीवी शो विद मादुरोप्लस में कहा कि मस्क ने वेनेजुएला में तख्तापलट, फासीवादी विद्रोह और चुनावी प्रक्रिया के खिलाफ हिंसा के लिए एक अरब डॉलर खर्च किये हैं। उनका मानना है कि टेक मुगल वेनेजुएला में सत्ता हथियाने के विचार से ग्रस्त है और दक्षिण अमेरिकी देश में सार्वजनिक अशांति को वित्तपोषित करके इस लक्ष्य तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं मस्क अपने एक्स पर पलटवार किया है।

# भारतीय मूल की सिंगापुर की दो महिलाओं को हर वर्ल्ड का सम्मान

सिंगापुर, एजेंसी

अपने-अपने क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित करने वाली भारतीय मूल की दो महिलाओं को सिंगापुर में फैशन और स्टाइल पत्रिका हर वर्ल्ड की ओर से सम्मानित किया गया है। द स्ट्रेट्स टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, 72 वर्षीय न्यायमूर्ति जूडिथ प्रकाश को सोमवार को पत्रिका के वार्षिक पुरस्कार समारोह में कानूनी क्षेत्र में उनके अग्रणी कार्य के लिए हर वर्ल्ड वूमन ऑफ द ईयर 2024 घोषित किया गया।

राष्ट्रीय धावक शांति परेरा (28) को उनकी खेल उपलब्धियों के लिए वर्ल्ड यंग वूमन अचीवर 2024 पुरस्कार मिला। न्यायमूर्ति प्रकाश सिंगापुर की पहली महिला अपील न्यायाधीश हैं और उन्हें पहली बार 1992 में सर्वोच्च न्यायालय की पीठ में नियुक्त किया गया था।

न्यायाधीश के रूप में अपने 31 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने 645 निर्णय लिखे और उनको मूल्यवान प्रस्तावों के कारण विधि रिपोर्टों में शामिल किया गया। 2018 से 2022 की शुरुआत के बीच परेरा को कई असफलताओं का सामना करना पड़ा। उन्हें पिंडली में चोट की पीड़ा झेलने के साथ ही दो छात्रवृत्तियों से हाथ धोना पड़ा, लेकिन परेरा ने हार नहीं मानी और 100मीटर तथा 200 मीटर में नये राष्ट्रीय रिकार्ड बनाए।

# 40 प्रतिशत दिव्यांगता एमबीबीएस में दाखिल से नहीं रोकती : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पीठ ने कहा- उम्मीदवार की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड से होनी चाहिए
- केवल तय मानक के आधार पर अभ्यर्थी को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केवल 40 प्रतिशत दिव्यांगता का तय मानक किसी को मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने से नहीं रोकता, जब तक कि विशेषज्ञ की रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख न हो कि अभ्यर्थी एमबीबीएस करने में असमर्थ है।

न्यायामूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने अपने 18 सितंबर के आदेश के लिए विस्तृत कारण बताए। इस आदेश में न्यायालय ने एक उम्मीदवार को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने की अनुमति दी थी क्योंकि मेडिकल बोर्ड ने कहा था कि वह बिना किसी बाधा के मेडिकल शिक्षा प्राप्त करने में समर्थ है। पीठ ने कहा कि दिव्यांग उम्मीदवार की एमबीबीएस पाठ्यक्रम में पढ़ाई करने की क्षमता की जांच विकलांगता मूल्यांकन बोर्ड की ओर से की जानी चाहिए। इसने कहा कि केवल निर्धारित मानक की दिव्यांगता होने के आधार पर अभ्यर्थी को एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए पात्रता के अयोग्य नहीं ठहराया जाएगा। अभ्यर्थी की दिव्यांगता का आकलन करने वाले विकलांगता बोर्ड को सकारात्मक रूप से यह दर्ज करना होगा कि अभ्यर्थी की दिव्यांगता पाठ्यक्रम की पढ़ाई में अभ्यर्थी के लिए बाधा बनेगी या नहीं। अगर ऐसा है तो उसे कारण बताना चाहिए। न्यायालय ने ओंकार नामक छात्र की याचिका पर यह फैसला सुनाया, जिसने 1997 के स्नातक चिकित्सा शिक्षा विनियमन को चुनौती दी है जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी को एमबीबीएस करने से रोकता है।

## एक नजर

### ऑनलाइन पंजीकरण के बिना होंगे सबरीमला में दर्शन : विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि वर्चुअल बुकिंग (ऑनलाइन पंजीकरण) कराए बिना सबरीमाला आने वाले तीर्थयात्रियों को भी भगवान अयप्पा मंदिर में सुचारू दर्शन की सुविधा प्रदान की जाएगी। व्यापक विरोध के बीच पिनराई विजयन सरकार ने आगामी तीर्थयात्रा के दौरान केवल 'वर्चुअल' कतार बुकिंग (ऑनलाइन) के माध्यम से दर्शन प्रदान करने के अपने पहले के फैसले को बदल दिया। उन्होंने कहा कि बिना वर्चुअल कतार बुकिंग के आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए भी सुचारू दर्शन की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी उन लोगों के लिए भी दर्शन सुनिश्चित किए जाएंगे जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण नहीं कराया है और जो प्रणाली के बारे में जाने बिना आते हैं।

### रूसी वायु रक्षा ने तीन यूक्रेनी ड्रोन किए नष्ट

**मॉस्को।** रूस की वायु रक्षा प्रणालियों ने बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में सोमवार रात तीन यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार पिछली रात, कीव शासन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र पर मानव रहित हवाई वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले को अंजाम देने का प्रयास किया जा रहा था, जिस दौरान तीन यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग ड्रोनों को बेलगोरोड, कुर्स्क और तुला क्षेत्रों में वायु रक्षा द्वारा नष्ट कर दिया गया।

### मादक पदार्थ तस्करी में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्तता के आरोप में दो भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिहार के किशनगंज निवासी 38 वर्षीय जमकोद खान को उसके 18 वर्षीय बेटे किशोर के साथ झापा जिले के भद्रपुर नगरपालिका क्षेत्र के एक होटल से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पिता-पुत्र के पास से कथित तौर पर करीब 52 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की।

### भारती की याचिका पर उप्र सरकार को फिर नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को आप नेता सोमनाथ भारती की उस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नया नोटिस जारी किया, जिसमें राज्य में अस्पतालों और स्कूलों की स्थिति पर कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज मामले को स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया है। भारती के खिलाफ मामला सुल्तानपुर के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में लंबित है। उन्होंने मामले को राउज एवेन्यू कोर्ट में स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और अरविंद कुमार की पीठ ने इस मामले में शिकायतकर्ता को भी नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तारीख तय की।

### एशत भारत में मालदीव की नई उच्चायुक्त होंगी

**माले।** वरिष्ठ राजनयिक एशत अजीमा भारत में मालदीव के उच्चायुक्त इब्राहिम शाहीब की जगह लेंगी। समाचार पोर्टल सन.एमवी ने कहा कि भारत में नए राजदूत की नियुक्ति का कदम ऐसे समय उठाया गया है जब यह द्वीपीय देश भारत के साथ अपने संबंधों को सुधारना और मजबूत करना चाहता है। इस खबर में भारत को मालदीव के सबसे करीबी द्विपक्षीय साझेदारों में से एक बताया। यह घटनाक्रम राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की इस महीने की शुरुआत में भारत की पहली राजकीय यात्रा के कुछ दिनों बाद हुआ है। मुइज्जू ने सोमवार को संसद की विदेश संबंध समिति को एक पत्र भेजकर अजीमा की नियुक्ति के लिए संसदीय मंजूरी मांगी।

# इजराइल का आश्वासन, ईरानी परमाणु या तेल संयंत्रों पर नहीं करेगा हमला : अमेरिकी

## अमेरिकी राष्ट्रपति के निर्देश पर लिया गया फैसला, टीएचएएडी के बाद चिंताएं कम

वाशिंगटन, एजेंसी

इजरायल ने बाइडन प्रशासन को आश्वासन दिया है कि वह ईरान के परमाणु या तेल संयंत्रों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिका के दो अधिकारियों ने मंगलवार को यह दावा किया। इस महीने की शुरुआत में ईरान द्वारा किये गए मिसाइल हमले के बाद आशंका है कि इजराइल जवाबी कार्रवाई कर सकता है।

बाइडन प्रशासन का मानना है कि रक्षा प्रणाली अमेरिकी टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस बैटरी (टीएचएएडी) तथा उसे संचालित करने के लिए लगभग 100 सैनिक भेजने से इजराइल की कुछ चिंताएं कम हो गई हैं। पेंटागन ने अप्रैल और अक्टूबर में ईरान द्वारा इजराइल पर किए गए बैलेस्टिक मिसाइल हमलों के बाद इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए टीएचएएडी की तैनाती की रविवार को घोषणा की थी।

उसने कहा था कि राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर यह फैसला किया गया। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने आगाह किया कि इजराइल का आश्वासन पक्का नहीं है और परिस्थितियां बदल सकती हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि अतीत में आश्वासनों को पूरा करने में इजरायल का ट्रैक रिकॉर्ड मिला-जुला रहा है और इस संबंध में अक्सर घरेलू इजराइली राजनीति प्रभावी नजर आयी है जिसने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेरा है। इन अधिकारियों ने अपनी पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर निजी कूटनीतिक चर्चाओं का जिक्र करते हुए यह जानकारी दी।



### रेवॉल्यूशनरी जनरल के जनाजे में पहुंचे शीर्ष नेता

**यरूशलम।** ईरान के शीर्ष नेता मंगलवार को देश के रेवॉल्यूशनरी गार्ड के जनरल के जनाजे में शामिल हुए, जो बेरूत में हिजबुल्ला के नेता हसन नसरल्ला के साथ मारे गए थे। रेवॉल्यूशनरी गार्ड की अभियान शाखा के प्रमुख जनरल इस्माइल कानी की स्थिति के बारे में कई सप्ताह तक अफवाहें फैली रहीं, लेकिन मंगलवार की सुबह इन पर उस समय विराम लग गया, जब तेहरान के मेहराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जनरल अब्बास निलफोरशान का शव लाये जाने पर उन्हें आंसू पोंछते हुए देखा गया।

### संरा सुरक्षा परिषद ने शांति सैनिकों के लिए गंभीर चिंता जताई

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इजराइल द्वारा दक्षिणी लेबनान में युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर गोलीबारी कर उन्हें घायल करने पर गंभीर चिंता व्यक्त की और क्षेत्र में सुरक्षा बनाए रखने में उनकी भूमिका के लिए अपना समर्थन दोहराया। पिछले सप्ताह शांति सेना यूनिफिल के ठिकानों पर इजराइल द्वारा किए हमलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई थी और संयुक्त राष्ट्र के सबसे शक्तिशाली निकाय द्वारा इस हमले के बाद दिया यह पहला बयान है। संयुक्त राष्ट्र शांति सेना प्रमुख ज्यां-मैरी लैक्रोइक्स ने बताया कि महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पुष्टि की है कि शांति सैनिक अपने सभी तैनाती स्थलों पर बने रहेंगे। इजराइल ने लेबनान में जमीनी हमलों के दौरान शांति सैनिकों से उत्तर की ओर जाने का आग्रह किया है। इजराइल, लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ अपने युद्ध को दोनों देशों के बीच संरा द्वारा तय की गई सीमा के उस पार बढ़ा रहा है।

### हिजबुल्लाह ने इजरायली रक्षा बल पर दागे 115 गोले

**बेरूत।** लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजरायल पर 115 गोले दागे हैं। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि हिजबुल्लाह आतंकवादी संगठन द्वारा दागे गए 115 गोले सोमवार को लेबनान से इज़राइल में प्रवेश कर गए हैं। गौरतलब है कि एक अक्टूबर से इजरायल दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्लाह बलों के खिलाफ जमीनी अभियान चला रहा है। शिया आंदोलन के नेताओं सहित दो हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। इजरायल के सैन्य अभियान का मुख्य लक्ष्य देश के उत्तर से 60 हजार निवासियों की वापसी के लिए स्थितियां बनाना है, जिन्हें एक साल पहले फिलिस्तीनी आंदोलन हमास के समर्थन में हिजबुल्लाह द्वारा शुरू की गई गोलाबारी के कारण निकाला देश से छोड़ना पड़ा था।

# उ. कोरिया ने अंतर-कोरियाई सड़कों के कुछ हिस्सों को किया नष्ट

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने मंगलवार को सड़कों के उस उत्तरी हिस्से को नष्ट कर दिया है जो अब उपयोग में नहीं है और कभी उसे दक्षिण कोरिया से जोड़ता था। उसने यह कदम उस दावे के बाद उठाया है कि दक्षिण कोरिया ने उसकी राजधानी प्योंगयांग पर ड्रोन उड़ाए थे जिसके बाद दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच तनाव और बढ़ गया है।

सड़कों को ध्वस्त करना दक्षिण कोरिया की रूढ़िवादी सरकार के खिलाफ उत्तर कोरिया के बढ़ते गुस्से को दिखाता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया के साथ संबंध खत्म करने का आह्वान किया है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने कहा कि सड़कों को विस्फोट के जरिये नष्ट करने के जवाब में दक्षिण कोरियाई सेना ने भी दक्षिणी सीमा पर गोलीबारी की है।

### किम ने की रक्षा और सुरक्षा मामलों पर बैठक

**सोल।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन ने रक्षा और सुरक्षा मामलों को लेकर बैठक की है, जिसमें अन्य मुद्दों के अलावा दक्षिण कोरिया द्वारा उ. कोरिया की संप्रभुता के उल्लंघन पर ध्यान केंद्रित किया गया। उत्तर कोरिया की समाचार एजेंसी केसीएनए ने मंगलवार को रिपोर्ट में बताया कि बैठक में मुख्य खुफिया निदेशालय के प्रमुख की रिपोर्ट सुनी गई, उ. कोरिया की संप्रभुता के खिलाफ गंभीर उकसावे के व्यापक विश्लेषण पर चर्चा की गई।

# अस्पतालों में सुरक्षा संबंधी चिंताओं के आकलन में तेजी लानी चाहिए : न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी



- राष्ट्रीय कार्यबल की धीमी प्रगति पर सुप्रीम कोर्ट ने जताया असंतोष
- 27 अगस्त की बैठक में सिफारिशें तैयार करने को चार उप-समूहों का हुआ था गठन

उच्चतम न्यायालय ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े अन्य पेशेवरों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने के वास्ते प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) की धीमी प्रगति पर मंगलवार को असंतोष जताया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि 27 अगस्त को हुई पहली बैठक में एनटीएफ ने हितधारकों के साथ जुड़ने और चिकित्सा संस्थानों के बुनियादी ढांचे, सुरक्षा प्रणालियों, सभी राज्यों में चिकित्सा पेशेवरों की कामकाज की स्थिति में सुधार और कानूनी ढांचे को मजबूत करने के लिए सिफारिशें तैयार करने के लिए चार उप-समूहों का गठन किया था।

शीर्ष अदालत ने एनटीएफ की ओर से नौ सितंबर के बाद कोई और बैठक नहीं करने पर आश्चर्य व्यक्त किया। पीठ ने कहा कि नौ सितंबर के बाद कार्यबल ने क्या किया? नौ सितंबर के बाद कोई बैठक क्यों नहीं हुई? कोई प्रगति क्यों नहीं हुई? इसे काम में तेजी लानी चाहिए। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एनटीएफ द्वारा अब तक उठाए गए कदमों का विवरण देते हुए एक हलफनामा दायर किया गया था। मेहता ने कहा कि एनटीएफ के कार्य व्यापक प्रतीत होते हैं और उन्होंने बल द्वारा स्वास्थ्य पेशेवरों की समस्याओं के दीर्घकालिक समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अदालत को आश्वासन दिया कि एनटीएफ अपने काम में तेजी लाएगा। कार्यबल के सदस्यों में चिकित्सा सेवा (नौसेना) की महानिदेशक और वाइस एडमिरल आरती सरीन, हैदराबाद स्थित एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी और एआईजी अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डी नागेश्वर रेड्डी, दिल्ली एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास, भी शामिल हैं। अन्य सदस्यों में रोहतक स्थित पंडित बी डी शर्मा चिकित्सा विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनीता सक्सेना हैं जो पूर्व में दिल्ली स्थित एम्स के कार्डियोलॉली विभाग की अध्यक्ष रह चुकी हैं। मुंबई के ग्रांट मेडिकल कॉलेज और सर

# पूर्व भारतीय राजनयिकों बोले- भारत ने कनाडा के खिलाफ सही कदम उठाया

**नई दिल्ली।** कई पूर्व राजनयिकों ने मंगलवार को ओटावा में भारतीय राजनयिकों को सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से जोड़ने के कनाडा के आरोप की आलोचना की और कहा दिल्ली ने जवाब में सही कदम उठाया है।

पूर्व राजदूतों ने कहा कि कनाडा का मिथ्या प्रचार प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की अगले चुनाव में अपनी संभावनाएं बढ़ाने के लिए अपने देश के भीतर कट्टरपंथी तत्वों से समर्थन हासिल करने की दुःसाहस से उपजा है। ओटावा द्वारा निज्जर के मारे जाने की घटना की जांच से भारतीय उच्चायुक्त को जोड़े जाने के बाद पहले से ही खराब भारत-कनाडा संबंधों में भारी गिरावट देखी गई। भारत ने कनाडा के आरोपों को खारिज करते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी और छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया तथा कनाडा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया।

### स्टार्मर ने कानून व्यवस्था के महत्व के मुद्दे को उठाया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के साथ फोन पर बातचीत के दौरान कानून व्यवस्था के महत्व पर जोर दिया। भारत के साथ कनाडा के राजनयिक विवाद के बीच यह बातचीत हुई। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के कार्यालय-सह-आवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट ने यह जानकारी दी। इससे पहले भारत ने छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और सिख चरमपंथी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से अपने राजनयिक को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को खारिज करने के बाद वहां से अपने उच्चायुक्त संजय वर्मा को वापस बुलाने की घोषणा की थी।

# बाहरी ताकतों को बुलाने से एकता के प्रयासों को लगेगा झटका : राजनाथ

**विकाराबाद (तेलंगाना)।** भारत के साथ समुद्री सीमा साझा करने वाले देशों को संदेश देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि समुद्री सुरक्षा एक सामूहिक प्रयास है और बाहरी ताकतों को दहलीज तक आमंत्रित करने से एकता के प्रयासों को झटका लगेगा।

विकाराबाद जिले के दामागुंडम वन क्षेत्र में भारतीय नौसेना के बेहद कम आवृत्ति (वीएलएफ) वाले रडार स्टेशन की आधारशिला रखने के बाद सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र में शांति बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रयास में भारत के मित्र देशों का सहयोग आवश्यक है, क्योंकि यदि एक भी देश छूट गया तो सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत सबको साथ लाने में विश्वास करता है, तोड़ने में नहीं। इसलिए हम मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि वीएलएफ नौसैनिक स्टेशन से जब संचालन हो जाएगा तो यह समुद्री बलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

# एससीओ नेताओं के साथ शरीफ ने की द्विपक्षीय बैठकें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन से इतर विभिन्न एससीओ सदस्य देशों के नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने तथा अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करने के लिए विचारों का आदान-प्रदान किया।

पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ के शासन प्रमुखों की परिषद (सीएचजी) के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। शरीफ ने बेलारूस के प्रधानमंत्री रोमन गोलोवचेंको, तजाकिस्तान के प्रधानमंत्री कोहिर रसूलजोदा और किर्गिस्तान के प्रधानमंत्री अकिलबेक जापारोव के साथ अलग-अलग बैठकें कीं तथा द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।



### हम एससीओ प्रारूप में जुड़े हुए हैं : जयशंकर

**इस्लामाबाद।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर के पाकिस्तान पहुंचने से कुछ घंटे पहले मंगलवार को कहा कि वह इस प्रभावशाली क्षेत्रीय समूह के विभिन्न तंत्रों से सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है। भारत और पाकिस्तान के संबंधों में तनाव के बीच करीब एक दशक में किसी भारतीय विदेश मंत्री की पड़ोसी देश की यह पहली यात्रा है। पाकिस्तान 15 और 16 अक्टूबर को एससीओ शासनाध्यक्षों की परिषद (सीएचजी) की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी कर रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। भारत एससीओ रूपरेखा के भीतर विभिन्न तंत्रों और पहल समेत एससीओ प्रारूप में सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ है।

# छात्रा से दुष्कर्म के खिलाफ आंदोलन पूरे पंजाब प्रांत में फैला

लाहौर, एजेंसी

- लाहौर के कॉलेज में छात्रा से गार्ड ने किया था दुष्कर्म, पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेज में विरोध प्रदर्शन

पाकिस्तान में लाहौर के एक कॉलेज में एक छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना को लेकर बड़ी संख्या में छात्रों ने पंजाब प्रांत की नेशनल असेंबली के बाहर मंगलवार को विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने लाहौर के एक कॉलेज में छात्रा से बलात्कार मामले, पंजाब महिला कॉलेज में उत्पीड़न की घटना और हाल ही में छात्राओं के खिलाफ हुई हिंसा की जांच के लिए एक समिति के गठन की मांग की, जिसमें स्वतंत्र मानवाधिकार निकायों के सदस्य, छात्र प्रतिनिधि और न्यायाधीश शामिल हों।

इस बीच, लाहौर के कॉलेज में छात्रा से कथित दुष्कर्म की घटना के खिलाफ छात्रों का आंदोलन पंजाब प्रांत के अन्य शहरों में भी फैल गया। पंजाब ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के कम से कम चार परिसरों में सोमवार सुबह उस समय विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए, जब सोशल मीडिया पर खबरें आईं कि लाहौर के गुलबर्ग गर्ल्स कॉलेज की एक छात्रा के साथ संस्थान के बेसमेंट में एक सुरक्षा गार्ड ने कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने दावा किया कि संदिग्ध उसकी हिरासत में है, लेकिन उसने पूछताछ के दौरान सभी आरोपों से इनकार किया है। पंजाब प्रांत की सूचना मंत्री उज्मा बुखारी ने दावा किया कि किसी भी कॉलेज के परिसर में बलात्कार की कोई घटना नहीं हुआ है। बुखारी ने कहा, लाहौर और पंजाब को कॉलेज परिसर में बलात्कार की घटना की झूठी खबर फैलाकर निशाना बनाया जा रहा है।

# चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करेगा चीन

**बीजिंग।** चीन ने मंगलवार को कुछ दशकों में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम का विस्तार करने के लिए मानवयुक्त चंद्र मिशन शुरू करने, चंद्र अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण करने और रहने योग्य ग्रहों तथा पृथ्वी के अतिरिक्त अन्य जगहों पर जीवन का पता लगाने की योजना की घोषणा की। देश के शीर्ष अंतरिक्ष निकायों ने अंतरिक्ष विज्ञान के लिए दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम का अनावरण किया, जो 2024 से 2050 तक देश के अंतरिक्ष विज्ञान मिशन और अंतरिक्ष अनुसंधान की योजना का मार्गदर्शन करेगा।

चाइना एकेडमी ऑफ साइंसेज (सीएएस), चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन और चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी द्वारा यहां मीडिया को जारी कार्यक्रम में चीन के अंतरिक्ष विज्ञान लक्ष्यों को रेखांकित किया गया। इसमें पांच प्रमुख वैज्ञानिक विषयों के तहत 17 प्राथमिकता वाले क्षेत्र और तीन चरण वाला प्रारूप शामिल हैं।

अद्भुत दृश्य | इस वर्ष दूसरी बार हुई यह अद्भुत खगोलीय घटना

# दुर्लभ ऑरोरा की रोशनी में जगमगाया मैक्सिको

नैनीताल, अमृत विचार

भूचुम्बकीय सौरतूफ़ानों का असर पृथ्वी के कम अक्षांश वाले क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। हाल ही में निम्न अक्षांश में मैक्सिको में ऑरोरा का आसमान रंग बिरंगी रोशनी में नहाया नजारा आया। यह दुर्लभ खगोलीय घटना इस वर्ष दूसरी बार देखने को मिली हैं।

दरअसल ऑरोरा की रोशनी ध्रुवीय क्षेत्रों में ही नजर आती है। इसकी वजह सूर्य से उठने वाले भूचुम्बकीय सौरतूफ़ान हैं, जो सूर्य की सतह पर होने वाले विस्फोट के साथ उत्पन्न होते हैं। ये तूफान उच्च ऊर्जावान कण साथ लेकर आते हैं और पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के चुम्बकीय क्षेत्रों से टकराते हैं। तब ऑरोरा की रोशनी रंग बिरंगे बादल समान तैरते नजर आते हैं।



मैक्सिको से इस तरस नजर आई ऑरोरा के रंगबिरंगी रोशनी।

मगर इस बार यह 23 डिग्री अक्षांश में भी प्रभाव छोड़ने में कामयाब रहे। इसकी वजह भीषण सौरतूफ़ान हैं, जो पिछले दिनों मैक्सिको तक पहुच गए, जबकि इससे पहले 10 मई को भारत के लदाख क्षेत्र तक आ पहुचे थे। जिसे वैज्ञानियों ने देखा और तस्वीरें भी बनाई। मैक्सिको में ऑरोरा के दृश्य बेहद मनमोहक थे। लाल रंग में समूचा आसमान जगमगा उठा। जिसका वहां स्थानीय लोगों ने भरपुर आनंद उठाया। रेने साडे नामक एस्ट्रोफाटोग्राफर ने माज़ातलान, सिनालोआ के समुद्र तट से ऑरोरा की मनमोहक तस्वीरों को कैमरे में कैद किया। यह स्थान 23 डिग्री उत्तरी अक्षांश पर हैं। इससे पहले 10 मई के महा सौरतूफान के दौरान भी औरोरा देखे गए थे। वैज्ञानिक कहते हैं कि इतने दूर एक साल में दो बार औरोरा देखना अद्भुत है।

### लगातार जारी है सौरतूफानों का उठना

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौरवैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार यह सौरचक्र बेहद सक्रिय हो चला है, जो पिछले कई रिकार्ड तोड़ने में तुला हुआ है। 11 अक्टूबर का सौर तूफान एक्स1.8 का था। जिसने दुर्लभ व बहुत कम अक्षांश वाले अरोरा उत्पन्न किए। अभी सौर सक्रियता का चरम आना शेष है, जो अगले वर्ष देखने को मिलेगा।